@NewsRotary /RotaryNewsIndia

August 2018

रोटरी समाचार

Vol.36, Issue 2 | Price ₹35 | Annual Subscription ₹420

Rotary

With Best compliments from

PDG John Daniel

Secretary, South Asia Reception, Rotary Convention, Toronto

विषयसूची

12 TRF के लिए ₹100 करोड़ का दान!
फाउंडेशन को ₹100 करोड़ का योगदान देकर रोटरी जगत में हलचल मचाने वाले रोटरी क्लब बैंगलोर ओर्चार्ड्स के अध्यक्ष डी रविशंकर के बारे में पढ़िए।

20 टोरंटो में हर तरफ रोटरी
टोरंटो में वार्षिक रोटरी सम्मेलन में शामिल हुए 25,000 से अधिक रोटेरियन।

24 $372.6 मिलियन के साथ TRF नई ऊंचाई पर
टीआरएफ ट्रस्टी चेयर पॉल नेटज़ेल ने दर्शकों के साथ टोरंटो सम्मेलन में किया फाउंडेशन की नयी उपलब्धि का विवरण।

36 त्रिनिदाद, हमिंगबर्ड का देश
कैरिबियन में, वेनेज़ुएला तट से बाहर...त्रिनिदाद की भाषा और जगहों का अन्वेषण करें।

56 जल चक्की - पानी पहुँचाने के कार्य को आसान बनाती है
रोटरी क्लब मुंबई हैंगिंग गार्डन के रोटेरियनों की बदौलत एक गांव तक अब पानी के डिब्बे लेजाना बहुत आसान हो गया है।

64 रंगीन लाख की कारीगरी घट सकती है या खत्म हो सकती है
अभिनव, तकनीक और पारंपरिक कौशल का मिश्रण है जयपुर के लाख शिल्प में।

70 बुरी आदत को कैसे तोड़े!
एक हानिकारक आदत का अभ्यास करना एक छेद में फसने जैसा है; इसे आराम क्षेत्र बनने से रोकें।

72 मन का एक मिलन
किताबें आपको विचारों की दुनिया में तांक-झांक करने देती हैं और यह दुनिया आप और आपके विचारों से अलग होती है।





कवर परः टोरंटो में रोटरी सम्मेलन के उद्घाटन दिवस पर एक मनोरंजन कार्यक्रम।

चित्र : माइक थॉर्न

बढ़िया प्रस्तुतीकरण, समृद्ध सामग्री, लिंग समानता

जुलाई अंक उसके नवीन प्रस्तुतीकरण, कवर पेज और उसकी उल्लेखनीय सामग्री के साथ शानदार है। संपादक का लेख *महिलाओं को समानता, रोटरी के भीतर और बाहर* रोटरी में और अधिक महिला सदस्यों को शामिल किये जाने की आवश्यकता का समुचित रूप से वर्णन करता है।

इस वर्ष की थीम है *प्रेरणा बनिए* और बहामियायी सौजन्यता एवं निर्णायक नेतृत्व के मध्य एक उचित संतुलन स्थापित करने और इस तरह की प्रभावशाली थीम का चयन करने के लिए हम रोई अध्यक्ष बेरी रेसिन के आभारी है।

उनके बारे में सफलता की कहानियाँ प्रभावशाली और अनुकूलनीय है; वह एक दूरदर्शी प्रशासक है और उनके काबिल नेतृत्व के तहत, रोटरी नयी ऊँचाईयों को छूने के लिए बाध्य है।

रशीदा भगत द्वारा लिखा गया लेख *जहाँ महिलाओं को पंख दिए जाते है* में न्यायाधीश स्वाति चवाण, एक रोटरी शांति निर्माता, ने ''तलाकशुदा महिलाओं को सशक्त करने'' हेतु चलाई जा रही एक अभिनव परियोजना पर प्रकाश डाला। निश्चित रूप से, यह परियोजना अन्य क्लबों द्वारा भी दोहराई जा सकती है। अन्य कहानी *स्कूल छोड़ देने वाली लड़कियों के लिए दूसरा मौका* रोटरी क्लब अंकलेश्वर द्वारा चलाई जा रही एक बहुत ही प्रभावशाली और उपयोगी परियोजना है।

अन्य सभी लेख पढ़ने योग्य है। बहुमूल्य लेखों, क्लब रिपोर्टों और स्पष्ट चित्रों के साथ *रोटरी न्यूज़* के मानक स्तर को बरकरार रखने के प्रयासों के लिए संपादक के दल को मेरा अभिवादन।

एम टी फिलिप

रोटरी क्लब त्रिवेंद्रम सबअर्बन - मंडल 3211

कवर पेज की बहुत ही आकर्षक नयी डिज़ाइन के लिए बधाई। यह हमारी रोटरी यात्रा के 114वें वर्ष का स्वागत करने का बहुत ही उत्तम तरीका है। नए रूप के कारण *रोटरी समाचार* बहुत ही उत्साही, बेहतर और अधिक विशिष्ट प्रतीत हो रही है। मुझे यकीन है कि यह विस्तार बहुत ही अद्भुत होने वाला है। इससे हमारे संगठन की सार्वजनिक छवि में वृद्धि जरूर होगी। चलिए कुछ बेहतर करने के लिए स्वयं में नयापन लाना जारी रखें। आपको और आपकी संपूर्ण टीम को सलाम।

डीजी ए वी पथी, मंडल 3201

हालाँकि मैं जुलाई अंक के सभी लेखों से प्रभावित हूँ, फिर भी *संपादक का संदेश* और महिलाओं के सशक्तिकरण पर पुणे की तत्कालीन रोटरी शांति निर्माता न्यायाधीश स्वाति चवाण के साक्षात्कार *(जहाँ महिलाओं को पंख दिए जाते है)* का विशेष उल्लेख किया जाना चाहिए।

हमारा समाज समर्पित और निस्वार्थ महिलाओं की उपस्थिति से धन्य है, जो एक स्थिर और शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए संघर्ष करती है। वे स्वयं को काम और घर दोनों को बखूबी संभालने में सबसे सफल साबित करती है। वे प्रतिभावान है और सारी परिस्थितियों को संतुलित रखती है। रोटरी में, हम ऐसी महिलाओं के अच्छे उदाहरण देख सकते है जिन्होंने हाल ही के वर्षों में मंडल और क्लब नेतृत्व संभाला है। केवल रोटरी में ही नहीं बल्कि

अधिक महिला नेतृत्वकर्ताओं की आवश्यकता

लिंग समानता को प्रोत्साहित करने का आपका प्रयास प्रशंसनीय है। आने वाले वर्षों में हम रोटरी में एक ऐसी स्थिति का अनुभव करेंगे जहाँ नेतृत्व प्रतियोगिता में अधिक महिला मंडल गवर्नर सबका दिल जीत लेंगी। आपका कथन 'महिलाएं लागत के प्रति सचेत होती है' व्यापक रूप से स्वीकार्य है। यह वाकई एक आशाप्रद संकेत है कि महिलाएं बाहर आ रही है और हर क्षेत्र में दिखाई दे रही है। जब एक बार लिंग समानता वास्तविकता बन जाएगी तब समाज में मौजूद अराजकता और अव्यवस्था खत्म हो जाएगी और एक नई वैश्विक व्यवस्था स्थापित की जाएगी। यह किसी काल्पनिक आदर्शवादी व्यक्ति के विचार नहीं है बल्कि सच्चाई और वास्तविकता पर आधारित है।

अरुण कुमार दास

रोटरी क्लब बारीपादा-मंडल 3262

रोटेरियन होने पर गर्व

लेख *रोटरी एक सर्वोत्कृष्ट परोपकारी व्यक्ति को सम्मानित करता है* (जून अंक), में मैं PRIP कल्याण बेनर्जी के ''एक कथन को पढ़कर चकित था, जो था एक इतालवी रोटेरियन ने कच्छ में आए भयानक भूकंप से हुई तबाही के बाद राहत कार्यों के लिए तुरंत 1 मिलियन डॉलर का चेक दिया था। उसने कभी मुझसे नहीं पूछा कि उसके पैसे का किस तरह इस्तेमाल किया गया ना ही वह कभी भारत आया।

अन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं और उनके कौशलों पर नियमित रूप से शानदार लेखों को प्रस्तुत करने के लिए संपादक का धन्यवाद।

आर श्रीनिवासन

रोटरी क्लब मदुरई मिडटाउन - मंडल 3000

न्यायाधीश स्वाति चवाण के साथ साक्षात्कार बहुत ही प्रभावशाली, निर्देशक और प्रेरणादायक था। समाज की परित्यक्त और तलाकशुदा महिलाओं की समस्यायों को न्यायाधीश स्पष्ट रूप से समझाती है। मुख्य समस्या भरण-पोषण दिए जाने के आदेश को लागू करवाने की है। उन्होंने बताया कि पुरुष जेल जाने को भी तैयार होते है लेकिन वे अपनी तलाकशुदा पत्नियों को भरण-पोषण की राशी देना नहीं चाहते। इस संदर्भ में, किसी लाभप्रद रोजगार में तलाकशुदा महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए स्वयं सिद्ध की अभिनव परियोजना निश्चित रूप से एक स्वतंत्र और शांतिपूर्ण जीवन जीने में उनकी मदद करेगी। भारत भर के रोटरी क्लबों को तलाकशुदा महिलाओं के लिए इस व्यावहारिक परियोजना में भाग लेने हेतु आगे आना चाहिए जिसका सुझाव PRIP कल्याण बेनर्जी द्वारा एक बैठक में दिया गया था।

एस लक्ष्मणन

रोटरी क्लब अम्बासमुद्रम - मंडल 3212

और मंडलों में की गई रोटरी परियोजनाओं की सूची के साथ एक पत्रिका को लाने के लिए मैं आपकी और आपके सम्पादकीय दल की प्रशंसा करता हूँ। जब भी मुझे हर माह की 10 तारिख को पत्रिका मिलती है, तो इसे पढ़ने से खुद को रोक पाना असंभव होता है क्योंकि अधिकतर लेख आकर्षक और दिलचस्प होते है। आपको और आपके दल को सलाम।

निपुण पटेल

रोटरी क्लब कांकरिया अहमदाबाद - मंडल 3054

एक परियोजना दोहराई जाएगी

मंडी का रोटरी क्लब हमारी पत्तल परियोजना की कहानी *(महिलाओं की आजीविका में सुधार)* प्रकाशित करने के लिए आपका आभारी है। यह कहानी किरण ज़ेहरा द्वारा बहुत ही बढ़िया ढंग से पेश की गई जिन्होंने इसमें हिमाचल प्रदेश में हाल ही में प्लास्टिक और थर्मोकोल की प्लेटों पर लगाए गए प्रतिबंध को शामिल किया और ठउउ घरवासरा के सदस्यों का साक्षात्कार भी लिया। उन्होंने इस लेख में यह भी बहुत अच्छे से समझाया है कि इन पर्यावरण अनुकूल पत्तलों के स्वास्थ्य लाभ भी है। अब मुझसे मेरे मंडल के कई क्लबों ने इस परियोजना का विवरण देने का अनुरोध किया गया है ताकि वे अपने समुदाय में ऐसी ही परियोजना शुरू कर सकें।

सुरेंदर मोहन

रोटरी क्लब मांडी - मंडल 3070

रोई अध्यक्ष और रोई निदेशक का सन्देश वाकई प्रेरणादायक है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सभी रोटेरियन रोटरी में सभी प्रकार के सेवा मार्गों पर योगदान देने के लिए नए सदस्यों और मौजूदा सदस्यों को प्रेरित करने हेतु बाध्य है और उन्हें ऐसा करना भी चाहिए। क्लब अध्यक्षों को आगे आकर नेतृत्व करना चाहिए। पीटर ड्रकर, आधुनिक प्रबंधन के जनक, ने एक बार कहा था: ''सफलता का रहस्य एक प्रतिशत प्रेरणा और 99 प्रतिशत पसीना है।'' इसलिए, रोटेरियनों की पूरी सेना को किसी कार्य में सक्रिय होने के लिए किसी से प्रेरित किये जाने की प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए, बल्कि उन्हें अग्रसक्रिय रूप से अभी कार्य शुरू करना चाहिए और हमेशा के लिए जारी रखना चाहिए।

डॉ एन आर यू के करथा

रोटरी क्लब त्रिवेंद्रम सबअर्बन - मंडल 3211

सामाजिक मीडिया पर रोटरी को बढ़ावा दें

रोटेरियन होने के नाते, हम सभी के पास हमारे क्लबों द्वारा हमारे समुदायों में किये गए कार्य के बारे में सैकड़ों कहानियाँ है। यह समय सभी क्लबों द्वारा सामाजिक मीडिया का इस्तेमाल करके रोटरी क्लबों के तंत्र के परे अच्छी खबरों को विस्तारित करने का है।

सामाजिक मीडिया ने लोगों के दोस्तों, परिवार और परिचितों से जुड़ने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव किया है। इसलिए, क्लबों को उनकी परियोजनाओं और कार्यक्रमों को गैर-रोटरी साइटों और नेटवर्किंग समूहों पर अच्छी तस्वीरों और विवरणों के साथ पोस्ट करना चाहिए। इस प्रकार एक क्लब समाज में रोटरी की एक प्रभावशाली सकारात्मक सार्वजनिक छवि बना सकता है।

आर मुरली कृष्णा

रोटरी क्लब बेरहामपुर - मंडल 3262

ऐसा केवल रोटरी में ही हो सकता है।'' रोटेरियन होना वाकई एक सम्मान की बात है।

एन जगथीसन, रोटरी क्लब एलुरु - मंडल 3020

विश्व स्तरीय सामग्री

मैं 2010 से एक रोटेरियन और *रोटरी समाचार* का नियमित पाठक हूँ। विश्व स्तरीय विषय वस्तु, लेख

संस्थान के लिए ₹100 करोड़

हरा बिल्डर्स के रोटेरियन डी रविशंकर, रोटरी क्लब बैंगलोर ऑर्चर्डस, मंडल 3190, के अध्यक्ष, ने रोटरी संस्थान को ₹100 करोड़ दान दिए है। एक अच्छे कारण के लिए उनके इस विशाल दान को सलाम जिससे TRF को एक बेहतर दुनिया के लिए कार्य करने हेतु मदद मिलेगी।

हसमुख पटेल, रोटरी क्लब पुणे वेस्टएंड - मंडल 3131

अपने विचार संपादक को भेजें: rotarynews@rosaonline.org; rushbhagat@gmail.com **पर ई-मेल करें।**

Governors Council

RI Dist 2981	DG	S Piraiyon
RI Dist 2982	DG	Nirmal Prakash A
RI Dist 3000	DG	RVN Kannan
RI Dist 3011	DG	Vinay Bhatia
RI Dist 3012	DG	Subhash Jain
RI Dist 3020	DG	Guddati Viswanadh
RI Dist 3030	DG	Rajiv Sharma
RI Dist 3040	DG	Gustad Anklesaria
RI Dist 3053	DG	Priyesh Bhandari
RI Dist 3054	DG	Neeraj Sogani
RI Dist 3060	DG	Pinky Patel
RI Dist 3070	DG	Barjesh Singhal
RI Dist 3080	DG	Praveen Chander Goyal
RI Dist 3090	DG	Dr Vishwa Bandhu Dixit
RI Dist 3100	DG	Deepak Jain
RI Dist 3110	DG	Arun Kumar Jain
RI Dist 3120	DG	Stuti Agrawal
RI Dist 3131	DG	Dr Shailesh Palekar
RI Dist 3132	DG	Vishnu S Mondhe
RI Dist 3141	DG	Shashi Sharma
RI Dist 3142	DG	Dr Ashes Ganguly
RI Dist 3150	DG	Ramesh Vangala
RI Dist 3160	DG	Konidala Muni Girish
RI Dist 3170	DG	Ravikiran Janradan Kulkarni
RI Dist 3181	DG	Rohinath P
RI Dist 3182	DG	Abhinandan A Shetty
RI Dist 3190	DG	Suresh Hari S
RI Dist 3201	DG	A Venkatachalapathy
RI Dist 3202	DG	Dr E K Ummer
RI Dist 3211	DG	E K Luke
RI Dist 3212	DG	K Raja Gopalan
RI Dist 3231	DG	C R Chandra Bob
RI Dist 3232	DG	Babu Peram
RI Dist 3240	DG	Dr Sayantan Gupta
RI Dist 3250	DG	Kumar Prasad Sinha
RI Dist 3261	DG	Nikhilesh M Trivedi
RI Dist 3262	DG	Bhabani Prasad Chowdhury
RI Dist 3291	DG	Mukul Sinha

Board of Permanent Trustees & Executive Committee

PRIP	Rajendra K Saboo	RI Dist 3080
PRIP	Kalyan Banerjee	RI Dist 3060
PRID	Sudarshan Agarwal	RI Dist 3011
PRID	Panduranga Setty	RI Dist 3190
PRID	Sushil Gupta	RI Dist 3011
PRID	Ashok Mahajan	RI Dist 3141
PRID	Yash Pal Das	RI Dist 3080
PRID	Shekhar Mehta	RI Dist 3291
PRID	P T Prabhakhar	RI Dist 3232
PRID	Dr Manoj D Desai	RI Dist 3060
RID	C Basker	RI Dist 3000
TRF Trustee	Gulam A Vahanvaty	RI Dist 3141
RIDE	Dr Bharat Pandya	RI Dist 3141
RIDE	Kamal Sanghvi	RI Dist 3250

Executive Committee Members (2018–19)

DG Rajiv Sharma Chair – Governors Council	RI Dist 3030
DG Pinky Patel Secretary – Governors Council	RI Dist 3060
DG Subhash Jain Secretary – Executive Committee	RI Dist 3012
DG A Venkatachalapathy Treasurer – Executive Committee	RI Dist 3201
DG Shashi Sharma Member – Advisory Committee	RI Dist 3141

ROTARY NEWS / ROTARY SAMACHAR

Editor
Rasheeda Bhagat

Senior Assistant Editor
Jaishree Padmanabhan

Send all correspondence and subscriptions to

ROTARY NEWS TRUST
3rd Floor, Dugar Towers, 34 Marshalls Road, Egmore
Chennai 600 008, India. Phone : 044 42145666
e-mail: rotarynews@rosaonline.org
Website : www.rotarynewsonline.org

Printed by P T Prabhakar at Rasi Graphics Pvt Ltd, 40, Peters Road, Royapettah, Chennai - 600 014, India, and published by P T Prabhakar on behalf of Rotary News Trust from Dugar Towers, 3rd Flr, 34, Marshalls Road, Egmore, Chennai 600 008. Editor: Rasheeda Bhagat.

The views expressed by contributors are not necessarily those of the Editor or Trustees of Rotary News Trust (RNT) or Rotary International (RI). No liability can be accepted for any loss arising from editorial or advertisement content. Contributions – original content – is welcome but the Editor reserves the right to edit for clarity or length. Content can be reproduced, but with permission from RNT.

संपादक
का संदेश

दिल टूटने का और उदारता का मौसम

यह मौसम दिल टूटने का रहा, साथ ही उदारता का और आत्मा की विजय का भी। चलिए पहले FIFA विश्व कप या रूस 2018 से ले कर प्रतिष्ठित विंबलडन में दिल टूटने की बात करते हैं, जहां दो सैट से आगे चल रहे टेनिस के राजा रोजर फेडरर तीसरे सैट में मैच पॉइंट पर पहुँच कर दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी केविन एंडरसन से मात खा बैठे और सनसनीखेज तरीके से टूर्नामेंट से बाहर हो गए। आज तक फेडरर ने विंबलडन में मैच प्वाइंट पर पहुँचने के बाद कभी भी मैच नहीं हारा, लेकिन अंत में प्रतिद्वंद्वी के विश्वास की शक्ति की जीत हुई । बाद में एंडरसन ने कहा, "मैं जूझता रहा और अपनेआप पर भरोसा बनाये रखा। मैं खुद से कहता रहा कि आज का दिन मेरा दिन है।"

जैसा कि ट्विटर पर किसी ने लिखा था, चाहे फेडरर हार गया क्योंकि वह ङ्कसुरक्षित, सख्त तरीके से टेनिस खेल रहा था, या उसकी फॉर्म चली गयी या फिर उसका आत्मविश्वास या उसकी पीठङ्क ये हम कभी नहीं जान पाएंगे। चूंकि जीत सार्वजनिक रूप से मनाई जाती है, विफलता हमेशा व्यक्तिगत रूप में परिलक्षित होती है।

रूस में, इतनी सारी कहानियां सामने आईं ... विजय की और दिल टूटने की। क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी जैसे फुटबॉल दिग्गजों ने अपनी अपनी टीमों को निराश किया वो भी तब जब उनके कौशल और निपुणता की आवश्यकता सबसे अधिक थी। दोनों ने महत्वपूर्ण पेनल्टी शॉट्स गंवाए वहीं दुर्जेय मेस्सी ने पूरे टूर्नामेंट में केवल एक गोल किया। वहीं शक्तिशाली अर्जेंटिना के साथ-साथ ब्राजील, पुर्तगाल और यहां तक कि स्पेन भी शुरुआती दौर में ही बाहर हो गए थे। सुना है मेस्सी अपने निराशाजनक प्रदर्शन के बाद संन्यास लेने का विचार कर रहे हैं।

परन्तु श्रेष्ठता तो अलग ही धातु की बनी होती है। उदाहरण के लिए फेडरर को ही लें। 3 मई, 2016 को, एक स्तंभ में "क्यों रोजर फेडरर एक और ग्रैंड स्लैम कभी नहीं जीत पाएगा," यूके के दैनिक अखबार *द टेलीग्राफ* ने विश्वसनीय तर्क - बढ़ती उम्र, घुटने और पीठ की चोटों, और युवा टेनिस खिलाड़ियों की बेहतर शारीरिक क्षमता आदि के आधार पर - यह निष्कर्ष निकाला : बहुत सम्भव है फेडरर संन्यास लेने से पहले अपने करियर को 17 स्लैम के साथ समाप्त कर देगा। इसके बावजूद, जनवरी 2018 में प्रसिद्ध फेडरर ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना 20 वां ग्रैंड स्लैम जीत लिया, जहां एक और टेनिस दिग्गज रॉड लेवर ने उनकी जीतने के बाद रोते हुए तस्वीर खींची थी!

अहंकार विहीन होना ही फेडरर को इतना लोकप्रिय बनाता है, और रोटरी में भी प्रचुर मात्रा में है। हाल ही में मैंने एक रोटेरियन के साथ मुलाक़ात की जो स्वयं को मामूली आदमी और औसत से कम बुद्धि वाला बताता है। और वो हैं रोटरी क्लब बैंगलोर ऑर्चर्ड्स के अध्यक्ष डी रविशंकर, जिन्होंने TRF के लिए ₹100 करोड़ (लगभग 14.7 मिलियन डॉलर) दान देने की घोषणा कर समस्त रोटरी विश्व को स्तब्ध कर दिया। डीजी सुरेश हरि के बैच के साथी उनसे मज़ाक में कहते हैं, अपने मंडल के लक्ष्य की छोडो, इस उदारता ने तो इस वर्ष का भारत के आधे से अधिक का TRF लक्ष्य प्राप्त कर लिया है, रविशंकर पूरी तरह से शांत हैं। परोपकार जैसे शब्दों को "बड़े शब्दों" के रूप में खारिज करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि "मैंने अपना पैसा समाज को दिया है जिसे मैं अपने पिता के समान मानता हूं, जिन्हें मैंने कक्षा 4 में खो दिया था," वह उन कठोर परिस्थितियों का वर्णन करते हैं जिसमें वे पले बढ़े। और उन असंख्य तरीकों के बारे में भी जिसके द्वारा विभिन्न लोगों ने उनकी मदद की - एक भूखे बच्चे को भोजन देने से लेकर, बिना किसी रिश्वत के सरकारी मंजूरी प्राप्त करने तक। इस अंक में उनकी कहानी पढ़ें और इस आदमी की विनम्रता से विस्मित होने के लिए तैयार रहें। जो चुटकियों में, अपने सपनों को पूरा करने के लिए ₹100 करोड़ दे सकते हैं ... स्कूल बनाने, स्वच्छता और स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए, वंचित बच्चों की देखभाल, न केवल भारत बल्कि ग्रामीण पाकिस्तान के एक स्कूल में भी "क्योंकि विभाजन के पहले तक हम सभी लोग एक ही तो थे।"

रशीदा भगत

अध्यक्ष
की ज़बानी



मज़बूत संगठन की शुरुआत घर से करें

BE THE INSPIRATION

प्रिय साथी रोटेरियनों,

एक प्रसिद्ध कहावत है, ''अगर आप दुनिया बदलना चाहते है, तो घर जाइए और अपने परिवार से प्रेम कीजिए।'' इसका यह मतलब नहीं है कि लोगों को अपने घर के बाहर की जरूरतों को अनदेखा करना चाहिए; इसके बजाए, उन्हें आतंरिक जरुरतों पर ध्यान देना चाहिए।

यह आकर्षक हो सकता है, जब हमारी प्राथमिकता सेवा हो, कि हम केवल उन चीज़ों पर ध्यान केन्द्रित करें जो सेवा की तरह ही नजर आती हो: परियोजनाएं, योजनाएं, ऐसा कार्य जो उन लोगों को प्रत्यक्ष लाभ प्रदान करें जिन्हें उसकी जरुरत है। लेकिन उस कार्य को प्रभावी रूप से करने के लिए, हमें अपने घर को व्यवस्थित रखने की आवश्यकता है। रोटरी में, इसका मतलब है स्वयं को रोटरी के सिद्धांतों के अनुसार चलाना, दूसरों से सम्मानित व्यव्हार करना, और चार मार्ग परीक्षण का पालन करना। इसका अर्थ है सावधानीपूर्वक योजना बनाकर एवं हमारे संसाधनों का विवेकपूर्ण ढंग से प्रबंधन करके हमारे प्रभाव को अधिकतम करना। और इसका मतलब है हमारी सदस्यता की मजबूती, व्यस्तता, और स्वास्थ्य सुनिश्चित करके हमारे संस्थान के दीर्घकालिक स्वास्थ्य की देखभाल करना।

हमारी सदस्यता 20 सालों से उसी 1.2 मिलियन के स्तर के आसपास झूल रही है। हम बढ़ नहीं रहे है, और हमारी सदस्यता बूढ़ी हो रही है। हमारे पास अनेक क्लब है जिनके पास एक प्रभाव को जन्म देने का ज्ञान या प्रेरणा नहीं है: क्लब जो नहीं जानते कि वैश्विक स्तर पर हम क्या कर रहे है, क्लब जो हमारे कार्यक्रमों या हमारे संस्थान के बारे में नहीं जानते, जो यह तक नहीं जानते कि शामिल कैसे होना है। और एक ऐसी सदस्यता के साथ जिसमें अधिकतर पुरुष है, हम स्पष्ट रूप से उन महिलाओं की पसंद का संगठन बनने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहे है जो सेवा करने के अवसरों की तलाश में है।

हम पहले एक सदस्यता संगठन है। अगर हम उन लक्ष्यों को प्राप्त करना चाहते है जो हमने अपने लिए निर्धारित किये है, तो हमें सदस्यता को पहले नंबर पर रखना होगा। सदस्यता को गंभीरता से लेने की जिम्मेदारी हम सभी की है, केवल भावी सदस्यों को आमंत्रित करके ही नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करके भी कि नए सदस्यों का उन क्लबों में स्वागत किया जाए जो उन्हें कुछ मूल्यवान दे रहे हो। यदि आप किसी को बैठक में आते देखते है और वह हिचकिचा रहा हो, तो सुनिश्चित करें कि उस व्यक्ति के लिए बैठने की जगह हो और वह चर्चा का हिस्सा बनें। अगर आप किसी रोटरी कार्यक्रम को लेकर उत्साहित है, तो सुनिश्चित करें कि आपके क्लब को इसके बारे में पता हो और वह जानता हो कि इसमें शामिल कैसे होना है। अगर आपको आपके समुदाय में कोई जरूरत दिखाई देती हो, तो इस सप्ताह की बैठक में उसके बारे में बात करें। अगर हम किसी ऐसे संगठन का हिस्सा बनना चाहते है जो मजबूत हो, सक्रिय हो, जिसका प्रभाव पड़ रहा हो - घर से शुरुआत कीजिए, और रोटरी में *प्रेरणा बनिए*।

बेरी रेसिन

अध्यक्ष, रोटरी इंटरनेशनल

रो ई निदेशक
का संदेश

अपने सदस्यों को संयुक्त रखें

प्रिय रोटेरियनों,

मेरे कॉलेज के दिनों की एक ज्वलंत स्मृति '30 दिन की किताब' है, जो तब बहुत लोकप्रिय थी, यह एक साधारण सिद्धांत पर काम करता था - कोई 30 दिनों के भीतर किसी भी भाषा को सीख सकता है। मुझे अब आपको याद दिलाना होगा कि हमारे चल रहे रोटरी वर्ष का एक महीना चला गया है और हमारे पास सिर्फ 11 महीने शेष हैं। कवि रॉबर्ट फ्रॉस्ट को उद्धृत करने के लिए *"I have miles to go before I sleep"* बहुत कुछ करने की जरूरत है और समय थमता नहीं है। क्लब के अध्यक्ष स्थापना कार्यों के दौरान कई क्लबों ने नए सदस्यों को शामिल किया होगा। हमारा प्रभाव हमारे सदस्यों के साथ शुरू होता है-वे लोग जो अपने क्लबों के साथ ईमानदारी से काम करते हैं ताकि हमारे कुछ समुदायों की तत्काल चुनौतियों का समाधान हो सके।

विविधता नवाचार का स्रोत है, साथ ही साथ रोटरी के मूल मूल्यों में से एक है। विभिन्न पृष्ठभूमि, जातीयताओं और संस्कृतियों के सदस्य होने से हमारा क्लब समुदाय, इसकी चुनौतियों और संभावित समाधानों की व्यापक समझ देता हैं। विकास के अलावा, हमें प्रतिधारण पर काम करने की आवश्यकता है। रोटरी इंटरनेशनल ने अपने क्लब छोड़ने के कारणों पर वैश्विक स्तर पर व्यापक शोध किया है। नतीजा: जो सदस्य पहले वर्ष के भीतर जाते हैं वे ऐसा करते हैं क्योंकि शामिल होने से पहले रोटरी के बारे में पूरी तरह से शिक्षित या पूरी तरह से शिक्षित नहीं होने से पहले उन्हें सदस्यता की जिम्मेदारियों के बारे में पूरी तरह से सूचित नहीं किया गया था।

मैंने अपने लिए प्रसिद्ध क्लबों में देखा है, प्रतिधारण दर अधिक है, क्योंकि सदस्यों को मूल्यवान लगता है क्योंकि उन्हें लगता है कि उनके योगदान में कोई फर्क पड़ता है। ये क्लब नियमित वर्गीकरण आकलन करते हैं जो नए वर्गीकरण की तलाश में हैं जो अपने संबंधित शहरों में आर्थिक और औद्योगिक विकास से बाहर आते हैं। शायद साठ के दशक की शुरुआत में कोई कंप्यूटर और IT सेवाएं संबंधित वर्गीकरण नहीं थीं। उस समय IBM और ICL ने देश में प्रवेश किया था और वह ''डेटा प्रोसेसिंग'' नामक वर्गीकरण की शुरुआत थी। आज हर हफ्ते नए वर्गीकरण विभिन्न क्षेत्रों में उद्योग, व्यापार और प्रौद्योगिकी के विस्तार के साथ खुलते हैं।

प्रतिधारण की सफलता न केवल सदस्यों को बनाए रखना और उन्हें शामिल करना है। सदस्यता प्रतिधारण उन सदस्यों को शामिल करता है जो क्लब के बारे में हर दिन शामिल होते हैं और उत्साहित होते हैं। दो महीने में कम से कम एक बार योजना कार्यक्रम जहां क्लब के सदस्य एक अनौपचारिक माहौल में एक दूसरे के साथ बातचीत करते हैं और सकारात्मक गतिशीलता का निर्माण शुरू करते हैं। इस अभ्यास से रोटेरियन की एक सफल टीम बन जाएगी जो एक दूसरे की ताकत और कमजोरियों को अच्छी तरह से जानता है और एक-दूसरे का समर्थन कर सकता है।

आइए उन साथी रोटेरियन से उन लोगों की पहचान करने का अनुरोध करें जिन्हें वे अपने स्थानीय समुदायों में जानते हैं जो क्लब में संपत्ति होगी - सदस्यता वृद्धि में एक महत्वपूर्ण कदम है। दूसरों को संभावित सदस्यों को क्लब मीटिंग्स, सर्विस प्रोजेक्ट्स और सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित करने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे देख सकें कि आपका क्लब समुदाय की मदद कैसे करता है और कनेक्शन और दोस्ती बनाने के अवसर प्रदान करता है।

रोटरी इतिहास बना रहा है और 113 से अधिक वर्षों से हमारी दुनिया को एक साथ ला रहा है। यह मानवता की सेवा करने और दुनिया में शांति लाने के लिए रोटरी के आचार है, विरोधियों को अलविदा कहें और रोटरी को ''रोटरी में सदस्य रखना और सदस्य में रोटरी रखना'' को मजबूत करना।

प्रेरणा बनें, रोटेरियन से एक-दूसरे को प्रेरित करने और दुनिया को बदलने के लिए कहें।

सी भास्कर
निदेशक, रोटरी इंटरनेशनल

फाउंडेशन न्यासी
अध्यक्ष का संदेश



आप के फाउंडेशन को आपकी ज़रूरत है

रोटरी फाउंडेशन के एंडॉवमेंट फंड के बिना, हमारे प्रयासों का कोई महत्त्व नहीं होगा। एंडॉवमेंट संपूर्ण विश्व में रोटरी के प्रयासों का मेरूदंड है, जो सकरात्मक अंतर लाने के लिए आवश्यक समय, प्रतिभा और संसाधनों तक पहुंच प्रदान करता है। हमारा लक्ष्य वर्ष 2025 तक एंडॉवमेंट फंड को 2.025 बिलियन डॉलर तक बढ़ाना है और इस वर्ष के 380 मिलियन राशि प्राप्त करने का लक्ष्य निश्चित रूप से हमारी संस्था के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक हैं।

आपके वित्तीय सहयोग ने प्रत्येक कार्य को संभव बनाया है जिसे रोटरी ने पिछले कुछ वर्षों में मूर्त रूप दिया है। लेकिन समान रूप से क्या आवश्यक है - और कभी-कभी इसके अनदेखा होने का खतरा भी हो सकता है - वह है आपकी भागीदारी।

आपकी भागीदारी के बिना, रोटरी कुछ भी नहीं है। फाउंडेशन को आपकी उपस्थिति, विचारों, और आपके रचनात्मक सोच की उतनी ही आवश्यकता है जितनी कि उसे आपके उदार वित्तीय सहायता की आवश्यकता है। आपके रोटरी क्लब में आपको बैठकों में उपस्थित होने की जरूरत है - लेकिन केवल कुर्सी भरने के लिए नहीं, बल्कि प्रोत्साहित करने के लिए, जोड़ने और प्रेरित करने के लिए।

पिछले महीने मैंने साझा किया था कि रोटरी के साथ मेरा संबंध कैसे बदल गया था जब मैं उत्साहहीन रूप से (अधिक से अधिक) कुर्सी पर बैठे रहने से आगे बढ़ते हुए समिति के अध्यक्ष तक जा पहुँचा जो प्रवृत्त होने के साथ-साथ केंद्रित थे। आपको अपनी रोटरी यात्रा को बदलने के लिए किसी समिति की अध्यक्षता करने या क्लब का अधिकारी बनने के लिए किसी के कहने के प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है। आगे बढ़ने और कार्य करते हुए अपना स्थान बनाने के लिए रोटरी में आप सभी के लिए जगह है।

लगे रहें। मंडल नामित निधि के लिए अर्हता प्राप्त करने वाली सेवा परियोजनाओं पर अपने क्लब के साथ कार्य करना एक वास्तविक अंतर बनाने के लिए भाग लेने और अपनी आवाज का उपयोग करने की एक विधि है। यदि आपके क्लब में कोई सेवा परियोजना नहीं है जिसमें आपकी रूचि हैं, तो कुछ नए लोगों के साथ नई परियोजना प्राप्त करने के लिए कार्य करें। सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए हम अपने संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग कैसे कर सकते हैं, इसके बारे में अधिक जानकारी प्राप्त के लिए सामुदायिक आकलन करें।

इस महीने, मैं आपको रोटरी के साथ अपनी भागीदारी के बारे में सोचने के तरीके को बदलने के लिए आमंत्रित करता हूँ। प्रत्येक बैठक को अपनी ऊर्जा के लिए नए स्रोतों की खोज करने और एक बेहतर दुनिया के लिए एक साथ कैसे काम कर सकते हैं, इस बारे में समान विचारों वाले रोटेरियन के साथ विचार मंथन करें।

रॉन डी बर्टन
फाउंडेशन न्यासी अध्यक्ष

खरीदारी और कैफे

गुन्डुला मीथके

पिछले 15 वर्षों में, संपूर्ण हैम्बर्ग में कैफे और फैशनेबल दुकानें खुल चुका है। जब आप 1 से 5 से जून तक 2019 रोटरी इंटरनेशनल कन्वेंशन में भाग लेते हैं, तो शहर द्वारा ऑफर किए जा रहे वस्तुओं का अनुभव करने के लिए थोड़ा समय व्यतीत करें।

एक गर्मी भरे दिन में, अलस्टर क्लिफ के डेक पर बाहरी अल्स्टर लेक (औसेनलस्टर) के तटों पर नाश्ते करते हुए शुरू करें, जो शानदार दृश्यों वाला कैफे है। 'समुद्रतट', छोटे झींगे के साथ टॉप किए हुए डार्क रे ब्रेड का आनंद उठाएं।

यहां से आप पोसेलडोर्फ पड़ोस में जा सकते हैं, जिसमें आरामदेह रेस्तरां, कला दीर्घाएं, प्राचीन दुकानें और उच्च स्तरीय बुटीक हैं। या फिर स्टीमबोट लें जो फैर्ह्म डॉक से हर घंटे जुन्फेर्नस्टीग के लिए रवाना होती है, यह शहर के बीचों-बीच एक ऐतिहासिक लेकसाइड बुलवार्ड है।

जुन्फेर्नस्टीग और आस-पास की सड़कों पर, आप अनेक कैफे में से किसी एक में स्नैक्स का स्वाद लेते हुए लोगों को निहारने का लुफ्त उठा सकते हैं। वहाँ आपको चॉकलेटरीलेसेफर जैसे पारिवारिक व्यवसायों के साथ-साथ आपको ऐप्पल, हर्मेस और गुची जैसे अंतरराष्ट्रीय स्टोर मिलेंगे। सुनिश्चित करें कि आप लेवांटेहाउस नामक पारंपरिक ब्रिक मॉल के अंदर, टेडी बियर निर्माता स्टीफ का दौरा करते हैं, और मशहूर शिल्पकारहादी तिहेरानी द्वारा डिजाइन किए गए स्टाइलिश यूरोपा पैसेज को देखने का लुफ्त उठाते हैं।

वैकल्पिक फैशन और डिजाइन के लिए, करोलिनेंविर्टेल का दौरा करें, जो युवा स्थानीय डिजाइनरों द्वारा संचालित स्टूडियो और दुकानों के साथ एक जीवंत कलाओं के लिए प्रसिद्ध स्थल है। ग्रेटचेन्स विला में जर्मन-शैली के चीजकेक का लुफ्त उठाएं।

2019 HAMBURG

riconvention.org **पर हैम्बर्ग में 2019 रोटरी सम्मेलन में शामिल होने के लिए पंजीकरण कराएं।**

रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय से संदेश

रोटरी इंटरनेशनल दक्षिण एशिया कार्यालय, पुल्मैन/नोवोटेल कमर्शियल टॉवर,
प्रथम तल, एसेट न. 2, आतिथ्य मंडल, एरोसिटी (आईजीआई हवाई अड्डे के निकट), नई दिल्ली 110037

- सभी क्लब एवं मंडल अधिकारियों से निवेदन है कि वे *My Rotary* के माध्यम से अपनी ईमेल आईडी अपडेट करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी जरूरी संदेश उन्हें प्राप्त हो रहे है।

- क्लब एवं मंडलों के कार्यों, जैसे क्लब/अधिकारी/सदस्य डेटा को अपडेट करना; रिपोर्टों को तैयार करना; शुल्कों का भुगतान करना; योगदान जानकारी को देखना; किसी क्लब को अधिकृत करना, को करने के लिए क्लब एवं मंडल अधिकारी *https://my.rotary.org/en/manage/club-district-administration/club-administration* पर जाकर एप्लिकेशन, फॉर्म्स और दस्तावेजों को एक्सेस कर सकते है।

- रोटरी संस्थान (भारत) ने 26 कॉर्पोरेटों के साथ साझेदारी की है और अक्टूबर 2016 से जब से इसने भारत में अपने कार्यक्रमों के कार्यान्वियन हेतु CSR फंड प्राप्त करने के लिए अपने दरवाजे खोले, तब से इसे 1.36 मिलियन डॉलर का णड प्राप्त हो चुका है। रोटरी वर्ष 2017-18 में, RF(1) को 19 कॉर्पोरेटों से णड 0.93 मिलियन की CSR निधि प्राप्त हुई है; जिसमें निम्न तीन पुनः बड़े दानकर्ता रहे:

  - जेस्टेंप ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (मंडल 3131)
  - एयरएफ इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड (मंडल 3012)
  - नैनी ग्रुप (मंडल 3110)

- ## प्रशिक्षण संसाधन

  क्या आपको एक प्रशिक्षण बैठक के आयोजन के लिए मदद चाहिए? रोई की वेबसाइट *(https://my.rotary.org/en/learning-reference/learn-role/trainers)* का फॉर ट्रेनर्स खण्ड, बैठक, रोटेरियनों के प्रशिक्षण, वेब कॉन्फ्रेंसिंग और क्लब प्रशिक्षक की भूमिका पर विस्तृत जानकारी प्रदान करता है। इस पृष्ठ में बहुत से संबंधित संसाधन है, जैसे परीक्षण सूची और वर्कशीट जो कि ऑनलाइन प्रशिक्षण की तैयारी में मदद कर सकते है।

- ## सदस्यता विवरण एवं अन्य सूचना पत्र

  सदस्यता विवरण सूचना पत्र ईमेल के माध्यम से आता है, और वह संसाधन, उपकरण और सदस्यता विकास विचारों पर जानकारी प्रदान करता है। इसमें रोटरी सदस्यता पर नवीनतम जानकारी, काबिल एवं समर्पित रोटरी क्लब सदस्यों को ढूंढने पर सुझाव, नए सदस्यों के अनुस्थापन कार्यक्रमों को बनाने या विस्तारित करने के सुझाव और सदस्यों के अवरोधन पर सलाह और विचार उपलब्ध है।

  आप शायद ऊपर दिए गए ऑनलाइन संसाधन और अन्य सूचना पत्रों का यहाँ ग्राहक बनना चाहे - *https://my.rotary.org/en/news-features/newsletters*

- ## सामुदायिक आंकलन सफलता की ओर ले जाते है

  एक मानवीय परियोजना का समर्थन करने हेतु जो क्लब और मंडल एक वैश्विक अनुदान के लिए आवेदन करते है, या एक व्यावसायिक प्रशिक्षण दल को आवश्यक रुप से पहले सामुदायिक आंकलन करना होगा और उसकी रिपोर्ट को अनुदान आवेदन में शामिल करना होगा।

- ## अनुदानों के लिए स्टाफ समर्थन

  रोई मुख्यालय में रोटरी अनुदान स्टाफ अनुदान आवेदनों के लिए आपके सबसे अच्छे संसाधन है। स्टाफ एक प्रारंभिक आवेदन की समीक्षा कर सकते है या संस्थान की जरूरतों को पूरा करने के लिए परियोजनाओं की पुनर्रचना करने में प्रायोजकों की मदद कर सकते है। प्रारंभिक समीक्षा के आवेदन हेतु, अपने अनुदान अधिकारी से संपर्क करें या *grants@rotary.org* को लिखें।

- ## PEOPLE OF ACTION अभियान के माध्यम से प्रभावी कथाकारिता

  हमारे क्लब द्वारा किए जाने वाले शानदार कार्यों की ख्याति बढ़ाने का सबसे सुनिश्चित तरीका है, प्रासंगिक लिखित एवं दृश्य कहानियों को इकट्ठा करना। *People of Action* अभियान को गुंजाने के लिए हमारी कहानियों को अनुकूल बनाना अत्यंत आवश्यक है।

मंडल और क्लब कैसे हिस्सा ले सकते है?

- *दी रोटेरियन* और *रोटरी न्यूज़* को अपनी कहानियाँ भेजिए।
- प्रचार कीजिए और सार्वजनिक छवि को बढ़ावा देने की महत्ता के बारे में अपने क्लब से बात कीजिए।
- स्वयं को परिचित करवाईए और ब्रांड सेंटर पर मौजूदा सार्वजनिक छवि संसाधनों का उपयोग कीजिए।
- ब्रांड सेंटर पर 'कार्यवाही करने वाले लोग' रचना को एक्सेस कीजिए और उन्हें ऑनलाईन एवं ऑफलाइन सभी संचार में उपयोग कीजिए।
- अपने मंडल के संचार उस्तादों को नियुक्त कीजिए और अपने क्लब के साथ अच्छी कहानियां बनाइए और उनका आगे प्रचार करने के लिए उन्हें RISAO, रो ई के साथ साझा कीजिए। ■

TRF के लिए ₹100 करोड़ का दान!

रशीदा भगत

रोटेरियन डी रविशंकर और उनकी पत्नी पाओला।

जब एक रोटेरियन रोटरी संस्थान को ₹100 करोड़ या 14.7 मिलियन डॉलर की एक बड़ी राशि दान करता है, तो पहला सवाल जो आप उससे पूछते हैं वह यह है कि कब और कैसे यह विचार उनके दिमाग में आया। डी. रविशंकर, रोटरी क्लब बैंगलोर ऑर्चर्ड्स, मंडल 3190, के अध्यक्ष इस सवाल का जवाब देने के लिए पांच दशक पूर्व जाते हैं। बचपन में एक सरकारी स्कूल - निजी स्कूल उनकी पहुँच से परे था - के दिनों की एक महत्वपूर्ण बात उनके एक वरिष्ठ शिक्षक के शब्द थे, जो यह थे: ''तुम्हें तब तक देना चाहिए जब तक यह दर्द ना दे, क्योंकि तब तक आप अपना आराम साझा कर रहे होते है, ना कि वो सब जो आपके पास है।''

इस बात को कहते हुए, रविशंकर थोड़ा रुकते है, और फिर धीरे से कहते है: ''मुझे लगता है कि मैंने जो किया वह 90 प्रतिशत लोगों को अच्छा नहीं लगा, क्योंकि मैंने उनके ज़मीर को चोट पहुंचाई है। फिर भी, मेरा मानना है कि एक हद के बाद आप जो सहेजते हैं वह जहर बन जाता है जहर आपके लिए नहीं, बल्कि आपके बच्चों और उनके भविष्य के लिए।''

एक दबी हुई हंसी के साथ वह आगे कहते है कि जब एक मित्र, जो एक आयकर कमिश्नर है ने उनसे पूछा ''क्यों मैंने इतना सारा पैसा दे दिया, तो मैंने उससे पूछा कि मरने के बाद एक प्रख्यात राजनेता अपने साथ कितना पैसे ले गया। यदि तुम मुझे यह बता सकते हो तो मैं मेरा पैसा दान करने के बजाए संचित करना चाहूंगा।'' उनका सिद्धांत सरल है: यदि आप अपने बच्चों के लिए आवश्यकता से अधिक धन छोड़ते है तो आप उन्हें बिगाड़ते है। ''वहीं, दूसरी ओर, इसकी बहुत अधिक आवश्यकता है; लोग भूख से मर रहे है और कई सारी चीजों से वंचित है। मेरा

मैं हमेशा खुद को एक सहकर्मी के रूप में देखता हूँ। प्रत्येक रोटेरियन एक नेतृत्वकर्ता है: मैं नेतृत्वकर्ताओं का नेतृत्व नहीं कर सकता, मैं केवल उनके साथ काम कर सकता हूँ।

मैं किसी मित्र के घर जाता, घंटी बजाता, और मैं सीधे उनसे पूछ लेता: अम्मा, मुझे भूख लग रही है, क्या आप मुझे कुछ खाने को दे सकती है? और कभी किसी ने मना नहीं किया। सभी ने मुझे दाल और रोटी बनाकर मुझे खिलाई।

मानना है कि मेरे पास जो भी धन है वह समाज का है। मैं तो बस कुछ समय के लिए उसका संरक्षक हूं; ना ही मैं इसे अपने साथ लाया था और ना ही इसे साथ ले जा सकता हूँ।''

सुरेश हरी के मंडल गवर्नर के रूप में नियुक्त होने के अवसर पर रविशंकर द्वारा दिखाए गए इस उदार भाव पर डीजी कहते है, ''रवि एक अद्भुत व्यक्ति है और विशेष रूप से पिछले 2 वर्षों के दौरान वह एक अलग तरह इंसान के रूप में विकसित हुए है।''

वह आगे कहते है कि उनके साथ चर्चा लगभग 1 वर्ष पूर्व उनके मंडल के अध्यक्ष-निर्वाचितों के साथ हुई एक बैठक के दौरान शुरू हुई थी। उसके आगे की बैठकों में रविशंकर ने माइक्रोक्रेडिट कार्यक्रम, वाघा बॉर्डर पर एक शांति स्तंभ के निर्माण, एक वृद्धाश्रम और यहाँ पर रोटरी इंस्टिट्यूट फॉर पीस एंड कॉन्फ्लिक्ट रिज़ॉल्यूशन की स्थापना की उनकी योजनाओं पर चर्चा की। ''और फिर उन्होंने यह कहकर मुझे चकित कर दिया कि वह 2018-19 के दौरान उनकी पसंदीदा परियोजनाओं में ₹100 करोड़ लगाना चाहते है। मैंने उन्हें उस पैसे को हमारे संस्थान को देने के लिए मनाया जो उनकी प्रिय परियोजनाओं पर कार्य शुरू कर सकता है।''

उनकी उदारता के लिए और एक महान उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए रविशंकर को बधाई देते हुए, रोई निदेशक सी भास्कर ने गीता का एक छंद सुनाया, जो है, ''एक दान तब पवित्र होता है जब उसे दिल से सही व्यक्ति को सही समय पर और सही स्थान पर दिया जाए, और बदले में हम कुछ भी अपेक्षा ना रखें।'' हमारी दुनिया की सच्चाई है कि जहाँ एक ओर ''कई देशों में लोगों के पास रोजमर्रा की आधारभूत जरूरतों तक भी पहुंच नहीं है, वहीं दूसरी ओर कुछ के पास इतना अधिक है, कि यदि उनकी दौलत

जब बिल गेट्स जैसा कोई TRF में योगदान देता है, हम कहते है यह ठीक है; लेकिन जब रविशंकर जैसा कोई, जो वस्तुतः कोई नहीं है, जब अपनी लगभग 70 प्रतिशत कमाई संस्थान को दान करता है, तो मेरे ख्याल से हम सभी को उठकर यह कहना चाहिए 'वाओ!'

पाओला रविशंकर

साझा की जाए, तो वह संपूर्ण विश्व के अधिकतर समुदायों की स्वास्थ्य, भूख और संघर्षों से संबंधित अनेक समस्याओं का निवारण करेगी।''

प्रारंभिक बचपन

रविशंकर के देने के सिद्धांत, जिसे सरलता, स्पष्टता और बिना ज्यादा बढ़ाए-चढ़ाए कहा गया है, को समझने के लिए, चलिए उनके बचपन में चलते है। उनके पिता कामेश एक स्वतंत्रता सेनानी थे और विनोबा भावे के भूदान आंदोलन से प्रभावित होकर, उन्होंने अपनी सारी ज़मीन दान कर दी - जो कुछ 7-8 एकड़ थी। ''वह इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष में थे और उन्होंने अपनी सारी किताबें जला दी जो अंग्रेजी में थी और लगभग चार सालों के लिए जेल गए। एक स्वतंत्रता सेनानी के रूप में पहचाने जाने के लिए उन्हें *ताम्रपत्र* दिया गया था।''

स्वतंत्रता के बाद उन्हें इंजीनियर के रूप में काम मिल गया और रविशंकर और उनके छह भाई-बहनों ने अपने प्रारंभिक बचपन में आरामदेह ज़िन्दगी बिताई। लेकिन जब वह चौथी कक्षा में थे, उनके पिता अचानक से चल बसे, पीछे सात बच्चों के साथ उनकी माँ और बैंक में बमुश्किल ₹100 छोड़कर। ''माँ को हमें बड़ा करने के लिए वास्तव में संघर्ष करना पड़ा; और चूंकि वह एक स्वाभिमानी महिला थी इसलिए उन्होंने मांगने से इनकार कर दिया था। परंतु कंपनी में जनरल मैनेजर होने के नाते मेरे पिता की साख के कारण, मेरे दोनों भाइयों को नौकरी मिल गई।''

समाज, उनके पिता

तब से, रविशंकर ने कहा, ''समाज ने मेरे पिता की जगह ले ली थी, इसलिए इन पैसों (₹100 करोड़) को अपने पिता को लौटाना मेरे लिए कोई बड़ी बात नहीं थी।'' पहली नज़र में यह अतिशयोक्तिपूर्ण लग सकता है लेकिन जब आप उनकी कहानी को सुनते है, तो जिस गहराई के साथ यह भावना व्यक्त की गई है वह समझ आ जाती है। हालाँकि अंततः उन्होंने अपनी बी ए की डिग्री और व्यवसाय प्रबंधन एवं विपणन प्रबंधन में डिप्लोमा पूर्ण किया, फिर भी यह आसान नहीं था। ''कभी एक अच्छे विद्यार्थी ना होने'' के चलते, वह कक्षा 10वीं में एक नहीं बल्कि दो बार फैल हुए। अपने पिता को खोने के बाद, ''मैं बुरी संगत में पड़ गया, चोरी करता था, सिनेमा की टिकटों को ब्लैक में बेचता था, और भी बहुत कुछ।'' लेकिन अपने हाई स्कूल की परीक्षा में दूसरी बार भी फैल होने के बाद, ''चूंकि मैं अपनी माँ को रोते हुए नहीं देख सकता था, इसलिए मैंने पास होने के लिए न्यूनतम अंक लाने जितनी पढ़ाई तो कर ली थी!''

1972 में, समाजशास्त्र और मनोविज्ञान के साथ अर्थशास्त्र में बी. ए. करने के लिए वह बैंगलोर नेशनल कॉलेज गए। यहाँ पर वह डॉ. नरसिम्हैया, एक स्वतंत्रता सेनानी और एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद से प्रेरित हुए जो आगे जाकर बैंगलोर विश्वविद्यालय के कुलपति बने।

लेकिन यह सब कुछ इतना आसान नहीं था: वह केवल चावल और ककड़ी जैसी सब्जियाँ खाकर बड़ा होने को याद करते है। ''प्रोटीन्स के लिए मैं 50 पैसे की मूंगफलियाँ खरीद लेता था। अगर मुझे भूख लगती, तो मैं किसी मित्र के घर जाता, घंटी बजाता, और जब उसकी माँ या दादी दरवाजा खोलती, तो मैं सीधे उनसे पूछ लेता: अम्मा, मुझे भूख लग रही है, क्या आप मुझे कुछ खाने को दे सकती है? और कभी किसी ने मना नहीं किया। सभी ने मुझे अंदर बुलाया, दाल और रोटी बनाकर मुझे खिलाई। समाज ने मुझे खिलाया... ऐसे लोग जिनका दिल एकदम पवित्र था उन्होंने मुझे खिलाया। क्या वे मूर्ख थे? नहीं, उनके दिल एकदम साफ थे; वे सब गुजर चुके है और चले गए है, लेकिन मुझे तो वापस देना होगा।''

जब मैंने टिप्पणी की कि उनकी सोच कितनी दार्शनिक है, उन्होंने चट् से कहा: ''मैं स्वयं को औसत बुद्धिमत्ता से नीचे वर्णित करूंगा। अगर आप बुद्धिमान है, तो आप चीज़ों को जटिल बना देंगे। लेकिन यदि आप औसत से नीचे है, तो आप सरल सोचेंगे। यदि कोई मुझसे चलने के लिए कहेगा, तो मैं सीधे चलूँगा और कोई कलाबाजी नहीं दिखाऊंगा। झूठा, चोर या धोखेबाज बनने के लिए आपको बुद्धिमानी की आवश्यकता होती है। मैं एक सीधा-सादा आदमी हूँ।''

वर्ष 1980 में, उन्होंने ₹105 के वेतन पर एक छोटी सी कंपनी में काम करना शुरू किया। ''मुझे दफ्तर तक पहुँचने के लिए तीन बसें बदलनी पड़ती थी, सुबह 8.30 बजे तक दफ्तर पहुँचने के लिए घर से सुबह 5 बजे निकलता था। दोपहर के भोजन के लिए मैं बचे

मैं स्वयं को औसत बुद्धिमत्ता से नीचे वर्णित करूंगा। यदि झूठा, चोर या धोखेबाज बनने के लिए आपको बुद्धिमानी की आवश्यकता होती है।

श्रीधर भारती

हुए चावल या कांजी रख लेता था।'' और बसें बदलने के दौरान वह एक केला खरीद लेते थे पोषण के लिए। वह 5 या 6 पैसे का पड़ता था, लेकिन विक्रेता मुझे 2 पैसे में ही दे देता था क्योंकि वह जानता था मैं इतना ही खर्चा वहन कर सकता था। समाज के द्वारा किया गया एक और उपकार!

उन्होंने प्रिंटिंग और डिजाइनिंग में कार्य किया और यहाँ कुछ सालों तक रहे भी मगर ''कुछ समय बाद ऊब गया... और यहाँ तक कि राजनीती से जुड़ने का विचार भी आया जहाँ मैं लोगों की ज़िंदगियाँ बदल सकता था या अधिक लोगों से संपर्क कर सकता था, लेकिन अंततः रियल एस्टेट में आया।''

व्यापार में सफलता

रविशंकर दफ्तरशाही को याद करते है जिसका उन दिनों कारोबार के सभी वर्गों पर वर्चस्व था। ''लेकिन जब आप सड़क पर बड़े होते है तो आप अपना बचाव करने में सक्षम हो जाते है। मैं जानता था कैसे बात करनी है और चीज़ों को कैसे करवाना है... सरकारी दफ्तरशाही से कैसे बचना है। जब आपूर्ति कम होती है, तो कीमतें बढ़ जाती है और लालफीताशाही ने भूमि आपूर्ति को कम कर दिया। लेकिन मैंने इसे नाकाम करना सीखा; यहाँ तक कि बुरे लोग भी मेरे साथ अच्छे होते थे।''

परमिट प्राप्त करने में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार से निपटने का रास्ता उन्होंने निकाल लिया था; ''मैं बस प्रभारी व्यक्ति के सामने खड़े हो जाता था, अपना सिर खुजाता और कहता यदि मैं इतना अधिक भुगतान करूंगा, तो मैं अपने कर्मचारियों को वेतन नहीं दे सकूंगा। मेरे हाव-भाव ने मेरी सच्चाई बयां की, और मेरा काम हो गया।''

उनका स्वयं में आत्मविश्वास पाओला, गोवा से एक कैथोलिक, से शादी करने के बाद और अधिक बढ़ गया। ''1980 के दशक की शुरुआत में, मैंने इस बहुत ही खूबसूरत लड़की को इवनिंग कॉलेज में देखा; वह मेरी पहुँच से परे थी क्योंकि ना ही मैं कोई शाहरुख़ खान था और ना ही अम्बानी! लेकिन जब मैं उसे मुझ जैसे एक बेवकूफ और पागल आदमी से शादी करने के लिए मना सकता था, तो मैं जानता था कि मैं किसी को भी बेवकूफ बना सकता हूँ!'' चार साल के अनुनय के बाद उन्होंने 1998 में शादी की।

मेरा मानना है कि एक हद के बाद आप जो सहेजते हैं वह जहर बन जाता है जहर आपके लिए नहीं, बल्कि आपके बच्चों और उनके भविष्य के लिए।

धीरे-धीरे उनका व्यापार बढ़ गया; ''चूंकि मेरे पिता एक स्वतंत्रता सेनानी थे, तो रामकृष्ण हेगड़े (कर्नाटक के तत्कालीन मुख्य मंत्री) को मैं पसंद आ गया और उन्होंने मेरी मदद

रोटरी क्लब बैंगलोर ऑर्चर्डस के अध्यक्ष डी रविशंकर और उनकी पत्नी पाओला को स्थापना समारोह में मंडल 3190 के DG सुरेश हरि (चरम बाएं) सम्मानित करते हुए। चित्र में PDG आशा प्रसन्नकुमार भी शामिल हैं।

पाओला कहती है

सरल शब्दों में कहें तो ये 3 हफ्ते उथल-पुथल भरे रहे; 30 जून को मैं यह जानते हुए बहुत संतुष्टि के साथ उठी कि हम एक साधारण सुखी परिवार है। हमारी दो बेटियां – एकता और समता – है और वे उनकी मास्टर डिग्रियां कर रही है और छोटी-छोटी खुशियों एवं मध्यम वर्ग के मूल्यों के साथ हम मिल जुलकर रहते है। उस शाम (उस बैठक में जहाँ जोड़े को सम्मानित किया गया) जो हुआ वह वास्तव में चौंका देने वाला था; मेरे पति दकोजू रविशंकर ने रोटरी संस्थान को ₹100 करोड़ दान किए थे!

जब उन्होंने हमें सम्मानित करने के लिए मंच पर बुलाया तो मुझे यह जानने के लिए स्वयं की चिकोटी काटनी पड़ी कि यह कोई सपना या भ्रम नहीं है। रवि हमेशा से ही अपने विनम्र तरीके में परोपकारी रहे हैं; जब 30 साल पहले मैंने उनसे शादी की थी तब उनके पास केवल एक सुवेगा (दोपहिया) और एक किराए का घर था, परंतु उनका दिल सोने का था। 30 साल में उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से दौलत कमाई। उन्होंने उनके स्वर्गीय माता-पिता, जो उनके लिए सब कुछ थे, की याद में बैंगलोर में एक वृद्धाश्रम का निर्माण किया, जो किस्मत के मारे लोगों के लिए मुफ्त में चलाया जाता है। आश्रम की गुणवत्ता अद्वितीय है और वहाँ दिए जाने वाला भोजन एवं सेवाएं अद्भुत है।

उन्होंने उत्तर पूर्व में छात्रावासों वाले स्कूलों का भी निर्माण किया है जहाँ बच्चों को रुचि की कमी और जनजातियों एवं परिवारों के मध्य दुश्मनी होने के कारण शिक्षा नहीं मिलती। यहाँ पर भी शिक्षा मुफ्त छात्रावास की सुविधा के साथ मुफ्त में या नाम मात्र का शुल्क लेकर प्रदान की जा रही है। और ये तो उनके द्वारा किए गए केवल कुछ ही काम है। लेकिन मुझे पता है उनके सपने बड़े है। कभी-कभी हमें आश्चर्य होता है कि इतने वर्षों में उन्होंने जो काम किया है और अभी भी कर रहे है केवल इन चीज़ों के समर्थन के लिए ही तो नहीं है!

वह काम के लती है और दिन के लगभग 18 घंटे काम करते हैं; पिछली सुबह वह 4 बजे गोवा होते हुए महाराष्ट्र के मालवण के लिए निकले। आज सुबह 9 बजे वापस आए और सीधे घत्र्क्क(कोलार गोल्ड फील्ड्स) चले गए जहाँ पर वह सायनाइड के ढेरों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण परियोजना कर रहे है – ताकि स्थानीय लोगों के लिए जगह रहने योग्य बन सके क्योंकि गोल्ड फील्ड्स में इस्तेमाल किया गया रसायन वहाँ के लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। वह उस क्षेत्र को एक हरित क्षेत्र में परिवर्तित करने का प्रयास कर रहे हैं, वहाँ जाकर स्वयं स्वास्थ्य खतरों का सामना करते हुए भी क्योंकि उन्हें तीव्र अस्थमा है। परंतु उनकी प्राथमिकता दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने की है।

डी रविशंकर और पाओला अपनी बेटियों एकता (बाएं) और समता के साथ।

की।'' फिर इस बिल्डर ने बी एच एन हरी से मुलाकात की, जो मैसूर पेपर मिल्स के लिए कार्य करते थे और बाद में उनके साझेदार बने। ''मेरी कंपनी हरा हाउसिंग का नाम हरी और रवि के नाम से पड़ा। मुझे किसी ईमानदार और सीधे आदमी की जरुरत थी ना कि एक चालाक और बुद्धिमान साझेदार की जो एक दिन मुझसे धोखा करता क्योंकि वह जल्द ही समझ जाता कि मैं एक सीधा-सादा आदमी हूँ!''

एक बुफ़े जिसे रोटरी कहते है

तो वह रोटरी से क्यों जुड़े?

''वर्ष 1988 के आसपास, जब मैं पहले से ही अपने व्यापार में था, मैंने देखा कि मेरे आसपास के सभी लोग (रियल्टी) बाजार को लेकर आसक्त थे और मुझे घुटन महसूस हो रही थी... ऐसे लोगों से जिनसे मैं मिल रहा था। हर जगह, यहाँ तक कि शौचालय में भी, लोग पूछते थे: 'महोदय, बाजार कैसा है?' चाहे वह कोई डॉक्टर हो, नाई हो या एक दंत चिकित्सक, वे सब केवल कारोबार की बातें करते थे।''

जब वह एक वरिष्ठ रोटेरियन, रमेश चारी से मिले, ''मैंने उनसे कहा मैं तंग आ गया हूँ और मुझे डर है कि मैं पीने जैसी एक आदत के साथ खत्म हो जाऊंगा। मैं समाज से जुड़ना चाहता हूँ। उन्होंने कहा तुम रोटरी में क्यों नहीं आते, और वह मुझे रोटरी में ले आए।''

यह पूछे जाने पर कि रोटरी ने उन्हें क्या दिया है, रविशंकर कहते है: ''मेरे लिए रोटरी एक सीखने का अनुभव रही है। रोटरी एक बुफ़े की तरह है; यह आप पर है कि आप इससे क्या लेना चाहते है। यदि आप स्वस्थ खाना चाहते है, तो वह वहाँ है, यदि नहीं; तो इसका विपरीत भी वहाँ है। एक सन्यासी के लिए... और वह जिसे शांति पसंद है, यह लोगों से जुड़ने और उनकी ज़िंदगियाँ बदलने का एक मंच है। रोटरी आपको चीज़ों को करने के अवसर देती है।''

और रोटरी के मंच से उन्होंने जिन ''चीज़ों'' को किया है वे वाकई में प्रभावशाली है और उसमें कर्नाटक में एक वृद्धाश्रम बनाने से लेकर उत्तर पूर्व में स्कूलों का निर्माण करना तक शामिल है। उन्होंने लाहौर और इस्लामाबाद के ग्रामीण इलाकों में भी स्कूलों का निर्माण करने की पेशकश की है और पाकिस्तान के डीजीयों से यह कहते हुए बात की है कि वह ऐसा इसलिए करना चाहते है क्योंकि ''हम सभी विभाजन के पहले भाई थे और हमारी रगों में एक ही खून है। जब लोग जुड़ते है, तो सरकारें उन्हें अलग या रोक नहीं सकती। बल्कि यदि मुझे यह अपनी मृत्युशय्या पर भी करना पड़ा, तो मैं करूंगा... क्योंकि धर्म के नाम पर, हम अपनी जिंदगियों को जटिल बना रहे है।''

एक परियोजना जो अभी उनके हाथ में है वह अमर नारायण, एक सेवानिवृत्त आईएस अफ़सर जो पेड़ों और पर्यावरण को बचाने को लेकर भावुक है, की मदद से कोलार और चिक्काबल्लापुर ज़िलों में 1 करोड़ (10 मिलियन) पौधे लगाने की है। ''मैंने उनसे पूछा क्या हम साथ में काम कर सकते है; मैं हमेशा खुद को एक सहकर्मी के रूप में देखता हूँ, ना कि मेरे क्लब के अध्यक्ष के रूप में। प्रत्येक रोटेरियन एक नेतृत्वकर्ता है: मैं नेतृत्वकर्ताओं का नेतृत्व नहीं कर सकता, मैं केवल उनके साथ काम कर सकता हूँ। वह मान गए और हम राज्य सरकार को मनाने की कोशिश कर रहे है। यह एक पांच-वर्षीय परियोजना है जिसमें हम स्कूलों को शामिल करना चाहते है, पौधों को दान करके उनकी देखभाल कर उन्हें जीवित रखने की जिम्मेदारी प्रधानाचार्यों को देना चाहते थे।''

सामाजिक मंत्र

रविशंकर, जो स्वयं को ''एक घबराया हुआ इन्सान'' बुलाते है, कहते है जब उनकी लड़कियाँ एकता और

उन्होंने रोटरी को क्यों चुना

श्रीधर भारती

अपनी दौलत का इतना बड़ा हिस्सा देने के लिए उन्होंने TRF को क्यों चुना पूछे जाने पर, डी रविशंकर कहते है, ''मैं धोखेबाजों एवं जालसाजों के बीच बड़ा हुआ हूँ मैंने समाज को उसके असली रूप में देखा है और मैं एक भले और दुष्ट व्यक्ति में अंतर कर सकता हूं। रोटरी एक पारदर्शी और ईमानदार NGO है। लोग दान करना पसंद नहीं करते क्योंकि अधिकतर पैसा मेहनत से कमाया गया होता है और हम देखते है कि हर दूसरा NGO धोखेबाज है और पैसे का दुरुपयोग करता है। परंतु रोटरी, मैं जानता हूँ एक सच्चा संस्थान है।''

वह रोटरी के एक अन्य उत्कृष्ट गुण पर प्रकाश डालते है जब वह इस बात पर ज़ोर देते है कि वह एक धार्मिक प्राणी है जो ''धर्म एवं जाती द्वारा बनाए जाने वाले कृत्रिम बंधनों में विश्वास नहीं रखते – मैं महत्वपूर्ण अवसरों पर लोगों के बीच जाता हूँ। मेरी तीन बहनें है, दो मुसलमान है और एक गुजराती और मैं उन तीनों को लेकर अधिकारात्मक हूँ!''

वह आगे कहते है, ''मैंने इन पैसों को आँख मूंद कर दान किया है क्योंकि डीजी सुरेश हरी एक ईमानदार इंसान है और मैं उन पर पूरी तरह विश्वास करता हूँ। उन्होंने कुछ प्रमुख क्षेत्रों में उनके पैसे को खर्च किए जाने का अनुबंध किया है, और वे क्षेत्र है शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सफाई, जनजातीय विकास, माइक्रो फाइनेंस और अंतर-धार्मिक सद्भावना। मूल रूप से, हैप्पी स्कूलों के सभी घटक।''

यह पूछे जाने पर कि क्या वह उनके पैसे की निगरानी करेंगे कि वह कैसे इस्तेमाल किया जा रहा है, वह समानुभूतीपूर्वक कहते है: ''बेशक, में उत्सुकता से देखूंगा कि पैसों का किस तरह इस्तेमाल किया जा रहा है क्योंकि एक-एक पैसा कड़ी मेहनत से कमाया गया है; मैंने कठिन परिश्रम किया है, मेरे पिताजी कोई मंत्री नहीं थे। मैं इस बात को लेकर बहुत सतर्क हूँ और यदि यह गलत हाथों में जाता है तो मुझे रोटरी को छोड़ने में कोई हर्ज नहीं होगा।''

मेरी बेटियाँ कहती थी ''नाना (तेलुगु में पिताजी), आप ऐसा करो। हमारी चिंता मत करो।''

समता बहुत छोटी थी – 9 और 5 वर्ष के लगभग – मैं हमेशा उनसे कहता था कि मैंने समाज से बहुत कुछ लिया है, और मुझे वापस लौटाना है। वे कहती थी ''नाना (तेलुगु में पिताजी), आप ऐसा करो। हमारी चिंता मत करो; हम पढ़ेंगे और अपने पैरों पर खड़े होंगे। आज वे 27 और 23 साल की है।''

तो, क्या दोनों शादीशुदा है? वह हँसते है और कहते है, ''नहीं, वे केवल तभी शादी करना चाहती है जब वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकेंगी।'' बड़ी बेटी, जो हाल ही में अपनी मास्टर्स की पढ़ाई के लिए मेलबोर्न गई है, ने अपनी पढ़ाई के लिए कुछ पैसे बचाने हेतु कुछ साल काम किया और वह छात्र ऋण लेना चाहती थी। लेकिन परामर्शदाता की सलाह पर ऐसा नहीं किया और वह अपने पिताजी से ''लिया गया 'उधार' वहाँ पार्ट-टाइम नौकरी करके चुकाना चाहती थी,'' उनकी माँ पाओला कहती है।

चाहे वह उच्च शिक्षा हो या हिमालय की यात्रा हो जिसके लिए छोटी बेटी समता को हाल ही में ट्रैकिंग गियर खरीदने की जरुरत थी, वे पैसे खर्च करने के मामले में सावधान रहती है। ''हमने उन्हें इसी तरह बड़ा किया'', रविशंकर कहते है, आगे कहते हुए कि, ''हम एक साधारण जीवनशैली का अनुसरण करते है और मध्यम वर्ग के लोगों की तरह ही रहते है। जीवन में, आपको संतुलन रखना होगा... चाहत बुरी नहीं है, लालच बुरा है। मैं इतने नीचे से ऊपर आया हूँ कि मैं अपनी बीवी और बच्चियों को कुछ अच्छा देना चाहता हूँ। लेकिन मेरे सभी कपड़े रिलायंस से है। मेरे मित्र अरमानी पहनते है लेकिन मुझे चिंता नहीं है। मैं तब तक किराए के घर में रहा जब तक एक दिन मुझसे मेरी माँ ने कहा: 'रवि, तुम्हारे पिता के पास स्वयं का एक घर नहीं था। मुझे लगता है कि मैं एक किराए के घर में ही मर जाउंगी।' तो मैंने 1997 में उनको खुश करने के लिए एक घर खरीदा।''

साथ ही, परिवार के प्रति उनके प्रेम को ज़ाहिर करने के लिए उन्होंने एक लग्जरी कार खरीदी। ''हां, वह बेंज़ है, जिसे मैं फिर कभी नहीं खरीदना चाहूंगा। अब से वह सेकंड हैंड कारें होंगी, क्योंकि वह उस लायक नहीं है। कार के पैसों से मैं उत्तर पूर्वी राज्यों में 3 स्कूल बना सकता था।''

वह पहले ही कुछ स्कूल बना चुके हैं; एक मणिपुर में म्यांमार सीमा के पास 350 विद्यार्थियों के लिए 2 एकड़ भूमि में ₹27 लाख का निवेश करके बनाया गया है और एक सेवानिवृत्त कर्नल द्वारा चलाए जाने वाला एक NGO उसका प्रबंधन करता है। ''इस न्यास की टैगलाइन है 'शिक्षा द्वारा शांति'; वह उत्तर-पूर्व में बच्चों को विद्रोहियों द्वारा प्रेरित होने से रोकना चाहते है।''

रविशंकर द्वारा बनाया गया एक अन्य स्कूल नशे की लत के शिकार बच्चों के लिए है जो क्खत से संक्रमित है।

तो परोपकार उनके जीन में बसा हुआ है, मैंने टिप्पणी की। ''नहीं, नहीं, कृपया कर परोपकार जैसे बड़े शब्दों का इस्तेमाल मत कीजिए यह केवल एक सीधा सा दान है,'' वह मुस्कराते है।

100 करोड़ का आंकड़ा

इसके बाद, मैंने उनसे पूछा कि उन्होंने कैसे ₹100 करोड़ (14.7 मिलियन डॉलर) आंकड़े का लक्ष्य साधा और पाओला की प्रतिक्रिया क्या थी। वह धीमे से मुस्कराते है और कहते है: ''मैं एक भावुक इन्सान हूँ जो अब बूढ़ा हो रहा है। बचपन से ही मुझमें यह गुण है; या तो मैं कुछ बड़ा, कुछ मूर्खतापूर्ण सोचता हूं या कुछ असंभव। मेरी पत्नी में दो लड़कियों की माँ होने के नाते कुछ असुरक्षाएं थी जो अपनी जगह ठीक थी, लेकिन मेरी बेटी ने उसे यह कहते हुए मनाया, 'माँ, उन्होंने इतने वर्षों में हमारी बहुत अच्छी देखभाल की है। और यह तो *नाना* का *yolo* (*you only live once* अर्थात आप केवल एक बार जीते है) पल है, इसलिए कृपया उन्हें वह करने दो जो वो करना चाहते है। और उसने मुझसे कहा: *नाना,* अपने दिल की सुनो, आप जो चाहते हो वो दो, हमारी चिंता मत करो।'' इन शब्दों के साथ, उसने अपनी ममा को राजी किया!

उनकी छोटी बेटी, जो उच्च शिक्षा के लिए जल्दी ऑस्ट्रेलिया के लिए निकलेगी, जिसके लिए वह भी पैसे बचा रही थी, वह तो हमारा घर भी विरासत में लेना नहीं चाहती। ''वह कहती है अगर आप उसे मेरे लिए छोड़ेंगे, मैं उसे बेच दूँगी और उस पैसे से कश्मीर में एक स्कूल बनाऊंगी,'' रविशंकर मुस्कराते है, और आगे कहते है, ''मैं अत्यंत द्रवित हुआ और एक ऐसा परिवार पाकर स्वयं को धन्य महसूस किया।''

''आखिरकार, बहुमत की विजय हुई, और मेरी पत्नी साथ थी। वह एक अद्भुत लड़की है; ना वह जलती है, ना उसमें लालच है, और उसने कभी गहनों की मांग तक नहीं की। यहाँ तक कि जब भी वह कृत्रिम आभूषण पहनती है, वह एक राजकुमारी की तरह लगती है। उसके पास मौजूद सबसे सुंदर गहना उसकी मुस्कुराहट है।''

मेरे सभी कपड़े रिलायंस से है। मेरे मित्र अरमानी पहनते है लेकिन मुझे चिंता नहीं है।

जब मैंने उनसे कहा कि बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के बाद TRF में आपका योगदान दूसरा सबसे बड़ा योगदान है, रविशंकर कहते है, ''मैंने किसी आंकड़े के बारे में नहीं सोचा, और ना ही मेरे दिमाग में कोई रणनीति थी। मैंने बस देने का निश्चय किया था।''

पाओला चट् से कहती है, ''जब बिल गेट्स जैसा कोई TRF में योगदान देता है, हम कहते है यह ठीक है; लेकिन जब दकोजू रविशंकर जैसा कोई, जो वस्तुतः कोई नहीं है, जब अपनी लगभग 70 प्रतिशत कमाई संस्थान को दान करता है, तो मेरे ख्याल से हम सभी को उठकर यह कहना चाहिए 'वाओ!' मैं अभी तक खुद को इस सदमे से उभार रही हूँ!

एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

टोरंटो में हर तरफ रोटरी

जयश्री

टोरंटो शहर तब जाग उठा जब 25,652 रोटेरियन शहर में एकत्रित हुए और 109वें रोटरी सम्मेलन में सीमाओं से परे जाकर मित्रता का उत्सव मनाया। इस कार्यक्रम की शहर में चर्चा थी और जहाँ कहीं भी आप गए, हवाईअड्डे से एक कैब लेने से लेकर रेस्टोरेंट तक या ट्रेन में, आपने लोगों को कहते हुए सुना, ''रोटरी का कुछ कार्यक्रम हो रहा है और विभिन्न देशों से लोग इसमें भाग लेने आए है। इसलिए इतनी भीड़ है...''

यहाँ तक कि मैं एयर कनाडा सेंटर, इस पूर्ण सत्रों का मुख्य आयोजन स्थल, और थोड़ी दूरी पर स्थित मेट्रो टोरंटो कन्वेंशन सेंटर, ब्रेकआउट सत्रों और हाउस ऑफ फ्रेंडशिप के आयोजन स्थल, के मध्य जब भी आया-गया, तो मैं कभी अकेला नहीं रहा। दुनिया के किसी दूसरे कोने का कोई रोटेरियन मेरे साथ हमेशा कदम से कदम मिलाकर चल रहा था और हमारे मध्य आकस्मिक वार्तालाप हो रही थी, या तो भारत की उनकी यात्रा के बारे में या किसी अद्भुत रोटरी पल के बारे में। RIPN मार्क मलोनी की टिप्पणी एकदम सही थी: ''रोटरी दुनिया के किसी दूसरे छोर से आए अजनबी के बगल में बैठकर उनके पहले नाम से उसे पुकारने का अवसर प्रदान करती है।''

सम्मेलनों की मेजबानी करने में शिकागो के बाद टोरंटो का स्थान है। यह इस शहर में आयोजित होने वाला पांचवा रोटरी सम्मेलन है, पहला 94 वर्ष पूर्व हुआ था, उसके बाद 1942, 1964 और 1983 में सम्मेलन आयोजित हुए थे।

2018 सम्मेलन 178 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाली रंगीन ध्वज रैली के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद रोई अध्यक्ष इयन राय्सली ने नोराह ओवोरी और उनके बेटे को स्वर्गीय RIPE सेम ओवोरी के मरणोपरांत रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया। PRID गार्डन मैकइनाली, सम्मेलन के चेयर थे और PRID शफक अल्पे,उपाध्यक्ष थे।

रो ई अध्यक्ष इयन राय्सली ने न्यूज़ीलेंड की पूर्व प्रधान मंत्री हेलेन क्लार्क को रो ई सम्मान पुरस्कार दिया।

रोटरी इंटरनेशनल

राय्सली के दिल को छू लेने वाले भाषण में उन्होंने बीत चुके वर्षों का सार और उनकी अध्यक्षीय यात्रा में उनके साथ चले रोटेरियनों का आभार प्रकट किया। ''मैं एक लेखापाल हूँ और हम लेखापालों को एक अच्छी बैलेंस शीट बहुत पसंद है। लेकिन रोटरी में, वर्ष के अंत में, हम खाते का बैलेंस नहीं देखना चाहते, बल्कि हम ऐसी दुनिया देखना चाहते है जो उस वर्ष की शुरुआत से बेहतर हो - एक ऐसी दुनिया जो स्वस्थ एवं खुशहाल हो, और, शायद थोड़ी अधिक शांतिपूर्ण भी हो।''

इवेंस्टन में 18वें माले पर स्थित रोई अध्यक्ष के कार्यालय के संबंध में, उन्होंने कहा कि यद्यपि वहाँ से नज़ारा बहुत अच्छा है, ''परंतु नज़ारे को देखने के लिए मुझे मिलने वाले दिन बहुत कम है। इस वर्ष जूलियट और मैंने अधिकतर समय रोटरी जगत को ऊपर से बैठकर देखने में नहीं, अपितु प्रत्यक्ष रूप से उसे देखने में बिताया। दुनिया भर में रोटेरियनों द्वारा लाए जा रहे परिवर्तनों को हमने देखा, प्रति दिन - एक परिवर्तन जिसे विश्व भर के 35,000 से भी अधिक क्लबों के 1.2 मिलियन सदस्य बढ़ाते है।''

हालांकि पौधारोपण लंबे समय से चली आ रही एक रोटरी परंपरा है, पॉल हैरिस के समय से ही, ''इस वर्ष, हमने केवल मित्रता के लिए ही पौधे नहीं लगाए, बल्कि रोटरी की सेवा गतिविधियों में पर्यावरण को शामिल करने की तत्काल जरूरत पर ध्यान खींचने के लिए भी लगाए है। अपने ग्रह की सुरक्षा करने और इसके संवहनीय भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए हमें अधिक ध्यान देना चाहिए, उन्होंने कहा, जिन्होंने उनके वर्ष के दौरान 60 देशों का दौरा किया और दुनियाभर में 180 पेड़ लगाए।''

उनकी यात्राओं में से एक यात्रा के दौरान उनके द्वारा देखे गए एक बैंक के विज्ञापन की एक पंक्ति को दोहराते हुए, उन्होंने कहा, ''हमारे मूल्य ही हमें परिभाषित करते है। चार-मार्ग-परीक्षण, स्वयं से ऊपर सेवा, हमारा सिद्धांत - सभी रोटेरियनों द्वारा उन मूल्यों को रक्षित, एवं संरक्षित किया जाना चाहिए, उन परिवर्तनों के माध्यम से जिन्हें रोटरी में सम्मिलित करने का चुनाव हम कर सकते है। ये मूल्य ही है जो रोटरी को विशेष और हमें अलग बनाते है।''

समापन सत्र में एक मार्मिक बात कहते हुए, उन्होंने सभी रोटेरियनों का उनके वर्ष को अर्थपूर्ण बनाने के लिए धन्यवाद दिया। ''यह आश्चर्य की बात है कि रोटरी में प्रत्येक व्यक्तिगत भूमिका का कितना छोटा महत्व है। आप एक रोटरी परियोजना का अकेले नहीं कर सकते, आप अकेले रोटेरियन नहीं बन सकते, और अक्सर ऐसा प्रतीत होता है कि बिना एक समिति के रोटरी में कभी कोई फैसला नहीं किया जाता है। हम अपने योगदानों का फायदा एक साथ मिलकर ऐसे कार्यों को करने के लिए उठाते है जिन्हें हम अकेले नहीं कर सकते, एक परिवर्तन लाने के लिए उठाते है और यह आवश्यक है कि हम प्रेरणा बनें,'' उन्होंने समापन किया।



RIPE रो ई अध्यक्ष बेरी रेसीन।

माइक ग्रोंर

एक प्रेरणादायक बातचीत

''परिवर्तन का एजेंट बनने के लिए स्वयं को चुनौती दीजिए। आपका उत्साह इतना संक्रामक होना चाहिए कि आप अधिक रोटेरियनों को रोटरी में ला सकें,'' रो ई अध्यक्ष निर्वाचित बेरी रेसिन ने अपने जोशीले संबोधन में कहा जिसमें उन्होंने पानी से वंचित राष्ट्र हाइती की सरकार के साथ उसके प्रत्येक नागरिक को पानी प्रदान करने हेतु रोटरी की साझेदारी की बात भी की। उन्होंने समझाया कि कैसे उनकी थीम - *प्रेरणा बनिए* - पर कार्य करके रोटेरियनों, गैर-रोटेरियनों, रोटारेकटरों और युवा पीढ़ी को प्रेरित किया जा सकता है। उन्होंने सामाजिक मीडिया का फायदा उठाने पर ज़ोर दिया ''ताकि दुनिया को केवल बताया ही नहीं, बल्कि दिखाया भी जा सके कि हर बार जब हम मानवता की सेवा करते है, तो हम क्या करते है और हम कौन है।''

रेसिन का ध्यान मुख्यतः रोटारेक्ट को सामरिक रूप से बनाने पर है। ''विश्व भर में हमारे पास 250,000 रोटारेकटर और 10,000 रोटारेक्ट क्लब है। लेकिन रोटरी क्लबों से जुड़ने वाले रोटारेकटरों का प्रतिशत बहुत काम है। केवल 27 प्रतिशत रोटरी क्लब ही रोटारेक्ट क्लबों को प्रायोजित करते है। हमें इन सभी आंकड़ों को दोगुना करने की आवश्यकता है।'' रोटरी को मजबूत बने रहने के लिए युवा सदस्यों, युवा नेतृत्वकर्ताओं की आवश्यकता है। रोटारेक्ट रोटरी की जीवन शक्ति है। पहली बार, कुछ चुनिंदा उ्छ्ठ को 2019 के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा, तालियों की गड़गड़ाहट के मध्य उन्होंने घोषणा की।

नए परिकल्पना कथन: *एक साथ मिलकर हम ऐसी दुनिया देखते हैं जहाँ लोग एकजुट होकर - पूरे विश्व में, हमारे समुदायों में और स्वयं में - एक स्थायी परिवर्तन लाने के लिए कार्य करते है*, को बोलते हुए उन्होंने कहा, ''यह एक वाक्य में रोटरी की परिभाषा है। हम कार्यवाही करने वाले लोग है, हम विचारक या स्वप्नदृष्टा नहीं, बल्कि कार्य करने वाले लोग है। हमारा परिकल्पना कथन दुनिया को बताता है कि दीर्घकाल में हमारे असली मूल्य क्या है और रोटरियनों एवं गैर-रोटेरियनों को यह समझने में मदद करता है कि जब दुनिया को परिवर्तित करने की बात आती है तो हमारा लक्ष्य क्या है।''

रोटरी क्लबों एवं मंडलों द्वारा की जाने वाली प्रत्येक परियोजना एवं पहल में संवहनीयता लाने की

RIPN मार्क मलोनी।

आवश्यकता पर उन्होंने प्रकाश डाला। और सम्मेलन में प्रस्तुत प्रत्येक रोटेरियन से अनुरोध किया कि वे उनके द्वारा ''यहाँ इकट्ठा की गई प्रेरणा को अपने साथ घर ले जाए, और प्रत्येक रोटेरियन के दिल में एक बेहतर दुनिया की लालसा को जगाए ताकि हमारे बच्चों का भविष्य बेहतर बन सके।''

RIPN मलोनी के लिए, टोरंटो बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह उनकी माँ का गृह नगर था, और उन्होंने उनकी ''तेज़ रेडियो आवाज़'' का श्रेय अपनी माँ को दिया जो उनकी किशोरावस्था में CBC में एक रेडियो अदाकारा थी। उनके स्वीकृति भाषण में, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सभी उम्र के व्यक्ति केवल सेवा ही ना करें, बल्कि नेतृत्व भी करें। ''हमारे पास ऐसे क्लब और सदस्यता प्रतिमान होने चाहिए जो आज के परिवारों, समाजों एवं अपेक्षाओं को सम्मिलित कर सकें।'' रोटारेक्टरों की अधिक भागीदारी की दरकार करते हुए, उन्होंने कहा कि रोटरी की पहली साझेदारी रोटारेक्ट के साथ होगी।

रोई महासचिव जॉन ह्यूको ने अपनी व्यक्तिगत कहानी साझा की कि कैसे उनके माता-पिता द्वितीय विश्व युद्ध के अंत के बाद यूक्रेन से यूएस में शरणार्थियों के रूप में आए थे। ''बचपन में, वे मुझे कहानियाँ सुनाते थे कैसे उन्होंने सब कुछ पीछे छोड़ कर पश्चिमी यूक्रेन से, युद्ध से ग्रस्त यूरोप को पार करते हुए, दक्षिणी जर्मनी के शरणार्थी शिविरों तक की एक लंबी और खतरनाक यात्रा की - और फिर आगे नई ज़िन्दगी के लिए यूएस गए। वास्तव में, जिस देश ने मेरे माता-पिता का खुले दिल से स्वागत किया उसे वापस लौटाने की मेरी इच्छा थी जिसने जन-सेवा में मेरी रुचि को प्रोत्साहित किया।''

अनेक प्रख्यात वक्ताओं और रोटरी के छह ध्यानाकर्षण क्षेत्रों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए विश्व नेतृत्वकर्ताओं को प्रतिनिधियों ने सुना। हैती के प्रधान मंत्री और रोटेरियन जैक गाई लफोंतांट ने HANWASH, देश की पानी और स्वच्छता चुनौतियों को हल करने हेतु रोटरी और उनके देश के मध्य एक सहयोग, को बनाने की घोषणा की।

पोलियो के उन्मूलन में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए यूके की राजकुमारी एन ने रोटरी की प्रशंसा की।

नारी शक्ति पर प्रकाश

यूएस की भूतपूर्व प्रथम महिला लॉरा बुश ने एक बच्चे के भविष्य को आकार देने में शिक्षा की महत्ता के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण एवं आर्थिक आज़ादी पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, ''आपका कार्य - बीमारियों से लड़ना, स्वच्छ जल प्रदान करना, माताओं की सहायता करना और शिक्षा एवं शांति को बढ़ावा देना - हमारे बच्चों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करता हैं और मैं आपकी सेवाओं के लिए दिल से आभारी हूँ,'' आगे यह कहते हुए कि बहुत सी आवश्यकताएं हैं जिन्हें पूरा किया जाना है और बहुत से तरीके हैं जिनके द्वारा हम सभी मदद कर सकते हैं।

राय्सली और हेलेन क्लार्क, न्यूज़ीलैंड की पूर्व प्रधान मंत्री और संयुक्त राष्ट्र के संवहनीय विकास लक्ष्यों के शिल्पकारों में से एक, के मध्य हुई एक चर्चा, लैंगिक समानता और पर्यावरण, गरीबी, भूख एवं शांति के मध्य एक महत्वपूर्ण कड़ी पर केन्द्रित थी। राय्सली के एक सवाल कि एक समय में जब राजनीति में महिलाएं बहुत कम थी तब ''प्रतिबंधों को तोड़ने'' के बारे में उन्हें कैसा महसूस हुआ, हेलेन ने कहा, ''जब 1981 में मैं पार्लियामेंट्री पार्टी के लिए निर्वाचित हुई, तब 92 सांसद थे जिनमें से 8 महिलाएं थी और लोगों ने कहना शुरू कर दिया था कि महिलाएं हावी हो रही है!'' ऐसा इस तथ्य के बावजूद भी था कि न्यूज़ीलैंड पहला देश था जहाँ महिलाएं मतदान के अधिकार के लिए 125 वर्ष पूर्व लड़ी थी। उन्होंने दृढ़ निश्चय के साथ समापन किया कि संयुक्त राष्ट्र की दसवीं महासचिव एक महिला होगी और वह सबसे मजबूत उम्मीदवार का समर्थन करेंगी।

समावेशन, समानता और संवहनीय भविष्य के लिए कार्य करने की उनकी प्रतिबद्धता को सम्मानित करने के लिए राय्सली ने हेलेन को रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किया।

अन्य वक्ताओं में, WHO के महानिदेशक, डॉ टेड्रोस अधनोम गेब्रेयासस, UNICEF-USA के अध्यक्ष, डॉ कार्ल एम स्टर्न और फ्रीडम फ्रॉम फिस्तुला फाउंडेशन की संस्थापिका, एन ग्लोग शामिल थे।

इस सम्मेलन में रोटारेक्ट की 50वीं सालगिरह का उत्सव भी मनाया गया और रोटारेक्टरों से रोटेरियन बने लोगों के साथ एक पैनल चर्चा भी की गई जिसका संचालन RIDE ओलेइंका हकीम बाबालोला, एक पूर्व DRR, द्वारा किया गया।

राय्सली और TRF प्रमुख पॉल नेटजेल द्वारा जॉन कॉलफील्ड, एक कैरियर कूटनीतिज्ञ और रोटरी क्लब मूर्सटाउन, न्यू जर्सी, यूएसए द्वारा 1973-74 में प्रायोजित एक राजदूत विद्वान, को रोटरी एलुमनी ग्लोबल सर्विस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा

मदुरै रोटेरियन ने चीन में एक रोटरी क्लब का दौरा किया

एम एस सुंदरवेल

रोटरी का चीन में एक लंबा इतिहास रहा है जो 1919 से शुरू होता है जब चीन के शंघाई में पहले क्लब (और एशिया में दूसरे क्लब) की स्थापना की गई थी। यह पहला अंग्रेजी-भाषी क्लब मुख्य रूप से - अमेरिकन और ब्रिटिश - प्रवासियों का था, लेकिन प्रमुख स्थानीय चीनी व्यापारियों सहित अन्य राष्ट्रीयता वाले लोगों को शामिल करने के कारण जल्द ही यह एक अंतरराष्ट्रीय क्लब बन गया।

चीन में रोटरी का पल्लवित-पुष्पित हुआ और वर्ष 1949 में स्वतंत्रता प्राप्ति तक 33 रोटरी क्लब स्थापित हो चुके थे। वर्ष 1949 के बाद हालांकि रोटेरियन का आपस में मिलना असंभव हो गया और अनेक कई सदस्य विदेश चले गए, और बाकी बचे क्लब को रोटरी इंटरनेशनल ने औपचारिक रूप से 1952 में विघटित कर दिया।

लेकिन वर्ष 2006 से, रोटरी क्लबों को एक-एक करके पुनर्जीवित किया जा रहा है। दिसंबर 2014 में शंघाई वेस्ट को आरआई द्वारा फिर से अस्थायी क्लब की स्थिति प्रदान की गई। मई 2015 में आरआई अध्यक्ष गैरी हुआंग द्वारा चार्टर प्रस्तुत किया गया था और वर्ष 1948 के बाद से रोटरी क्लब शंघाई

क्लबों के अध्यक्ष इवान हुआंग और एस बी राजकुमार झंडो का आदान-प्रदान करते हुए। सुमती राजकुमार और पूर्व अध्यक्ष एम एस सुंदरवेल भी चित्र में शामिल हैं।

वेस्ट मेन लैंड पर पहला मंदारिन चीनी भाषा क्लब है, और यह मूल शंघाई वेस्ट क्लब के पद-चिन्हों का अनुसरण करता है जिसे 16 नवंबर, 1948 को चार्टर्ड किया गया था।

चीन की विशिष्ट खूबियों के कारण चीन के एक विशेष प्रतिनिधि के नेतृत्व में रोटरी द्वारा इसे एक छोटा वास्तविक मंडल माना जाता है, जो उसका वास्तविक मंडल गवर्नर हैं। रोटरी क्लब मदुरै वेस्ट से शंघाई तक 20 रोटेरियन की हालिया यात्रा के दौरान, हमें वर्तमान विशेष प्रतिनिधि रोटेरियन फ्रैंक यीह, शंघाई के रोटरी क्लब के भूतपूर्व अध्यक्ष से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। रोटरी क्लब शंघाई वेस्ट के चार्टर अध्यक्ष, रोटेरियन रिचर्ड 2018-19 के दौरान गवर्नर होंगे।

रोटरी क्लब शंघाई वेस्ट के रोटेरियन ने हमारे सदस्यों को बहुत गर्मजोशी और उत्साह से स्वागत किया। उनकी रिसेप्शन टीम में रोटेरियन (इवान) त्संग-हान हुआंग, अध्यक्ष, चाओ यिन चेंग, सचिव, रिचर्ड, उनके चार्टर अध्यक्ष और वर्तमान एजी और आगामी डीजी, रोटेरियन एम्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष, गिल हुसू, रॉय चु और सम्माननीय लिन्ना वोंग, वाइस फैलोशिप के अध्यक्ष शामिल थे। रोटेरियन लिन्ना वोंग जिन्हें 'कॉफी' के रूप में भी जाना जाता है (इंडोनेशिया में एक कॉफी बागान का मालिक है) ने हम सभी को निश्चिन्त किया और एक दुभाषिया के रूप में हमारी मदद की।

दोनों अध्यक्षों रोटेरियन राजकुमार और रोटेरियन इवान हुआंग ने क्लब के ध्वज और उपहारों का आदान-प्रदान किया। महान दीवार से परे हमारे रोटरी दोस्तों की गर्मी से हम सभी सदस्य को अभिभूत कर रही थी। और सभी को एक साथ लाने के लिए हमने रोटरी का शुक्रिया अदा किया!

लेखक रोटरी क्लब मदुरै वेस्ट, मंडल 3000, के पूर्व अध्यक्ष हैं।

$372.6 मिलियन के साथ TRF नई ऊंचाई पर

जयश्री



TRF ट्रस्टी चेयर पॉल नेटज़ेल।

आपकी उदारता और दुनिया भर के रोटेरियनों के कारण, हमने हमारे संस्थान के लिए 372.6 मिलियन डॉलर का एक नया सालाना-वार्षिक-रिकॉर्ड धन इकट्ठा किया,'' TRF न्यासी प्रमुख पॉल नेटजेल ने टोरंटो सम्मेलन में अपना प्रमुख संबोधन देने के बाद तालियों की ज़ोरदार गड़गड़ाहट के बीच कहा। ऐसा 360 मिलियन डॉलर के एक व्यापक धन एकत्रीकरण लक्ष्य के लिए था, जिसमें पोलियो के लिए 150 डॉलर और वार्षिक कोष के लिए 135 मिलियन डॉलर दो प्रमुख निधीकरण उद्देश्य थे।

उन्होंने याद किया कि जब पिछले साल ढठऋ ने उसके शताब्दी वर्ष का उत्सव मनाया था, तब 300 मिलियन डॉलर के लक्ष्य को 304 मिलियन डॉलर इकट्ठा करके पूरा किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोगों के ऐसा सोचने के बाद भी कि इस वर्ष एकत्रित हुई राशि शताब्दी वर्ष का उत्सव मनाने के बाद कम होगी, ढठऋ न्यासी इस बात को साबित करने के लिए दृढ़ संकल्पित थे कि चूंकि 2017-18 रोटरी संस्थान की दूसरी सदी का पहला साल है, इसलिए एक उच्चतर लक्ष्य को निर्धारित करके उसे हासिल करना चाहिए।'' उन्हें विश्वास था कि आप रोटेरियन इस चुनौती को स्वीकार करेंगे,

क्योंकि दुनिया भर में जरूरतें अब पहले के मुकाबले अधिक गंभीर है।''

संस्थान ने पिछली सदी में मानवीय परियोजनाओं पर 4.4 बिलियन डॉलर से भी अधिक का निवेश किया है और विश्व भर के 85 प्रतिशत से अधिक मंडल वैश्विक अनुदान में हिस्सा ले रहे है। इस वर्ष लगभग 1200 अनुदान आवेदन स्वीकृत किए गए है। जिनमें 168 देशों के 487 मंडल अनुदान शामिल है।

इस बात पर आश्चर्य करते हुए कि कैसे विभिन्न सेवाओं के साथ तेजी से बदलती दुनिया में संस्थान ने स्वयं को ढाला है, उन्होंने बीत चुके दशकों की ओर गौर किया - 1930 के दशक में इंस्टिट्यूट फॉर इंटरनेशनल अंडरस्टैंडिंग का लोकार्पण; 1940 के दशक में ग्रेजुएट शिक्षा हेतु स्कॉलरशिप कार्यक्रम जिसने ''हमें 1945 की सैन फ्रांसिस्को की बैठक में एक सीट भी दिलाई जिसमें संयुक्त राष्ट्र का चार्टर हस्ताक्षरित किया गया था।'' 1960 के दशक में क्लब/मंडलों के मध्य अन्तर्राष्ट्रीय साझेदारियां दिखी। 2000 के दशक में, रोटरी शांति केंद्रों ने सभी महाद्वीपों के विद्यार्थियों को शांति निर्माण और संघर्ष रोकथाम एवं निराकरण में कैरियर बनाने के लिए समर्थन देना शुरू किया। ''और, आज, इस कार्यक्रम में 1,162 ग्रेजुएट है, जिसमें 100 नए रोटरी शांति निर्माता हर वर्ष जोड़े जा रहे हैं। अगले दशक में हम चार नए शांति केंद्रों को जोड़ेंगे,'' नेटज़ेल ने कहा।

पोलियो के उन्मूलन में रोटरी की महत्वपूर्ण भूमिका पर उन्होंने बताया कि कैसे टोरंटो ने इस अति महत्वपूर्ण उपलब्धि में सहयोग किया। जब 1950 के दशक में डॉक्टर जोनास साक ने पहली बार पोलियो का टीका विकसित किया, तो उन्हें नहीं पता था कि व्यापक स्तर पर वितरण के लिए टीके का बड़े पैमाने पर उत्पादन कैसे किया जाए। ''परंतु यहाँ टोरंटो में, एक कनाडियाई वैज्ञानिक, डॉक्टर लियोनी फेराल, विशाल मात्रा में टीके का उत्पादन करने पर कार्य कर रही थी जिसे आज 'टोरंटो विधि' के नाम से जाना जाता है।'' उन्होंने पोलियो वायरस के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए कोशिका संवर्धन को धीरे-धीरे हिलाकर टीके के उत्पादन की एक विधि की खोज की। इसने साक के सीरम की 1954-55 के दौरान यूएस, कनाडा और फिनलैंड के 1.8 मिलियन बच्चों का सफलतापूर्वक टीकाकरण करने में मदद की, और जिससे इतिहास में यह सबसे बड़ा चिकित्सीय प्रयोग बन गया। जहाँ डॉ. साक टाइम पत्रिका के कवर पर आए, वहीं डॉक्टर फेराल गुमनामी में लुप्त हो गई। ''उनकी तरह, पोलियो के खिलाफ हमारी लड़ाई में हमारे पास बहुत से अनसुने नायक हैं जिन्हें आज हम दो तरीकों से याद करते हैं; पहला, हम उनकी विरासत को एक पोलियो मुक्त विश्व बनाकर सम्मानित कर सकते हैं; दूसरा, हम स्वयं को पोलियो के बाद के युग हेतु तैयार करके रोटरी का भविष्य बना सकते है।''

पिछले एक वर्ष में, रोटरी और अन्य वैश्विक नेताओं ने पोलियो को खत्म करने हेतु 1.5 बिलियन डॉलर दिए, जिसमें रोटरी का योगदान 450 मिलियन डॉलर का था। ''हम इस वर्ष के 50 मिलियन डॉलर के लक्ष्य को हासिल करने के बहुत करीब है और इसके लिए हमारे पास बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन का 2 के लिए 1 का मिलान है जिससे TRF में 100 मिलियन डॉलर का योगदान होगा।''

उन्होंने राजश्री बिड़ला, आदित्य बिड़ला फाउंडेशन फॉर कम्युनिटी इनिशियेटिव्स एंड रूरल डेवलपमेंट की अध्यक्ष, की उदारता पर प्रकाश डाला जिन्होंने हाल ही में पोलियो फंड के लिए एक मिलियन डॉलर का योगदान दिया जिससे उनका कुल योगदान 11 मिलियन डॉलर तक पहुँच गया है। ''हम बहुत भाग्यशाली है कि हमारे पास राजश्री बिड़ला जैसे दानकर्ता है जो एक ऐसे देश से है जो पांच वर्षों से भी अधिक से पोलियो मुक्त है।''

हम बहुत भाग्यशाली है कि हमारे पास राजश्री बिड़ला जैसे दानकर्ता है जो एक ऐसे देश से है जो पांच वर्षों से भी अधिक से पोलियो मुक्त है।

पॉल नेटज़ेल
TRF ट्रस्टी चेयर

2025 तक 2.025 बिलियन डॉलर की अक्षय निधि के निर्माण के TRF के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के बारे में बात करते हुए, नेटज़ेल ने कहा कि जब ऐसा होगा, तब संस्थान समुचित रूप से निवेश द्वारा - डॉलर की वर्तमान कीमत में - लगभग 100 मिलियन डॉलर प्रति वर्ष कमाने की उम्मीद कर सकता है। यह निधि इस बात को सुनिश्चित करेगी की भावी रोटेरियनों के पास एक परिवर्तन लाने हेतु परियोजनाओं का प्रारूप तैयार करने एवं उन्हें कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक संसाधन हो।

जब तक पोलियो का पूर्ण रुप से उन्मूलन नहीं होता, तब तक प्रधान मंत्री ट्रूडो ने कनाडा के मजबूत साझेदार बने रहने का वचन दिया है।

इयान राय्सली
रो ई अध्यक्ष

एक गंभीर बात कहते हुए, पोलियो से बचने वालों की सुधारात्मक सर्जरियां करने हेतु मंडल गवर्नर के रूप में की गई उनकी भारत यात्रा को उन्होंने याद किया, जब वह 9 वर्षीय पारीख और उसके माता-पिता के भाव से द्रवित हो गए थे। मेरे पास शब्द नहीं थे और जब उन्होंने झुककर ''मेरे पैर छुए तो वास्तव में समय मेरे लिए थम गया था। अगली बार जब आप रोटरी संस्थान में अपने योगदान देने के स्तर के बारे में सोचें, तो कृपया दुनियाभर के पारीखों के बारे में सोचिएगा। धन्यवाद!''

दिन की विशिष्ट बातों में से एक थी रो ई अध्यक्ष इयन राय्सली और अंतर्राष्ट्रीय पोलियोप्लस समिति के अध्यक्ष माइकल मैकगवर्न द्वारा कनाडियाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को पोलियो उन्मूलन चैंपियन पुरस्कार से सम्मानित करना।

यद्यपि कनाडा 20 वर्ष पहले ही पोलियो से मुक्ति पा चुका है, फिर भी इस देश ने पोलियो के लिए 750 मिलियन कनाडियाई डॉलर का समर्थन दिया है, जिसमें वर्ष 2017 में वैश्विक उन्मूलन के लिए 100 मिलियन डॉलर, और पाकिस्तान में पोलियो उन्मूलन प्रयासों के लिए 20 मिलियन डॉलर का योगदान शामिल है। जून की शुरुआत में, कनाडा, जो G7 सम्मेलन का मेजबान था, के साथ G7 के



कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडों (बाएं) और रो ई अध्यक्ष इयन राय्सली।

अन्य नेता पोलियो उन्मूलन के प्रति प्रतिबद्धता का वचन देते हुए जुड़े।

सामूहिक टीकाकरण अभियानों में हिस्सा लेने हेतु पोलियो-पीड़ित देशों की यात्रा करने के अलावा, पोलियो उन्मूलन के लिए कनाडियाई रोटेरियनों ने 66.6 मिलियन डॉलर का योगदान दिया है।

स्वयं से ऊपर सेवा का आपका मौलिक सिद्धांत केवल आपके समर्पण का वर्णन नहीं करता। यह दुनिया को यह भी दिखाता है कि जब हम एक साथ होते है तो हर कोई क्या कर सकता है।

जस्टिन ट्रूडों
कनाडा के प्रधान मंत्री

एक पोलियो मुक्त दुनिया के लिए कार्य करने हेतु रोटरी से जुड़ने वाली पहली सरकार कनाडा थी। ''जब तक पोलियो का पूर्ण रुप से उन्मूलन नहीं होता, तब तक प्रधान मंत्री ट्रूडो ने कनाडा के मजबूत साझेदार बने रहने का वचन दिया है। इस ऐतिहासिक प्रयास के लिए आपके देश के दीर्घकालिक समर्थन के हम आभारी हैं। दुनियाभर के बच्चों की भलाई के लिए हम अभी और हमेशा हर संभव प्रयास जारी रखने करने का वादा करते हैं,'' राय्सली ने कहा।

पुरस्कार लेने के बाद अपने भाषण में, प्रधानमंत्री ने कहा, ''कनाडा में आप जहाँ भी जाते है, 'रोटेरियन' शब्द से लोग सेवा के बारे में सोचते है। ऐसा इसलिए क्योंकि आपके द्वारा प्रतिदिन किए जाने वाले कार्यों से कुछ अद्भुत होता है। प्रति वर्ष 16 मिलियन स्वयंसेवा घंटे बधाइयाँ। ना केवल रोटरी ने 2 बिलियन डॉलर के ऊपर खर्च किया है, बल्कि आपने भी सरकारों पर परिवर्तन लाने के लिए दबाव बनाया है। इसलिए पोलियो उन्मूलन चैंपियन पुरस्कार प्राप्त करते हुए, मैं आप सभी लोगों का भी धन्यवाद करना चाहता हूं।''

''स्वयं से ऊपर सेवा का आपका मौलिक सिद्धांत केवल आपके समर्पण का वर्णन नहीं करता। यह दुनिया को यह भी दिखाता है कि जब हम एक साथ होते है तो हर कोई क्या कर सकता है। मैं चाहता हूँ कि हमारे बच्चे एक पोलियो मुक्त दुनिया में बड़े हो। मैं एक ऐसी दुनिया चाहता हूँ जहाँ लिंग समानता एक वास्तविकता हो और हर एक को सफल होने का अवसर मिले। मैं जानता हूँ एक साथ मिलकर हम कड़ी मेहनत करके एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते है। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद!''

प्रधानमंत्री जान क्रेटियन और स्टीफन हार्पर के बाद, ट्रूडो इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाले तीसरे कनाडियाई प्रधानमंत्री है। पूर्व प्राप्तकर्ताओं में शिंजो आबे, जापान के प्रधानमंत्री; एंजेला मर्केल, जर्मनी की चांसलर; ज़ेविएर बेटेल, लक्ज़मबर्ग के प्रधान मंत्री; मुहम्मदु बुहारी, नाइजीरिया के राष्ट्रपति; नेविन मिमिका, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और विकास के लिए यूरोपीय आयुक्त; और बान की-मून, पूर्व संयुक्त राष्ट्र महासचिव भी शामिल है।

चित्र : माइक थोर्न
एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा

लड़की छात्रों को सशक्त बनाना

किरण ज़ेहरा

RIDE भरत पांड्या और पीडीजी सेम पतिबंदला एक छात्र को साइकिल देते हुए। चित्र में क्लब की अध्यक्ष टी एस शशिकला और अन्य रोटेरियन भी शामिल हैं।

हैदराबाद गाचीबोवली, मंडल 3150 के रोटरी क्लब के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के तीन महीने पहले से तैयारी कर रही, टी एस शशिकला यह भलीभांति जानती थी कि उन्हें रोटरी वर्ष का शुभारंभ कैसे करना है। पदग्रहण समारोह में आरआईडीई भारत पांड्या की उपस्थिति ने सोने पे सुहागे का कार्य किया, जो भारत में महिलाओं के नेतृत्व को प्रोत्साहित करना चाहता थे, और इसलिए उन्होंने पदग्रहण समारोह में भाग लेने का निर्णय लिया। वह कहती हैं, ''हम पीडीजी सेम पतिबंदला और टीवीआर मूर्ति के आभारी हैं जिन्होंने हमारी ओर से इस अवसर पर उन्हें आमंत्रित किया।''

क्लब के सदस्यों द्वारा साइकल प्राप्त करने के लिए ''अच्छी उपस्थिति और अकादमिक रिकॉर्ड वाले'' छात्राओं की पहचान की गई और उनकी सूची बनाई गई। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि ''इन लडकियों को स्कूल पहुंचने के लिए प्रतिदिन 7-8 किमी की यात्रा करनी पड़ती हैं, इसके बावजूद वे प्रतिदिन स्कूल आती रहीं। उनका ऐसा समर्पण और कर्मनिष्ठा प्रशंसनीय है।ऽ इस परियोजना पर कुल ₹45,000 व्यय किया गया। इतना ही नहीं, ''हमने कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि वाले महिलाओं की भी पहचान की जो सिलाई कारखानों में अंशकालिक काम करती थी,'' और उनकी आय को दोगुना करने के उद्देश्य से क्लब ने ₹30,000 की लागत से 6 सिलाई मशीनें वितरित की।

वर्ष 2008 में अपनी स्थापना के बाद से, क्लब लड़कियों की शिक्षा और महिलाओं की सशक्तिकरण का समर्थन करने वाली परियोजनाओं को निष्पादित करने में शामिल रहा हैं। वह कहती है, ''अग्रगामी सोच और सेवा की मानसिकता'' वास्तव में ''हमारे क्लब के सदस्यों के गुण हैं और हम बिना किसी भेदभाव के एकसाथ मिलकर काम करते हैं।'' ■



एक जोशपूर्ण पुनर्मिलन

जयश्री

वर्ष 1991-92 के गवर्नरों का यह पुनर्मिलन PRIP राजा (साबू) द्वारा प्रदान की गई ताकत और समर्थन के लिए प्रशंसा और कृतज्ञता का प्रतीक है। अपने अध्यक्ष से साझा किये जाने वाले विशेष मूल्यों के कारण हम एक साथ आने के इस अवसर की प्रतीक्षा करते है और हम इसे हर साल करना पसंद करते है। यह जाम 1991-92 के बैच के नाम,'' PRIP राजेंद्र साबू और उनकी पत्नी उषा को शुभकामनाएं देते हुए, कार्यक्रम अध्यक्ष लुइस मर्किआनो ने कहा, जो 1991-92 में यूएस से एक पीडीजी रहे है।

टोरंटो सम्मेलन में 1991-92, जब साबू रोई अध्यक्ष थे, के बैच के गवर्नरों के पुनर्मिलन का जश्न मनाने के लिए दोपहर का भोज आयोजित किया गया। अतिथियों में PRIP के आर रविन्द्रन और वनाथी, रोई अध्यक्ष बैरी रेसिन और एस्थर, रोई निदेशक सी भास्कर और मालती, PRID वाय पी दास और PRID जॉन बोआग, और साबू के गृह मंडल 3080 से आए गवर्नरों सहित पूर्व गवर्नर शामिल थे। साबू ने याद किया, जहाँ रविन्द्रन और रेसिन गवर्नर थे, भास्कर और स्कॉटलैंड से टोरंटो सम्मेलन के अध्यक्ष गॉर्डोन आर मेकइनाली क्लब अध्यक्ष थे। RIDE ओलायिन्का बाबालोला (नाइजीरिया), जो सम्मेलन में उपस्थित थी, उस समय रोटारेक्ट क्लब अध्यक्ष थी; ''यह दर्शाता है कि हम सब कितने पुराने है!''

हर साल यह समारोह रोटरी सम्मेलन के साथ आयोजित किया जाता है। इस अंतरंग समारोह में पूर्व गवर्नरों और वरिष्ठ नेतृत्वकर्ताओं के मध्य सौहार्द और जोश एवं साबू के प्रति उनका प्रेम और सम्मान स्पष्ट था।

एक पुनर्मिलन जो एक अनुदान संचयन समारोह बन गया

यह पुनर्मिलन बैठक एक से अधिक मायनों में विशेष है। ''इसकी एक दिलचस्प कहानी है,'' रविन्द्रन ने कहा। 1998 में, साबू और उषा ने कुछ पीडीजीयों, जिसमें रविन्द्रन भी शामिल थे, को चंडीगढ़ में अपने

PRIP राजा साबू और उषा, मंडल 3080 पीडीजीयों के साथ, चित्र में PRID वाय पी दास (चरम दाएं) भी शामिल हैं।

घर पर आमंत्रित किया और उनके लिए दिल्ली से एक रेल यात्रा बुक की। ''यात्रा के दौरान, हम जोड़े को क्या तोहफा दे इस पर गहन विचार कर रहे थे। और लू मर्किआनो को एक बहुत बढ़िया विचार आया। उन्होंने कहा, चलो कुछ धन इकट्ठा करते है और उन्हें देते है। और वे जैसे चाहे उस पैसे का इस्तेमाल कर सकते है, शायद वे इसे एक सेवा परियोजना में लगाना चाहे।''

तो उन 20 लोगों में से प्रत्येक ने 50 डॉलर का योगदान दिया, और अन्य अतिथि ने 20 डॉलर दिए, और इस तरह कुल 1,020 डॉलर इकट्ठा हो गए। साबू दम्पति ने तोहफे की सराहना की, और इस विचार को दुनियाभर में 1991-92 के गवर्नरों तक विस्तृत करने की अनुशंसा की। उन्होंने मर्किआनो को इस विचार को पूर्व गवर्नरों तक विस्तारित करके 25,000 डॉलर इकट्ठा करने का सुझाव दिया। ''मैं एक बहुत ही मुश्किल परिस्थिति में था। मैंने उनसे पूछा, मैं ऐसा कैसे करूँ? हमारे पास रोटरी में 6,000 भाषाएँ है और मैं उन सबसे कैसे संवाद करूंगा? मैंने राजा (साबू) से कहा, जिसका उन्होंने उत्तर दिया, 'इसकी चिंता मत करो। तुम कर सकते हो।' भगवान मेरी पत्नी ग्लोरिया का भला करें। उसने कहा, लू, मैं इस कार्य में तुम्हारी मदद करूंगी,'' मर्किआनो ने बताया।

साबू ने पत्र का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद करवाया और मर्किआनो और उनकी पत्नी ने पत्रों को मेल कर दिया। ''जो सबसे पहला चेक उन्हें प्राप्त हुआ वह 20,000 डॉलर का था और अगला चेक 1,000 डॉलर का था।'' रविन्द्रन ने 25,000-30,000 डॉलर के कई चेक भेजे। ''बल्कि पीडीजी रवि वाडलामानी और उनकी पत्नी राजी (राज्यलक्ष्मी)... वह हमारे बैच के सदस्य नहीं है... फिर भी पिछले 6-7 सालों से हर साल 1,000 डॉलर का चेक भेजते है,'' उन्होंने आगे कहा। इस भाव प्रदर्शन का सम्मान करने के लिए, वाडलामानियों को इस बैच का मानद सदस्य बनाया गया।

समय के साथ, यह निधि एक अच्छे मूल्य तक बढ़ गई, जो रोटरी शांति केन्द्रों में चार शांति निर्माताओं - 2002, 2009, 2014 और 2018 प्रत्येक में एक - को प्रायोजित करने हेतु पर्याप्त थी। उनमें से तीन पास हो गए और एक जल्दी ही ग्रेजुएट होने वाला है। रविन्द्रन ने आगे कहा, ''उस समय हमारे द्वारा शुरू किये गए ट्रेन कैरिज फण्ड के कारण, इस निधि का वर्तमान उपहार मूल्य 561,804 डॉलर है और इसका बाजार मूल्य 740,846 डॉलर है। छोटी सी शुरुआत के साथ, हम काफी बड़े आंकड़े पर पहुँच गए और हमें इस निधि को कम से कम एक मिलियन डॉलर तक ले जाने हेतु बढ़ाना जारी रखना चाहिए।''

यह याद करते हुए कि कैसे साबू ने सभी मंडलों तक रोटरी को प्रभावी रूप से ले जाने के लिए गवर्नरों को शामिल किया, रेसिन ने कहा, ''जब हमारा समुदाय एक साथ होता है तो हम अपनी दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए एक साथ मिलकर अपने रास्ते में आने वाली हर मुश्किल को दूर कर सकते है। रविन्द्रन के सहायक के रूप में सेवा देने से, उन्होंने आगे कहा, उन्हें पता चला कि विश्व अध्यक्ष बनने के लिए क्या करना होता है। मैं आशा करता हूँ कि मैं राजा और रवि की तरह ही एक अच्छा अध्यक्ष बन सकूं,'' उन्होंने आगे कहा।

उन्होंने सभी क्लबों के अध्यक्षों से स्वयं को युवा पीढ़ी के लिए अधिक आकर्षक बनाने के लिए कहा। ''यह हमारे लिए एक आमूल-चूल परिवर्तन में खनखनाने का समय है। प्रत्येक क्लब को यह विचार करने की जरुरत है कि भविष्य क्या है और हम वहाँ तक कैसे पहुंचेंगे।'' प्रत्येक क्लब को इस बात को सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावशाली परिवर्तन लाना होगा कि यह एक जीवंत, मजबूत क्लब है जिसमें रोटेरियन जाना चाहते है। ''मैं आपसे, विशेषरूप से इस बैच से, यह निवेदन करता हूँ कि हम में से प्रत्येक को स्वयं से परे देखना चाहिए और हमारे आसपास के लोगों, हमारे दोस्तों और समुदायों के लिए प्रेरणा बनना चाहिए, ताकि हम यह सुनिश्चित कर सकें कि हम जो भी चाहते है सभी लोग उसका हिस्सा बनना पसंद करें।''

साबू ने, एक मधुर मिजाज़ में, प्रतिनिधियों का शुक्रिया अदा किया और कहा, ''जब तक मैंने 1991 में अंतर्राष्ट्रीय सभा में अपना पहला भाषण नहीं दिया था, मुझे लगता था: क्या भारत जैसे एक विकासशील देश के इस छोटे कद के आदमी को दुनियाभर के रोटेरियनों के दिल में जगह मिल पाएगी? फिर जब मैंने अपनी थीम के बारे में बात की, तो मैं समझ गया कि मैंने एक रिश्ता बना लिया है - वे मेरे है और मैं उनका हूँ। और तब मुझे यह एहसास हुआ कि 1991-92 हम सभी के लिए यादगार वर्ष होगा। मुझे उम्मीद है कि हमें सेवा देने के लिए कई वर्ष दिए जाएँगे और हम पुनर्मिलन बैठक में मिलना जारी रखेंगे और साथ ही संपर्क को बनाए रखने के लिए अपना हर संभव प्रयास करेंगे ताकि हम एक दूसरे से प्रेरणा ले सकें।''

चित्र: जयश्री

एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा

कोपाई नदी का सम्मान

रशीदा भगत

प्रोफेसर माले मुखोपाध्याय एक उत्साही पोटेमोलॉजिस्ट (जो नदी विशेषज्ञ जो नदियों पर अनुसंधान करता है) है। वह विश्व भारती विश्वविद्यालय में भूगोल के प्रोफेसर है, और नदियों के महत्व के बारे में समझाने एवं कैसे इनके आसपास रहने वाले लोगों को इनका ध्यान रखना चाहिए, के बारे में जागरूकता फ़ैलाने के लिए उन्होंने पांच नदियों के किनारे पैदल यात्रा की है, जिसमें थेम्स नदी भी शामिल है। दिसंबर 2017 में, अपने शोध विद्वानों की सहायता से गहन शोध करने के बाद, उन्होंने कोपाई नदी के किनारे 110 किलोमीटर लंबी 40 दिन की पैदल यात्रा के अभियान का नेतृत्व किया।

''वह नदियों को जीवित प्राणी के रूप में देखते है और उन्हें पहुंचाया गया कोई भी नुकसान उनको तकलीफ देता है। वह हमारे क्लब रोटरी क्लब टेगोर लैंड, जो शांतिनिकेतन - शांति का आवास जहाँ नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टेगोर ने विश्व भारती यूनिवर्सिटी की शुरुआत की थी - के अभ्यंतर में स्थित है, के एक सदस्य है। इस यूनिवर्सिटी के कई प्रोफेसर क्लब के सदस्य है, और उन्होंने नदियों के अपकर्षण पर लोगों का ध्यान केन्द्रित करने हेतु इस अनोखी परियोजना को प्रारंभ किया,'' रो ई मंडल 3240 से पीडीजी अशोक कुमार अग्रवाल कहते है।

प्रोफेसर के नेतृत्व में, उनके क्लब के कुछ सदस्य, साथी और विद्यार्थी एवं कुछ जर्मन आगंतुकों ने कोपाई नदी के स्रोत से लेकर, मयूराक्षी नदी में इसके संगम तक, 110 किलोमीटर की दूरी की यात्रा करने हेतु एक हफ्ते तक चलने वाले अभियान की शुरूआत की। कोपाई एक छोटी नदी है जो शांतिनिकेतन के उत्तर में बहती है, और यह पश्चिम में छोटानागपुर पठार की तलहटी से निकलती है और अंत में पूर्व की ओर बहकर मयूराक्षी नदी में मिल जाती है।

यह पूछे जाने पर कि उन्होंने कोपाई नदी का चुनाव क्यूँ किया, प्रोफ़ेसर मुखोपाध्याय, जो रोटरी क्लब टेगोर लैंड के संस्थापक सदस्य है, ने कहा कि महान कवि टेगोर को इस नदी से बहुत स्नेह था। ''उन्होंने ही इसका नाम बदलकर वर्तमान कोपाई

रखा था क्योंकि यह बाढ़ के लिए प्रवण था और लोग बाढ़ से बहुत डरे हुए होते थे। लेकिन इसमें सिंचाई के लिए भरपूर पानी होता था और स्थानीय लोग इस नदी पर बहुत सारे अनुष्ठान करते थे।''

बल्कि, टेगोर इस कोपाई नदी पर इतना मोहित थे कि उन्होंने इसके बारे में लिखा था: *''अमादेर छोटो नोदी चले आंके बांके, बोइसाख मासे तार हन्तु जल थाके।* (हमारी छोटी धारा आगे बढ़ते हुए वक्र मोड़ लेती है, बैसाख के महीने में इसमें केवल घुटने तक पानी होता है।)''

टेगोर के इस नदी के प्रति आकर्षण की एक अन्य वजह इसकी सुन्दरता थी और उन्होंने प्रसिद्द पोटेमोलॉजिस्ट डॉ आर्थर गेडेस को इस नदी का अध्ययन करने के लिए आमंत्रित किया था। ''जब मैं लगभग 30 वर्ष पहले विश्व भारती यूनिवर्सिटी से जुड़ा, मैंने नदी पर शोध करना शुरू किया और कुछ समय बाद अपनी पत्नी और बेटी गायत्री, जो उस वक्त केवल 3 साल की थी, और उसका नाम गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकार्ड्स में दर्ज है, के साथ इस नदी के किनारे पैदल यात्रा की,'' प्रोफेसर कहते है।

पैदल यात्रा

इस लंबी पैदल यात्रा के व्यवस्थापन को समझाते हुए, संजुक्ता बाणिक, प्रोफेसर मुखोपाध्याय की शोध विद्वान्, ने कहा कि इस पैदल यात्रा में लगभग 40 स्थायी सदस्य थे, जिनमें से आधा दर्जन महिलाएं

हम जिस भी गाँव में गए, हमारा इतनी गर्मजोशी के साथ अतिथि सत्कार किया गया कि ऐसा लग रहा था मानो गाँव वाले कोई उत्सव मना रहे हो। वे हमारे लिए चाय, खाना लाए और यदि हमें कोई समस्या थी तो उन्होंने हमारी मदद करने के लिए हर संभव प्रयास किया।

प्रोफेसर माले मुखोपाध्याय, अनुसंधान विद्वानों की एक टीम के साथ कोपाई नदी के तट पर।

थी, जिन्होंने सम्पूर्ण 110 किलोमीटर की दूरी की पैदल यात्रा तय की। प्रोफ़ेसर के सात जर्मन सहयोगी भी थे जो इस अभियान में शामिल हुए। रास्ते में अन्य लोग दो या तीन दिन की पैदल यात्रा करने हेतु अलग-अलग जगहों से इसमें शामिल हुए और इस श्रेणी में लगभग 15 से 20 महिलाएं थी। इस 8-दिवसीय यात्रा, जो इसके प्रतिभागियों के लिए बहुत लचीली थी, के दौरान यह दल आठ विभिन्न गाँवों के पास नदी के तट पर या उसके आसपास तम्बुओं में रहा और इसने नदियों को स्वच्छ और जीवित रखने के महत्व के बारे में गाँव वालों को जागरूक करने की कोशिश की।

इस पैदल यात्रा और महिला प्रतिभागियों के साथ-साथ पैदल यात्रियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में समझाते हुए, उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि प्रतिदिन 30 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी और ''हमारे पास 82 वर्ष की उम्र से लेकर 4 वर्ष की उम्र तक के प्रतिभागी थे। मेरे दृष्टिकोण से यह बहुत बड़ी चुनौती थी; 82 वर्षीय प्रोफ़ेसर मुखोपाध्याय के बड़े भाई थे।''

रात्रि में पैदल यात्रियों का समूह गाँवों में अस्थायी तम्बुओं में डेरा डालता था, ''और हम स्लीपिंग बैग्स में सोते थे।'' उनकी शौचालय की जरूरतों के लिए महिलाओं को ज्यादा परेशानी नहीं उठानी पड़ी क्योंकि ''अधिकतर जगह हमने अपने तम्बू स्कूल के मैदानों में लगाए थे और उनके शौचालयों का इस्तेमाल किया था। स्कूलों में सोने से हमें सुरक्षा का आभास भी होता था,'' वह आगे कहती है।

प्रोफ़ेसर मुखोपाध्याय ने कहा एक रात उनके रोटरी क्लब के परिसर में गुजारी गई थी, जहाँ पर कुछ 13 तम्बू लगाए गए।

इस दल ने खजूरी नमक गाँव में इस नदी के स्रोत पर एक चिन्हक पत्थर लगाया। इस चिन्हक पत्थर पर रोटरी का प्रतीक मुख्य रूप से प्रदर्शित हो

अभियान टीम द्वारा रात गुजारने के लिए लगाए गये टेन्ट।

रहा था। ''इस सफ़र ने ना केवल हमारी जिंदगियों में नदी के महत्व के बारे में बल्कि इसे अवकर्षण से बचाने के बारे में भी विभिन्न गाँव वालों के मध्य जागरूकता फैलाई। इसने उन रोटेरियनों के दिमाग में भी तरंग पैदा की जो इसके किनारे पैदल यात्रा कर रहे थे कि कैसे मनुष्य का लालच हमारे पर्यावरण को बर्बाद कर रहा है और प्रकृति ने हमें क्या तोहफा दिया है,'' प्रोफेसर मुखोपाध्याय कहते है। उनके निमंत्रण पर NGO इंडियन हेल्फी से कुछ जर्मन भी इस सफ़र में सम्मिलित हुए।

गर्मजोशी के साथ स्वागत

संजुक्ता आगे कहती है कि गाँव वालों के द्वारा किये गए स्वागत से दल अभिभूत था। यह सबसे अच्छी बात थी; ''हम जिस भी गाँव में गए, हमारा इतनी गर्मजोशी के साथ अतिथि सत्कार किया गया कि ऐसा लग रहा था मानो गाँव वाले कोई उत्सव मना रहे हो। वे हमारे लिए चाय, खाना लाए और यदि हमें कोई समस्या थी तो उन्होंने हमारी मदद करने के लिए हर संभव प्रयास किया।''

''लेकिन फिर दल के कुछ सदस्य गाँव वालों से परिचित थे क्योंकि करीब छह महीने पहले इस परियोजना को करने से पूर्व, प्रोफेसर मुखोपाध्याय और उनके कुछ छात्र, जिनमें संजुक्ता भी शामिल थी, ने नदी के किनारे एक संक्षिप्त सर्वेक्षण किया था, सभी गाँवों का दौरा किया और रात और दिन में हमारे ठहरने के स्थलों को चिन्हित किया एवं नदी के बारे में गाँव वालों के विचार जानने के लिए उनसे बातचीत की,'' वह आगे कहती है।

यह पूछे जाने पर कि पैदल यात्रा के लिए क्यों इस नदी विशेष को चुना गया और क्या यह खत्म हो रही है, वह कहती है, ''वास्तव में नहीं; कोपाई एक बहुत ही असाधारण और छोटी नदी है, मात्र 110 किलोमीटर लंबी। इस नदी का चुनाव इसलिए किया गया क्योंकि हमारे प्रोफेसर ने 25 साल पहले 1991 में इस नदी के किनारे एक पैदल यात्रा का आयोजन किया था; 2017 उस सफ़र की रजत जयंती थी और इसलिए वह इस नदी के किनारे कुछ लोगों के समूह के साथ चलकर इस नदी को सम्मान देना चाहते थे।''

जब उनसे पूछा गया कि क्या नदी में पर्याप्त पानी था, वह कहती है कि इसके कुछ हिस्से पूरी तरह सूख गए है; और कुछ जगहों पर कुछ अनाचार किया जा रहा था। ''उदाहरण के लिए, शांतिनिकेतन के पास, हमने देखा कि लोग संपूर्ण नदी तल को कंक्रीट से भर रहे थे।''

महिलाओं का नज़रिया

इस पीएचडी विद्वान ने एक दिलचस्प बात साझा की कि नदी के प्रति महिलाओं की धारणा और दृष्टिकोण पुरुषों से काफी भिन्न है। उनके कार्य के एक हिस्से में नदियों को लेकर गाँव की महिलाओं के नजरियें के ऊपर एक शोध सर्वेक्षण करना भी शामिल था।

''मैंने महिलाओं से जाना कि पहले यह कोपाई नदी संपूर्ण गाँव के जीवन का एक अभिन्न हिस्सा थी। लेकिन अब गाँव वाले नदी से दूर जा रहे है। वे अब नदी पर आश्रित नहीं है और अब साल में एक या दो बार इस नदी पर कुछ धार्मिक कारणों से या किसी समारोह के लिए आते है। इसके अलावा, उनका नदी से कोई और लगाव नहीं है जो बहुत दुःख की बात है।''

कुछ गाँव वालों ने याद किया कि कई वर्ष पहले एक प्रोफेसर आए थे और उन्होंने नदी का उत्सव मनाने के लिए पत्थर को स्थापित किया था। प्रोफेसर यह जानकर बहुत खुश थे कि उनके द्वारा की गई यात्रा लोगों को याद है, जिसका मतलब यह है कि हमारे प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने के प्रयासों पर ध्यान दिया जाता है।



नदी के ट्रेक के लिए मैप।

टीम के सदस्य, 25 साल पहले प्रोफेसर मुखोपाध्याय द्वारा स्थापित किए गये पत्थर के साथ एक तस्वीर लेते हुए।

साथ ही, उन्होंने पाया कि नदी के स्रोत के समीप लोग पूरी तरह नदी से दूर और जुदा है; लेकिन जैसे-जैसे आप नदी के प्रवाह के साथ आगे जाते है, उनका लगाव बढ़ता जाता है, ''लेकिन फिर भी यह पहले के समय की तुलना में कम है जब लगाव अधिक हुआ करता था।'' गाँव वालों से बात करते हुए, उन्होंने जाना कि महिलाओं का पुरुषों की तुलना में नदी से अधिक भावनात्मक लगाव था। ''पुरुष इसलिए अधिक प्रसन्न है क्योंकि उन्हें मनरेगा या इसी प्रकार की अन्य योजनाओं के अंतर्गत नदी के तल से रेत उठाने या कुछ निर्माण कार्य करने हेतु 100 दिनों का काम मिलता है और यह बात उन्हें खास परेशान नहीं करती कि नदी खत्म हो रही है या सूख रही है। लेकिन दूसरी ओर, मैंने जाना कि नदियों की क्षीण स्थिति देखकर महिलाओं को वास्तव में बुरा लगता है। वे हमें उनके बचपन के किस्से सुना रही थी कि पहले कैसे नदी अपने पूरे वेग के साथ बहती थी और अब इसके कुछ हिस्से सूख चुके है। निश्चित रूप से नदियों के प्रति महिलाओं की संवेदनाएं अधिक है... ''

इस यात्रा का एक अभिन्न उद्देश्य नदी के किनारे कुछ पर्यटक और विरासत स्थलों को चिन्हित करने का भी था - छोटे मन्दिरों और ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों के अन्य पर्यटन स्थलों - जिन्हें सूचीबद्ध किया गया है।

सुनहरा क्षण

इस दल के लिए इस यात्रा का सुनहरा क्षण उस जगह पहुँचना था जहाँ प्रोफेसर मुखोपाध्याय ने 25 वर्ष पहले एक चिन्हक पत्थर स्थापित किया था, जैसा कि उन्होंने थेम्स नदी पर भी किया था। ''यह वह पत्थर है जो झारखण्ड में एक विशेष जगह नदी के स्रोत को चिन्हित करता है और जब हम उस जगह पहुंचे, हम उन कुछ गाँव वालों से मिलकर बहुत उत्साहित हुए जिन्होंने याद किया कि कई वर्ष पहले - सटीक रूप से 25 वर्ष - एक प्रोफेसर आए थे और उन्होंने नदी का उत्सव मनाने के लिए इस तरह के पत्थर को स्थापित किया था। बेशक वे उन्हें पहचान नहीं सके, लेकिन प्रोफेसर यह जानकर बहुत खुश थे कि 25 वर्ष बाद भी उनके द्वारा की गई यात्रा लोगों को याद है, जिसका मतलब यह है कि हमारे प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने के इस तरह के प्रयासों पर ध्यान दिया जाता है, संजुक्ता ने कहा।

प्रोफेसर मुखोपाध्याय ने कहा कि इस यात्रा का एक अभिन्न उद्देश्य नदी के किनारे कुछ पर्यटक और विरासत स्थलों को चिन्हित करने का भी था - छोटे मन्दिरों और ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों के अन्य पर्यटन स्थलों - जिन्हें सूचीबद्ध किया गया है और अब INTACH को एक रिपोर्ट भेजी जा रही है, जिसने इस यात्रा के कुछ हिस्से को प्रायोजित किया था।

अब उनके एजेंडे में अजय नदी के किनारे की पैदल यात्रा करना शामिल है और वो भी इस पोटेमोलॉजिस्ट की अजय नदी पर लौटने की रजत जयंती को चिन्हांकित करेगी।

एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा

त्रिनिदाद, हमिंगबर्ड का देश

प्रीती वर्मा लाल

लाइम करना चाहेंगे?'' मेरी त्रिनिदादियन गाइड का यह पहला सवाल था।

''नींबू ? नहीं।'' गोवा से पोर्ट ऑफ स्पेन तक 14,330 किलोमीटर की हवाई यात्रा के बाद कम से कम मुझे तो उल्टी नहीं आ रही थी।

''क्या अपनी कमर ग्रीज़ कर सकते हैं?'' एक और सवाल। क्या मेरे कान बज रहे थे? मुझे पता है कि CNN द्वारा घोषित दुनिया के 10 वें सबसे कामुक उच्चारण त्रिनिदादियन उच्चारण है, लेकिन कमर को कौन ग्रीज़ करता है? मेरे शरीर का मध्य भाग ना तो कोई मोटर है और ना ही रोज़वुड फर्नीचर जिसे नियमित तेल की ज़रुरत हो। ''ठीक है, रात के खाने में हम 'बस्स अप शॉट' में खुदाई करेंगे?'' गाइड ने बड़ी उदासीनता से एक और त्रिनिदादियन शब्द उछाल दिया और मेरा ध्यान सीधे पोर्ट ऑफ़ स्पेन की तरफ चला गया, कैरेबियन समुद्र में एक टेढ़ी मेढ़ी रेखा, त्रिनिदाद और टोबागो (टी एंड टी) के जुड़वां द्वीपों की राजधानी बनने से पहले जहां जीवन की शुरुआत कीचड़ से हुई थी ।

उस रात त्रिनिदाद में, मैंने यहां की बोलचाल की भाषा के शब्दों के बारे में जाना । लाइमिंग 'मौज मस्ती' अथवा 'बाहर घूमने' का पर्यायवाची है; 'ग्रीज़ द वेस्टलाइन' का अर्थ है- एक नर्तकी का कूल्हों को इतनी तरलता से हिलाना जिससे लगे कि वे तेल से भरे हुए हों; और 'बस्स अप शॉट' एक रोटी है जिस को गोल लपेट कर इस तरह काटना है जो पुरानी, परतदार,फटी टी-शर्ट जैसी दिखती है

बैस (सेक्सी), हाडा (करने के लिए), वुहयूह (आप क्या हैं?), कूनुमूनु (एक बेवकूफ व्यक्ति) खास बोली के ऐसे शब्दों की मैं लम्बी सूची बना सकती थी । लेकिन इसके बजाय मैंने नोबेल पुरस्कार विजेता द्वारा दिए गए शब्दों को चुनना बेहतर समझा। एक ऐसे व्यक्ति जिसने 1950 में ऑक्सफोर्ड जाने से पहले अपना बचपन राजधानी त्रिनिदाद में बिताया था। मेरे मन मस्तिष्क में त्रिनिदाद की पहली छवि इन्हीं के वर्णन से बनी थी। एक घर के बारे में जो अंधविश्वासी पुरुषों और चिड़चिड़ी महिलाओं से भरा हुआ है वहीं एक आदमी अपने घर की खोज के

लिए बेताब है। यह वर्णन सर वी एस नायपॉल के प्रसिद्ध उपन्यास *'ए हाउस फॉर मिस्टर बिस्वास'* में था, त्रिनिदाद से मेरा पहला परिचय इसी पुस्तक के ज़रिये हुआ ।

वह 'घर' काल्पनिक हो सकता है लेकिन वो सफेद घर जहां कभी टी एंड टी गार्जियन अखबार के लेखक सीपरसेड नायपॉल और उनकी पत्नी द्रोपती (वी एस नायपॉल के माता-पिता) का परिवार रहा करता था, अभी भी राजधानी के सेंट जेम्स इलाके के पड़ोस में खड़ा है। नायपॉल अब त्रिनिदाद में नहीं रहते और जिस घर में उनका बचपन बीता वो अब सुनसान लगता है। लोहे के दरवाजे पर ताला लटका है, कांच की खिड़कियां बंद हैं और जंगले पर बिजली



बॉब मार्ले जैसी रम की बोतल।

के काले तार खतरनाक तरीके से लटक रहे हैं। यहां की शांति झुठला रही है – सफेद दीवारों के पीछे की जटिल कहानी की कल्पना ही हतोत्साहित करने वाली है। लेकिन नायपॉल प्रेमी एक तरफा सड़क से हो कर नोबेल विजेता को श्रद्धांजलि अर्पित करने जाते हैं।

वेनेजुएला के करीब, कैरेबियन क्षेत्र के का सुदूर दक्षिणी द्वीप त्रिनिदाद (11 किमी) में सिर्फ लेखक के शब्द ही मन नहीं बहलाते हैं। यहां सबसे पहले बसने वाले लोग अमेरिन्डियन्स थे जिन्होंने इस जगह का नाम 'लीन' रखा, हमिंगबर्डस का देश । वो हमिंगबर्ड को पुण्यात्मा मानते थे और मान्यता थी कि यदि किसी भी व्यक्ति ने इस पक्षी को मारा तो उस का नरक में जाना निश्चित था। आज भी हमिंगबर्ड का गुंजन त्रिनिदाद में संगीत बिखेरता है। यैरैट हमिंगबर्ड अभयारण्य (माराकास घाटी) में, थियो और ग्लोरिया फर्ग्यूसन के आलीशान घर में मंडराते सैकड़ों हमिंगबर्ड लाल फीडर से रस की चुस्की लेते हैं। हमिंगबर्ड्स की 17 प्रजातियों में से कम से कम 13 यैरैट में देखी जा सकती हैं। वे इतनी तीव्रता से चहचहाते और अपने पंख इतनी तेज़ी से फड़फड़ाते हैं कि उनके रंग-बिरंगे पंखों में नीला, पीला और हरा रंग पकड़ पाना मुश्किल हो जाता है।

हमिंगबर्ड की चहचहाहट स्टील पैन की ओम्पाह ताल में खो सकती है, ओम्पाह एकमात्र संगीत वाद्य यंत्र जिसका आविष्कार 20 वीं शताब्दी में किया गया था। कई दशक पहले, किसी ने 55 गैलन का रासायनिक कंटेनर उठाया और पहला सुर निकाला

एनाटो - एक लाल नारंगी रंग का मसाला और अचियोटे पेड़ के बीज से व्युत्पन्न खाद्य रंग है।

गर्भवती मादा कछुए की तलाश में नंगे पैर निकल गई। वह अपने पिछले पैरों के साथ चुपचाप खुदाई कर रही थी और जब अण्डों के लिए काफी बड़ा गड्ढा खुद गया तो उसने नाज़ुक खोल वाले लगभग 100 अंडे दिए, उन्हें रेत से ढका और वापस तैरते हुए दूर चली गई।

था। ठनकार क़ी आवाज़ ने पैन प्लेयर को निश्चित ही रोमांचित किया होगा। जल्द ही, संगीत पैदा करने के लिए खाली पड़े ड्रमों को रबड़-लगी छड़ के साथ बजाया गया था। झनकार इतनी आकर्षक थी कि त्रिनिदाद के कुशल पैनिस्टों ने जल्द ही बेकार पड़े ड्रमों से ऑर्केस्ट्रा बना दिया। आज, त्रिनिदाद स्टील-पैनिंग का पर्याय बन गया है जहां कार्निवल में सालाना कैलिप्सो (एफ्रो कैरेबियन संगीत शैली) प्रदर्शन में स्टील बैंड का प्रयोग करते हैं। त्रिनिदाद में एक और संगीत शैली मचटनी सोकाफका जन्म हुआ, जिसमें अंग्रेजी, हिंदी, हिंग्लिश और भोजपुरी का मिला जुला अनोखा गीत संगीत है और यह कैलिप्सो और भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों का सम्मिश्रण है।

एकांत का साहचर्य

त्रिनिदाद में एक रात, मैं संगीत को पीछे छोड़ एकांत में रहना चाहती थी। मतुरा बीच पर एक ख़ामोश अंधेरी रात में अटलांटिक महासागर से तैर कर आये दुर्लभ लेदरबैक समुद्री कछुए को ट्रिनी की गर्म रेत में नाज़ुक खोल वाले अंडे देते हुए देखना चाहती थी। सबसे विशाल समुद्री कछुओं में से एक, 800 पाउंड लेदरबैक ने लाखों वर्षों से त्रिनिदाद को अपना घर बना रखा है। उस रात मतुरा में, एक लाल रौशनी वाली टॉर्च लेकर मैं गर्भवती मादा कछुए की तलाश में नंगे पैर निकल गई। वह अपने पिछले पैरों के साथ चुपचाप खुदाई कर रही थी और जब अण्डों के लिए काफी बड़ा गड्ढा खुद गया तो उसने नाज़ुक खोल

त्रिनिदाद महत्वपूर्ण बातें

- रैपर, गीतकार, और गायक निकी मिनाश का जन्म सेंट जेम्स में हुआ था और अपने माता-पिता के साथ न्यूयॉर्क जाने से पहले वह पांच वर्ष की उम्र तक अपनी दादी के साथ यहीं रहती थी।
- त्रिनिदाद और टोबैगो एकमात्र ऐसा देश है जिसकी राजधानी का नाम दूसरे देश के नाम पर रखा गया है: पोर्ट ऑफ स्पेन।
- त्रिनिदाद की 'पिच' झील दुनिया की सबसे बड़ी झील है जिसमें प्राकृतिक डामर भण्डार है जो 245 फीट गहरी है और लगभग 100 एकड़ में फ़ैली हुई है।

वाले लगभग 100 अंडे दिए, उन्हें रेत से ढका और वापस तैरते हुए दूर चली गई। कभी वापस न लौटने के लिए। नवजात कछुए 60 दिनों में अंडे से बाहर आ जाएंगे। माँ लेदरबैक उन्हें कभी नहीं देख पाएगी। लेकिन त्रिनिदाद में, कछुए के बच्चे सुरक्षित हैं। एक विशाल संरक्षण कार्यक्रम के तहत संरक्षित।

वी एस नायपॉल ने लिखा है, ''त्रिनिदाद अजीबोगरीब दिख सकता है लेकिन जो भी इसे जानता है, उसके लिए यह एक साधारण, औपनिवेशिक, अशिक्षित लोगों का समाज है।'' क्वीन पार्क सवाना में दुनिया के सबसे बड़े गोलाकार यातायात चौराहे के पास खड़ी मैं, नोबेल पुरस्कार विजेता से सहमत नहीं हूँ। हां, त्रिनिदाद औपनिवेशिक है, यह साधारण है लेकिन यह अशिक्षित बिलकुल नहीं है। श्रीमान नायपॉल, आप गलत हैं, ठीक करें ।

चित्र: प्रीती वर्मा लाल

एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा

स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए गोपनीयता और गरिमा

वी मुत्तुकुमारण

हाल ही में सिविल अस्पताल का दौरा करने के दौरान, रोटरी क्लब रेवारी मेन, मंडल 3011, के अध्यक्ष प्रदीप नरुला और सचिव अरुण गुप्ता को आउट-पेशेंट डिपार्टमेंट में अनेक माताओं द्वारा अपने शिशुओं को खुले में स्तनपान कराने वाले दृश्यों ने बेचैन कर दिया। ''कुछ माताओं ने अपने साडी के पल्लू से स्वयं को छिपाने का प्रयास किया, जबकि कुछ माताएं अपने दूध पीते हुए बच्चें को लेकर अन्यत्र चली गई, क्योंकि खुले क्षेत्र में ऐसा करते हुए उन्हें शर्मिंदगी महसूस हो रही थी। उसी समय, हमने अस्पताल आने वाली स्तनपान कराने वाली माताओं की असुविधा को कम करने के लिए कुछ करने का निर्णय लिया,'' रोटेरियन अरुण गुप्ता कहते हैं।

माताओं को अपने शिशुओं को स्तनपान कराने के दौरान गोपनीयता प्रदान करने के उद्देश्य से, ''हमने मातृत्व कक्ष परियोजना के अधीन अस्पताल के ओपीडी एरिया में एक विशाल केबिन (10 फीट x 9 फीट) का निर्माण किया है।''

कक्ष में एक साथ छह महिलाएं बैठ सकती है और उनकी निजता सुनिश्चित करने के लिए कक्ष में पर्दा लगाया गया है। बच्चों के लिए नि: शुल्क डिस्पोजेबल नैपकिन उपलब्ध कराने के अतिरिक्त, स्वच्छ कक्ष की दीवारों पर माँ-बच्चे की सुंदर व सीख देने वाली तस्वीरों को लटकाया गया है। गुप्ता जी कहते हैं, ''हमारा ध्यान एक माँ और उसके बच्चे के बीच उचित जुड़ाव को सुविधाजनक बनाने पर है। छत में लगे फैन पर छोटा भीम और मिकी माउस जैसे कार्टून चित्रप्रिंट हैं, जो शिशुओं का मन बहलाते और मनोरंजन करते हैं।''

बच्चों का रख-रखाव करते समय क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, इनसे संबंधित हिंदी में सारगर्भित संदेशों और अनेक कार्टून के पोस्टरों से केबिन की दीवारों को अलंकृत किया गया है नारुला कहते हैं। ''जब कभी हम अस्पताल जाते हैं, हम देखते हैं कि केबिन हमेशा भरा हुआ है और यह हमें यह देखकर बहुत खुशी होती है कि माताएं इसका अच्छा उपयोग कर रही हैं।'' मैटरनिटी केबिन का उद्घाटन करते समय, डीजी रवि चौधरी ने एक अभिनव और आवश्यकता आधारित परियोजना पूरा करने के लिए क्लब की प्रशंसा की ''जो माताओं को स्तनपान करने में अत्यधिक सहायक सिद्ध होगी।''

क्लब ने स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए कक्ष का निर्माण करने के लिए लगभग ₹80,000 खर्च किए हैं, इसके सचिव अरुण गुप्ता निकट भविष्य में सार्वजनिक स्थलों जैसे रेलवे स्टेशन और बस टर्मिनस पर स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए ऐसे विशेष केबिन स्थापित करने के लिए तैयार हैं।

एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा

DISTRICT GOVERNORS 2018–2019

3141 Shashi Sharma
3142 Ashes Ganguly
3030 Rajiv Sharma
3262 Bhabani Prasad Chowdhury
3131 Shailesh Palekar
3132 Vishnu S Mondhe
3150 Ramesh Vangala
3170 Ravikiran Kulkarni
3160 Konidala Muni Girish
3020 Guddati Viswanadh
3182 Abhinandan A Shetty
3190 Suresh Hari S
3231 C R Chandra Bob
3232 Babu Peram
3181 Rohinath P
2981 S Piraiyon
3220
3202 E K Ummer
2982 Nirmal Prakash A
3291
3201 A Venkatachalapathy
3000 RVN Kannan
3211 E K Luke
3212 K Raja Gopalan
3220 Dushan Soza

टोरंटो सम्मेलन

रो ई अध्यक्ष इयन राय्सली (दाएं) हाउस ऑफ फ्रेन्डशिप के उद्घाटन में।

(बाएं से) PRIP रॉबर्ट स्कॉट, TRF ट्रस्टी चेयर पॉल नेटज़ेल और PRIP राजेन्द्र साबू।

(बाएं से) टीआरएफ ट्रस्टी इलेक्ट गुलाम वहानवती, RID सी भास्कर और मालाती।

(बाएं से) RIDN ओं कमल संघवी, भरत पांड्या और उनकी पत्नी माधवी।

जूलियट राय्सली।

टीआरएफ ट्रस्टी सुशील गुप्ता और विनीता का परिचय। चित्र में ट्रस्टी के आर रविंद्रन और वानती भी शामिल हैं।

कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो।

रो ई अध्यक्ष इयन राय्सली ने नोराह ओवोरी और उनके बेटे को स्वर्गीय RIPE सेम ओवोरी के मरणोपरांत रो ई सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया।

एक रंगीन ध्वज़ प्रदर्शन।

PRID गण अशोक महाजन और वाय पी दास।

सम्मेलन में रो ई अध्यक्ष इयन राय्सली के पोता-पोती।

चित्र : जयश्री, माइक थॉर्न और रोटरी इंटरनेशनल

एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

उन्हें चुनौतियों से प्रेम है

पिंकी पटेल, माइक्रो टन्नलिंग और अपशिष्ट प्रबंधन, रोटरी क्लब बरैली मेट्रो, मंडल 3060

जब उनसे पूछा गया कि उनका पेशा - माइक्रो टन्नलिंग - क्या महिलाओं के लिए थोड़ा विचित्र नहीं है, पिंकी पटेल मुस्कुराती है और चट से कहती है: ''मुझे हमेशा से ही चुनौतियों से प्यार है।'' खैर, भारत में रोटरी में मंडल गवर्नर के पद तक पहुँचने वाली बहुत कम महिलाओं में से एक होना भी बेशक एक ऐसी ही चुनौती है। 102 क्लबों और 4,300 से अधिक सदस्यों वाले उनके मंडल में 1,000 अतिरिक्त सदस्यों को शामिल करने की एक अन्य चुनौती वह स्वयं को दे रही है। और इस चुनौती में एक अन्य चुनौती छिपी हुई है; वह चाहती है कि इनमें से आधी सदस्य महिलाएं हो!

गवर्नर के रूप में इस वर्ष पिंकी की प्राथमिकता साक्षरता, महिला सशक्तिकरण और महिलाओं का स्वास्थ्य एवं स्वच्छता होगी। वह 2001 में रोटरी से जुड़ी ''क्योंकि मैं समाज के लिए कुछ करना चाहती थी, जो मैं अकेले नहीं कर सकती थी।'' यह पूछे जाने पर भी कि 17 वर्ष पहले उनके क्लब से पहली महिला सदस्य के रूप में जुड़ने पर उनके क्लब सदस्यों ने उनका कैसा स्वागत किया था, वह कहती है, ''शुरुआत में, वह थोड़े संदेही थे, लेकिन वह थोड़े समय के लिए ही था।'' दिलचस्प है, उन्होंने पुरुष रोटेरियनों द्वारा जल्दी से स्वीकार किये जाने के लिए एक स्मार्ट युक्ति अपनाई। ''मैं नियमित रूप से क्लब की बैठकों में उपस्थित होती थी, जैसे ही बैठक शुरू होने वाली होती थी समय पर पहुँचती थी और रात्रिभोज के तुरंत बाद निकल जाती थी ... मैंने पुरुषों को वह स्थान दिया जिसकी मेरे अनुसार उनको जरुरत थी।'' उनकी युक्ति काम कर गई और ''उन्होंने मुझे यह जानने के बाद स्वीकार किया कि मैं वैसी महिला नहीं हूँ जो सोचती हो कि उसके साथ एक विशेष व्यवहार किया जाना चाहिए। मैं चार सालों तक मेरे क्लब की अकेली महिला सदस्य रही!''

तो रोटरी ने उन्हें क्या दिया? ''आह, रोटरी ने मुझे बहुत सी चीज़ें दी है; समाज के लिए काम करने का एक मंच और मेरा व्यक्तित्व पूरी तरह परिवर्तित हो गया। और अधिक धैर्य, निश्चित रूप से अधिक आत्म विश्वास और बेहतर प्रबंधन और नेतृत्व कौशलों के साथ मैं अब पहले के मुकाबले बहुत बदल गई हूँ।'' वह आगे कहती है, रोटरी ने उन्हें चीज़ों को दूसरों के दृष्टिकोण से देखना भी सिखाया।

तो मंडल गवर्नर के पद तक पहुँचना कितना मुश्किल रहा? ''सच कहूँ तो, मुझे यह वास्तव में बिल्कुल भी मुश्किल नहीं लगा। देखिये, जब एक बार किसी महिला में यह मनोभाव नहीं रहेगा कि सिर्फ इसलिए कि मैं एक औरत हूँ तो मेरे साथ कुछ अलग ढंग से व्यव्हार किया जाना चाहिए या मुझ पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए, तब लोग आपको आसानी से अपनाएँगे ... और आपके साथ अधिक सकारात्मक और मैत्रीपूर्ण होंगे।''

उनका टीआरएफ लक्ष्य? ''मैंने अपने और अपने मंडल के लिए बहुत ही ऊँचा लक्ष्य निर्धारित किया है; मैं 1 मिलियन डॉलर, एक ऐसा आंकड़ा जिस तक हम कभी नहीं पहुंचे, से अधिक इकठ्ठा करना चाहती हूँ, लेकिन मुझे विश्वास है मैं यह कर लूंगी, वह कहती है। उन्होंने अंत में कहा, ऐसा इसलिए क्योंकि मैं एक महिला हूँ और मुझे पैसे मांगना आसान लगता हूँ; मैं केवल रोटेरियनों से कहूँगी: कृपया मुझे पैसे दें; मुझे इसकी जरुरत है!''

आपके गवर्नरों से मिलें

रशीदा भगत और जयश्री

चमत्कारी रास्ते पर

शशि शर्मा, प्रोक्यूर्मन्ट मटीरिएल, रोटरी क्लब बॉम्बे ईस्ट, मंडल 3141

वह 1992 में रोटरी से समुदाय के लिए अच्छा करने के एकमात्र उद्देश्य के साथ जुड़े। ''बचपन से ही मैं मानवता की भलाई करने हेतु मेरे परिवार के मूल्यों को आत्मसात करते हुए बड़ा हुआ हूँ।'' उनके नेतृत्व के वर्ष का लक्ष्य जितना महत्वाकांक्षी है उतना ही स्पष्ट भी है... ''कुछ ऐसा करना जो मुझे चमत्कारी रास्ते पर ले जाए, जिसका मतलब है कुछ असाधारण रूप से भिन्न।''

शशि शर्मा लगातार स्वयं से पूछते है: 'टीआरएफ के मोर्चे पर क्या मैं किसी तरह कुछ विलक्षण कर सकता हूँ जिससे कि हम विश्व कीर्तिमान बना सकें?' दुनिया में अच्छा करने में टीआरएफ की मदद करने हेतु 7 मिलियन डॉलर इकठ्ठा करने के उनके असाधारण लक्ष्य के माध्यम से उन्हें 'विश्व कीर्तिमान' बनाने की आशा है। पिछले वर्ष, वह आगे कहते है, उनके मंडल ने 2.5 मिलियन डॉलर इकठ्ठा किये थे। ''मेरे पास एक रणनीति है जो इस लक्ष्य को हासिल करने में हमारी मदद करेगी, और यह दुनिया में किसी भी मंडल द्वारा टीआरएफ के लिए इकठ्ठा की गई सबसे बड़ी राशी होगी। मैंने आपसे कहा था; मैं चमत्कार करना चाहता हूँ।''

सदस्यता में वृद्धि पर भी, उन्होंने पहले ही एक रणनीति बना ली है, ''खास तौर से इस मुद्दे को ध्यान में रखते हुए कि जब हम रोटरी में सदस्यता की बात करते है तो मैं देखता हूँ लोग रोटरी आन्दोलन के प्रति निष्ठावान नहीं है।''

परियोजनाओं पर आते हुए, यह गवर्नर ''रोटरी के सभी छह ध्यानाकर्षण क्षेत्रों'' में संवहनीयता और प्रत्यक्षता के तत्व वाली परियोजनाएं करना चाहते है। हालाँकि वह एक बात को लेकर स्पष्ट है; ''हम जो भी करें, मेरा अंतिम उद्देश्य है कि हमें एक निशान छोड़ना चाहिए। पहले ही हमारा मंडल बच्चों के दिल की सर्जरी में उल्लेखनीय काम कर रहा है। मेरा लक्ष्य है कि यदि हमने 400 से अधिक बच्चों के ऑपरेशन कर लिए है, तो हमें इस आंकड़े को चार अंकों तक ले जाना चाहिए।''

टीआरएफ संग्रहण और संवहनीय परियोजनाओं दोनों के लिए रणनीतियों के साथ, शर्मा ने एक फोकस दल का निर्माण भी किया है जो सीएसआर व्ययों के लिए कॉर्पोरेट के साथ साझेदारी करने पर ध्यान देगा, क्योंकि मुंबई एक ऐसी जगह है जहाँ कुछ बड़े कॉर्पोरेट के मुख्यालय स्थित है।

''मेरा मानना है कि जब तक आप केन्द्रित नहीं होते और जब तक आप अधिकार नहीं देते और सशक्त नहीं बनते, तब तक परिणाम नहीं मिलेंगे। सतर्कतापूर्वक नियोजन करने में मैं निपुण हूँ, मेरी सभी योजनायें उनके नियत स्थान पर है... और मैं समुदाय, रोटरी और स्वयं में एक वास्तविक परिवर्तन लाना चाहता हूँ।''

किसानों की मदद हेतु जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन

के राजगोपाल, बिल्डर, रोटरी क्लब कोर्टाल्लम, मंडल 3212

मैं एक जुनून के साथ रोटी से जुड़ा परंतु एक सच्चा रोटेरियन तब बना जब मैं मेरे क्लब का अध्यक्ष बना,'' राजगोपाल कहते है। जब 1998 में उनके एक मित्र द्वारा उन्हें रोटरी का सदस्य बनने का सुझाव दिया गया, तब तत्कालीन गवर्नर ने उनका आवेदन निरस्त कर दिया क्योंकि उसी श्रेणी में पहले से ही कोई और व्यक्ति मौजूद था। ''उस समय उस नियम का सख्ती से पालन किया जाता था। लेकिन मैं डटा रहा और मैंने मेरी सदस्यता प्राप्त की।'' 1971 में वह एक रोटारेक्टर थे, 40 वर्ष की उम्र तक एक जेसी सदस्य और विदेश में चार साल काम करने के बाद, वह उनके वतन वापस आए और रोटरी से जुड़े।

खेती के प्रति उनका जुनून और किसानों के लिए उनकी सहानुभूति के कारण ही जल स्त्रोतों एवं नहरों को स्वच्छ करने की एक परियोजना बनी। ''हमारा क्षेत्र सूखा-प्रवण है और अधिकांश क्षेत्रों में सूखी भूमि को देखना दुखद है।''

उन्होंने गोल्डन हार्ट परियोजना पर रोशनी डाली जो दिल की बीमारी से पीड़ित बच्चों की जांच एवं उनके उपचार की सुविधा प्रदान करती है। ''2012 से शुरू हुई इस परियोजना के माध्यम से हमने अब तक 620 बच्चों का इलाज किया है और 3,212 बच्चों - हमारे मंडल का नंबर - के लक्ष्य तक पहुँचने पर काम कर रहे है।''

अमर सेवा संघम, एक गैर लाभकारी संगठन जो नि:शक्तजनों के लिए कार्य करता है, को एक सौर संयंत्र प्रदान करने हेतु वैश्विक अनुदान स्वीकृत हो जाने पर राजगोपाल प्रसन्न है। वह ज़ोहो कॉर्पोरेशन की CSR निधि का इस्तेमाल करके सामुदायिक परियोजनाएं करने हेतु उसके साथ साझेदारी करने को लेकर आश्वस्त है।

TRF योगदान हेतु उनका लक्ष्य 500,000 डॉलर का है। ''इस वर्ष तीस रोटेरियन मुख्य दानकर्ता बनने के लिए प्रतिबद्ध हुए है और यही चीज़ लक्ष्य को साध्य बनाती है,'' वह मुस्कराते है।

सदस्यता पर, उनका मौजूदा 4,000 रोटेरियनों में 6,000 नए सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य है। हालाँकि, अवरोधन एक बड़ी चुनौती है, वह कहते है, और क्लबों के अंदर अहंकार की लड़ाई और क्लब परियोजनाओं में कम व्यस्तता को इसका जिम्मेदार ठहराते है। साल दर साल रोटरी महंगी होती जा रही है, वह दु:ख प्रकट करते है।

मंडल के उसके पांच अखिल महिला क्लबों में 350 महिला सदस्य है। उनकी पत्नी, वासुकी देवी, रोटरी क्लब कोर्टल्लम शक्ति, जो एक अखिल महिला क्लब है, की एक सदस्य है। ''रोटरी परियोजनाओं में महिला सदस्य अधिक उत्साही होती है। क्षेत्र में ओखी तूफान द्वारा मचाई गई तबाही के बाद उन्होंने अद्भुत काम किया।'' वह कहते है कि क्लब बैठकों के बाद परोसी जाने वाली शराब महिलाओं का क्लब से ना जुड़ने का एक प्रमुख कारण है।

रजत जयंती का उत्सव

आर वी एन कन्नन
परिवहन संचालक, रोटरी क्लब मदुरई डाउनटाउन, मंडल 3000

वर्ष 1993-94 में रोटरी से जुड़ने के बाद, सेवा देने का यह उनका 25वां साल है। ''इस वर्ष एक गवर्नर होने पर मैं बहुत अद्भुत महसूस कर रहा हूँ,'' इस वर्ष के लिए उनके द्वारा तय कार्यक्रमों की सूची के बारे में उत्तेजित होकर बताते हुए कन्नन आर वी एन कहते है।

तो रोटरी ने उन्हें क्या दिया? रोटरी ने मुझे अनेक अनमोल मित्र दिए है। ''वर्ष 2009 में मेरी तबीयत बिगड़ी, तब रोटेरियनों ने मेरी पत्नी उन्हें दिया।'' मानसिक और बाहरी समर्थन दिया ।

उनके क्लबों से वह चाहते है कि प्रत्येक क्लब एक गाँव को गोद ले। वर्ष के अंत तक, हम उतने ही *Rotary Happy Villages* बनाना चाहते है। क्लब गाँवों की जरूरतों को पहचानेंगे और उनके कार्य को तदनुसार नियोजित करेंगे,'' कन्नन कहते है। बहुत उत्साहित है कि इस परियोजना के लिए वैश्विक अनुदान स्वीकृत हो चुका है। अंतर्राष्ट्रीय और अंतर-मंडलीय मित्रता विनिमय कार्यक्रम, RYLA और SAARC देशों में शांति मिशन उनके कुछ अन्य कार्यक्रम है।

वानाविल (इन्द्रधनुष) नामक एक कार्यक्रम के अंतर्गत, सभी क्लब हर माह के दूसरे सप्ताह के दौरान 7 सामान्य परियोजनाएं करेंगे। उनका मानना है कि यह क्लबों के मध्य बेहतर संबंधों को प्रोत्साहित करने का एक तरीका है।

कन्नन मंडल सदस्यता को 10 प्रतिशत से बढ़ाना चाहते हैं और अधिक महिला सदस्यों को जोड़ना चाहते है। उन्होंने TRF में 1.75 डॉलर मिलियन का योगदान देने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

उनकी पत्नी, सरला, रोटरी क्लब मदुरई मल्लीगई, एक अखिल महिला क्लब की एक सदस्य है और डीजी के लिए ''संबल एवं शक्ति'' का एक स्तंभ है। ''एक रोटेरियन के रूप में वह क्लब अध्यक्षों की पत्नियों को रोटरी कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर क्लब सदस्यों के समक्ष एक उदाहरण पेश करने हेतु प्रेरित कर रही है,'' वह मुस्कराकर कहते है।

थैलेसीमिया के नए मामलों को खत्म करना

एशेज गांगुली, विश्लेषणात्मक उपकरण विपणन, रोटरी क्लब ठाणे हिल्स, मंडल 3142

मंडल 3142 के लिए वह इस वर्ष को एकदम सही 'FM वर्ष' बनाना चाहते है। मेरे व्याकुल चेहरे को देखकर, एशेज गांगुली कहते है, ''मुंबई में हम सदस्यता और संस्थान को FM कहते है!'' उस लक्ष्य के लिए, वह उनके मंडल के 3,200 के सदस्यता आंकड़े को 15 प्रतिशत से बढ़ाना चाहते है या अतिरिक्त 500 सदस्यों को जोड़ना चाहते है, और ''शामिल किये जाने वाले हर 7 सदस्यों में से, मैं सुनिश्चित करना चाहता हूँ कि उनमें कम से कम एक महिला हो।''

संस्थान के मोर्चे पर, उनका लक्ष्य 1 मिलियन डॉलर है।

गांगुली 1998 में, कोलकाता से 18 किमी दूर स्थित रानीगंज में हुई एक बैठक से प्रभावित होने के बाद रोटरी से जुड़े, जिसमें वह उनके दोस्तों के साथ तब शामिल हुए थे जब वे आईआईटी-खड़गपुर में पढ़ रहे थे। बाद में, जब उनके कुछ दोस्त रोटरी से जुड़े, तो वह भी जुड़ गए; ''उस समय, मुझे रोटरी के बारे में ज्यादा नहीं पता था, लेकिन धीरे-धीरे मैं मेरे क्लब की गतिविधियों में लिप्त हो गया और मुझे अनेक जिम्मेदारियां सौंपी गई,'' वह कहते है। 2006-07 में वह अध्यक्ष बने और उस वर्ष धर्मार्थ परियोजनाओं के लिए उनके क्लब से 10,000 डॉलर इकठ्ठा हुए।

पूछे जाने पर कि रोटरी ने उन्हें क्या दिया, डीजी मुस्कुराते है और कहते है, सबसे पहले, ''धैर्य... और कैसे विभिन्न प्रकार के लोगों के साथ पेश आना है और कैसे उन्हें एक दल के रूप में आपके साथ लेकर चलना है।'' अगली बात, उन्होंने सीखी कि एक व्यक्ति का पेशा - वह इंडियन एनालिटिकल इंस्ट्रूमेंट्स एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष है - सभी चीज़ों के लिए एकमात्र लक्ष्य नहीं हो सकता। ''रोटरी ने मुझे विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को मित्र बनाने का अवसर प्रदान किया है; आज रोटरी के कारण मेरे अच्छे मित्र है जो डॉक्टर, वकील इत्यादि है।''

गवर्नर के रूप में उनके वर्ष के दौरान, उनकी प्रमुख परियोजनाओं में से एक परियोजना उनके मंडल को हरा-भरा करने की होगी। ''हम 200,000 पेड़ लगायेंगे।'' फिर, एक उत्साही अभियान के माध्यम से थेलेसिमिया को रोकने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाकर वह सुनिश्चित करना चाहते है कि ''एक वर्ष बाद रोई मंडल 3142 से थेलेसिमिया का एक भी नया मामला सामने नहीं आए।'' इस लक्ष्य के लिए विभिन्न समूहों, विशेषरूप से कॉलेज छात्रों में, एक व्यापक जागरूकता अभियान आयोजित किया जायेगा। रोटेरियन युवाओं को शिक्षित करेंगे और नए मामलों को रोकने के लिए अन्य एहतियात बरतने की कड़ी आवश्यकता है।

एक अन्य परियोजना में दृष्टि-बाधित विद्यार्थियों को आभासी नेत्र कार्यक्रम के माध्यम से कंप्यूटर साक्षरता दी जाएगी और उन्हें लाभदायक रोजगार के लिए तैयार किया जायेगा। विशेषरूप से इस परियोजना के लिए उनके पास एक कॉर्पोरेट के साथ साझेदारी करने की योजना पहले से ही तैयार है। ''कुल मिलाकर, जिन परियोजनाओं को लागू करने की मेरी योजना है उनके लिए, हमें लगभग ₹8 से 10 करोड़ की जरूरत होगी, लेकिन हम पैसा इकठ्ठा करेंगे और कॉर्पोरेट से सीएसआर निधि प्राप्त करने के लिए उनके साथ साझेदारी करेंगे।''

एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा

Subscribe NOW!

Annual Subscription India
Rs.420



for Rotary News Print Version & e- Version

For the Rotary year 2018 – 2019

As concerned citizens of the world, those of you who are alarmed at the degradation of the environment and slaughter of trees, kindly opt for our e-Version.

Print version ☐ e- Version ☐

	No. of copies
Rotary News (English)	
Rotary Samachar (Hindi)	

For every new member the pro-rata is Rs 35 a month.

Please attach the TYPED list of individual members with their complete address and PIN Code. Intimate language preference (English / Hindi) against each member's name. Please do not send the Semi-annual Report for address list.

Rotary Club of .... RI District ....

Name of the President/Secretary ....

Address ....

....

....

City .... State .... PIN ☐☐☐☐☐☐

STD Code .... Phone: Off. .... Res. ....

Mobile .... E-mail ....

Cheque/DD No. .... Dated .... for Rs. ....

Drawn on ....

in favour of "ROTARY NEWS TRUST" payable at CHENNAI is enclosed.

Date: President/Secretary

Mail this form to:
Rotary News Trust, Dugar Towers, 3rd Floor, 34, Marshalls Road, Egmore, Chennai 600 008.
Tamil Nadu, India. Ph: 044 4214 5666, e-mail: rotarynews@rosaonline.org

शीर्ष रो ई नेतृत्वकर्ताओं ने की भारत के प्रदर्शन की प्रशंसा

जयश्री

रो ई निदेशक सी. भास्कर और उनकी पत्नी मालती द्वारा टोरंटो सम्मेलन में रंग बिरंगे दक्षिण एशिया स्वागत समारोह की मेजबानी की गई, जिसमें शीर्ष रोटरी नेतृत्वकर्ताओं ने वर्षों की अपनी लम्बी और घटनापूर्ण रोटरी यात्रा के अपने सुखद संस्मरणों, उपलब्धियों और चुनौतियों को साझा किया।

''यह आपके लिए सम्मान की बात है कि इतने सारे वरिष्ठ रोटरी नेतृत्वकर्ता इस कार्यक्रम में पधारे है। यह दिखाता है कि दक्षिण एशिया में जो आप कर रहे है उसका रोटरी नेतृत्व की नजरों में कितना सम्मान है। आपके क्षेत्र में आपके द्वारा किए गए कुछ कार्यों को देखकर जूलियट और मैं अभिभूत

RID सी भास्कर और दक्षिण एशिया समारोह के चेयर आर थिनाचंद्रन की उपस्थिति में PRIP राजेंद्र के साबू ने RIPE बेरी रेसीन और एस्तेर को सम्मानित किया।

है, भारत और पाकिस्तान के उनके दौरे को याद करते हुए,'' विशेषरूप से उत्तराखंड की बाढ़ के बाद बनाए गए स्कूलों को याद करते हुए, रो ई अध्यक्ष इयन राय्सली ने कहा।

भारत में कुछ PETs कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद वह अत्यंत प्रभावित हुए जहाँ उन्होंने क्लब अध्यक्षों को बहुत मेहनती और उत्साह एवं महान विचारों से भरा हुआ पाया। *रोटरी न्यूज़* का एक विशेष उल्लेख करते हुए, रिसले ने कहा: ''पत्रिका असाधारण रूप से अच्छा कर रही है... आप सभी को बधाइयां।''

PRIP राजेन्द्र साबू ने अपने आनंददायी संबोधन में कहा, ''शीर्ष रोटरी नेतृत्व के आज हमारे साथ होने पर हम सचमुच अभिभूत एवं सम्मानित है,'' और उन्होंने आश्चर्य किया कि कैसे सम्मेलन के लिए पंजीकरण 1983 में 16,000 से बढ़कर इस वर्ष उसी आयोजन स्थल के लिए 25,000 तक पहुंच चुके है। यह उनके लिए गर्व का विषय था कि नवनिर्वाचित रो ई अध्यक्ष बैरी रेसिन 1991-92 में उनके रो ई अध्यक्ष कार्यकाल के दौरान गवर्नर थे। ''उषा और मैं सभी पूर्व अध्यक्षों और वरिष्ठ नेतृत्वकर्ताओं के आभारी है जिन्होंने रोटरी में हमारी यात्रा को इतना बहुमूल्य और यादगार बनाया। पीछे देखने पर, यह बात मुझे अचंभित करती है कि कैसे रोटरी ने हमें इतनी सारी ज़िंदगियों को किसी ना किसी प्रकार से परिवर्तित करने का अवसर दिया है और इस परिवर्तन का एक छोटा हिस्सा होने पर हम कृतज्ञ है।''

हमारा सहायक और समर्थक बनने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

RIPE बेरी रेसीन
पूर्व रो ई अध्यक्षों को संबोधित करते हुए।

उपलब्धियों और दक्षिण एशियाई क्षेत्र में पोलियो के खिलाफ लड़ाई के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बात करते हुए, साबू ने युद्ध से ध्वस्त श्रीलंका में सीज़फायर को प्रभावित करने के लिए PRIP के आर रवींद्रन की प्रशंसा की ''जिनकी वजह से बच्चों (उपद्रवी क्षेत्रों में) को पोलियो के टीके लगाए जा सके।'' उन्होंने बांग्लादेश के रोटरियनों की प्रशंसा भी की ''क्योंकि उन्होंने हमें गलत साबित किया कि वह क्षेत्र में पोलियो का उन्मूलन करने वाला अंतिम देश होगा। सच कहे तो, पोलियो मुक्त होने में उन्होंने भारत को पछाड़ा है। मुझे विश्वास है कि बहुत जल्द पाकिस्तान भी पोलियो से मुक्त होगा।''

TRF न्यासी प्रमुख पॉल नेटजल ने कहा कि वर्ष के दौरान भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश का दौरा करने के बाद, उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर दक्षिण एशिया में रोटरी की ऊर्जा और स्फूर्ति का अनुभव किया था। उनके भारत दौरे के बारे में उन्होंने कहा, ''19.1 मिलियन डॉलर के कुल योगदान के साथ, TRF योगदान के मामले में भारत दुनिया में 2 स्थान पर है। 1.5 मिलियन डॉलर की CSR भागीदारी को प्राप्त करने के लिए आपका प्रदर्शन आश्चर्यजनक है,'' उन्होंने आगे कहा कि देश ने पिछले वर्ष TRF द्वारा शुरू की गई प्रायोगिक परियोजना के प्रति भी अच्छी प्रतिक्रिया दिखाई।

नेटज़ेल ने रोटरी क्लब कराची मेट्रोपोलिटन के सदस्य रफीक एम हबीब का रोटरी को दिए गए विशेष योगदान के लिए उनका धन्यवाद किया। हालांकि शुरुआत में नाइजीरिया आगे लग रहा था, लेकिन पाकिस्तान की जल्द ही पोलियो मुक्त होने की संभावना है, उन्होंने कहा। 207 रोटरी क्लबों में 5,000 रोटरियनों के साथ, बांग्लादेश में रोटरी का भविष्य उतना ही उज्ज्वल है जितना दुनिया के किसी

TRF ट्रस्टी चेयर पॉल नेटज़ेल को ट्रस्टी सुशील गुप्ता और विनीता सम्मानित करते हुए। समारोह के चेयर आर थिनाचंद्रन और सचिव जॉन डेनियल भी चित्र में शामिल हैं।

अन्य देश में है, नेटजल ने आगे कहा। ''मैं तब अचंभित रह गया जब मैंने सुना कि मंडल में 10 AKS सदस्य है।''

नवनिर्वाचित न्यासी प्रमुख रॉन बर्टन की एक अपील थी: ''इस बात की परवाह किए बिना कि आपने पॉल (नेटजल) को बड़ा दिखाने के लिए क्या किया था, मैं आपसे विनती करता हूं कि इससे भी अधिक कीजिए और मुझे और भी बेहतर बनाइए।''

हाल ही में किए गए उनके भारत के दौरे को याद करते हुए, RIPE बेरी रेसिन ने भास्कर की प्रशंसा की कि वह उन्हें ''आठ दिन में आठ मंडलों'' में ले गए और उन्होंने उनके पूर्व कथन को फिर दोहराया कि आने वाले वर्षों में भारत, संस्थान के लिए सबसे बड़ा दानकर्ता होगा। भारत के दौरे के दौरान कुछ ''स्कूलों में बच्चों द्वारा प्रदर्शित की गई हाथों की धुलाई की आदतों से वह अत्यंत प्रभावित हुए। सिंक के दोनों ओर बच्चों को कतार में खड़ा देखना और हाथ धोते

बाएं से : *TRF ट्रस्टी चेयर इलक्ट रोन डी बर्टन, TRF ट्रस्टी चेयर पॉल नेटज़ेल, PRID ब्रायन स्टाइलस, RIDN गण कमल संघवी और भरत पांड्या।*

RID सी भास्कर और समारोह के सचिव जॉन डेनियल की उपस्थिति में रो ई अध्यक्ष के आर रविंद्रन ने रो ई अध्यक्ष इयन राय्सली और जुलिएट को सम्मानित किया।

वक्त उन्हें एक गाना गाते हुए सुनना बहुत अच्छा अनुभव था। और यह यहीं खत्म नहीं हुआ। वे इस गाने को घर ले गए और उन्होंने उनके परिवार के सदस्यों को हाथ धोते वक्त इसे गाना सिखाया। समुदाय में व्यावहारिक परिवर्तन लाने का यह एक अद्भुत नमूना है।'' साबू के नेतृत्व के संबंध में बात करते हुए जब वह मंडल गवर्नर के रूप में सेवा दे रहे थे, रेसिन ने कहा, ''उन्होंने सही मायनों में हमें सिखाया कि स्वयं से परे देखना क्या होता है। मेरी थीम 'प्रेरणा बनिए' में इसका कुछ अंश था।''

श्रीलंका में HPV को समाप्त करने हेतु रविंद्रन, जिनके लिए वह अध्यक्ष सहायक थे, के प्रेरक नेतृत्व के लिए उन्होंने उनकी प्रशंसा की। ''हमारा सहायक और समर्थक बनने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद,'' उन्होंने पूर्व अध्यक्षों से कहा।

निदेशक भास्कर ने ज़ोन के रोटेरियनों की इस उत्कृष्ट वर्ष के लिए प्रशंसा की जिसमें संस्थान के लिए ''हमारे योगदान में वृद्धि हुई, हमारे क्लब मजबूत बने और कुछ अर्थपूर्ण परियोजनाएं कार्यान्वित हुई जिससे समुदाय की ज़रूरतें संबोधित हुई।''

भारत से एक विशाल दल के अलावा, कार्यक्रम में म्यांमार, सिंगापुर, मलेशिया, पाकिस्तान, नेपाल, और भूटान के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था।

स्वागत समारोह, जिसे बेहद ही बढ़िया तरीके से कार्यक्रम अध्यक्ष आर थीनाचंद्रन, सचिव जॉन डेनियल, रो ई निदेशक भास्कर और मालती द्वारा आयोजित किया गया था, में शामिल होने वाले रोटरी नेतृत्वकर्ता थे – PRIP रविन्द्रन और वानती, PRIP गैरी हांग और कोरिना, PRIP जॉन जर्म और जूडी, TRF न्यासी सुशील गुप्ता और विनीता, PRID अशोक महाजन और वाई पी दास, RIDN भरत पंड्या और माधवी, RIDN कमल संघवी, न्यासी मनोनीत गुलाम वाहनवटी और दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए रो ई निदेशक और TRF न्यासी।

चित्र: जयश्री

एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा

जल चक्की - पानी पहुँचाने के कार्य को आसान बनाती है

वी मुत्तुकुमारण

जबकि संपूर्ण देश में पाइपलाइनों और विलुप्त जल निकायों को पुनर्जीवित करने के लिए अनेकों रोटरी जल परियोजनाएं निष्पादित की जा रही हैं, रोटरी क्लब बॉम्बे हैंगिंग गार्डन, मंडल 3141 द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के परिणामों से यह पता चलता है कि इन परियोजनाओं के नियमित रखरखाव, बिजली की आपूर्ति या संचालन और क्रियान्वयन की अपनी सीमाएं थीं। और ग्रामीण महिलाएं अभी भी अत्यधिक कठिनाइयों को झेलने के लिए विवश हैं क्योंकि घर की जरूरतों के लिए 15-25 लीटर पानी लाने के लिए उन्हें दिन में दो बार कम से कम 1.5-2 किलो मीटर की पैदल यात्रा करनी पड़ती है।

इन महिलाओं की परेशानियों पर विचार करते हुए, परियोजना के अध्यक्ष अमरीश दफ्तरी की अगुआई वाली पांच सदस्यीय टीम जल-चक्की की खरीद और वितरित करने में व्यस्त है - यह जल-चक्की 45 लीटर पानी धारण करने में सक्षम है और इसका निर्माण उच्च घनत्व वाले ठोस प्लास्टिक से किया गया है, और यह खींचने के लिए एक हैंडल से लैस है। इस जल-चक्की का वितरण महाराष्ट्र के दिग्रास, कर्जत और अकोला तालुक

के परिवारों के बीच किया जा रहा है। जल चक्की परियोजना से जुड़े अब तक की रोमांचक यात्रा को याद करते हुए, दफ्तरी जी कहते है कि अपने अध्ययन के दौरान, ''उन्हें एक अमेरिकी महिला सिंथिया कोएनिग द्वारा विकसित अद्वितीय उत्पाद के बारे में वेबसाइट: *wellowater.org* से जानकारी प्राप्त हुई। मैंने उनसे संपर्क किया क्योंकि उन्हें अपने उत्पाद के लिए पेटेंट अधिकार प्राप्त किया था और उन्होंने मुझे वापी में स्थानीय निर्माता मित्सुचेम से परिचय करवाया, जिनसे हम जल चक्की खरीद रहे हैं।'' प्रत्येक जल चक्की की कीमत ₹2,000 हैं।

परियोजना अध्यक्ष अमरीश दफ्तरी और पूर्व अध्यक्ष अनिला पिल्लई, दिग्रास तालुक के अनंतवाड़ी गांव में लाभार्थियों के साथ।

मार्च 2016 से, टीम ने 21 गांवों में 1,000 से अधिक जल चक्की वितरित किया है। इसका अर्थ है कि चार सदस्यीय परिवार के लिए पानी लाने वाली महिला पर विचार करते हुए उन्होंने 4,000 लाभार्थियों के मध्य जल चक्की वितरित किया हैं। जल चक्की केवल उन महिलाओं को उपलब्ध कराया जाता है जिनके आसपास पानी का कोई स्रोत नहीं है और एक बाल्टी पानी के लिए उन्हें घर से कम से कम 1-1.5 किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती थी।

एक ग्लोबल ग्रैन्ट की आशा

आइए सिर पर ढोने की प्रथा को इतिहास बनाएं, इस आदर्श वाक्य को चरितार्थ करते हुए, क्लब ने जल चक्की वितरित करने में ₹20 लाख से अधिक व्यय किया है। धन की व्यवस्था दान और सदस्यों द्वारा किए गए योगदान से की गई। दफ्तरी कहते हैं, ''हम अगले वर्ष तक करजत तालुक के 65 गांवों में 2,000 से अधिक जल चक्कियों को वितरित करने के लिए वैश्विक अनुदान के लिए आवेदन करने की योजना बना रहे हैं।''

सदाशयता की एक निशानी के रूप में, रोटरी क्लब मूरस्टाउन, मंडल 7500, न्यू जर्सी, अमेरिका ने, दिग्रास तालुक के कपेश्वर गांव में लाभार्थियों के मध्य 50 जल चक्कियों के वितरण के लिए क्लब को 1,500 डॉलर दान में दिया है। और क्लब वैश्विक अनुदान कार्यक्र म के लिए गृह क्लब के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है।

क्लब के अध्यक्ष चुने गए रोटेरियन दिलीप शाह कहते हैं, ''इस लुढ़कने वाले प्लास्टिक के खिलौने ने दूर-दराज से पानी लाने के काम को आसान बनाते हुए उनके रोज झेले जाने वाले दुखों को समाप्त कर दिया है।''

जल चक्की परियोजना ने मुंबई में आयोजित रोटरी वर्ल्ड जल दिवस सेमिनार में सर्वश्रेष्ठ परियोजना का पुरस्कार जीता। दफ्तरी कहते हैं, ''हमारे मंडल के 12 क्लबों में से, जिन्होंने अपनी जल परियोजनाओं पर प्रस्तुतिकरण पेश किया था, उनमें हमें तीन मानदंडों - अधिकतम लाभार्थियों, स्थायित्व और विशिष्टता के आधार पर प्रथम पुरस्कार के लिए चुना गया था और हमें UN के अधिकारियों की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किया गया।'' ■

Our Esteemed Guest

Rtn Barry Rassin & Ann Esther
RI President 2018–19

Rotary

PASSION TO SERVE

Rotary Institute 2018
Chennai | 5-7th October
Zone 4, 5 & 6A

Convener's Message



RID Basker Chockalingam
Ann Malathi

Dear Rotary Leaders,

Rotary Zone Institutes give opportunity to Rotary leaders, past, present and future, to meet and greet each other, exchange ideas and debate on how to take Rotary forward. **Malathi & I** deem it a privilege and pleasure, to invite you and your spouse, to Rotary Institute 2018, to be held during October 5–7, 2018, at **Hotel Leela Palace, Chennai**. With a set of wonderful speakers and world class entertainment, this will be truly an Institute with a difference. We will have the rare opportunity of having with us the Rotary senior leadership, who will make the event a memorable one for us. The dynamic Institute Chairman PDG I S A K Nazar and his wonderful team are making every effort, to ensure that, we all have a grand Rotary Institute 2018 — **Passion To Serve —** at Chennai.

With warm regards,
RID Basker Chockalingam, RI Director (2017–19)

Chairman's Message

Ann Afzalunnisa
PDG I S A K Nazar

Dear Rotary Leaders,

Greetings from Team — Rotary Institute 2018.

It's a great opportunity given by Director / Convener Rtn C Basker to have our **Rotary Institute 2018** at Chennai, at the grand venue — **Hotel Leela Palace,** Chennai — on 5th, 6th and 7th October 2018. Please be ready to witness one of the most memorable Rotary Institute at Chennai. We are all set to deliver an outstanding and memorable Institute. With a galaxy of eminent speakers, a new experience in entertainment and all that a successful Rotary Institute can be remembered for, awaits you. On behalf of Rotary Institute 2018 Team, I welcome you to **Passion to Serve, Rotary Institute 2018.** Please register immediately.

PDG I S A K Nazar
Chairman — Rotary Institute 2018

Please send this form duly filled by post / courier to:

Rtn PDG I S A K Nazar, Chairman, Rotary Institute 2018
Manna Foods, 129, Z Block, 6th Avenue, Anna Nagar, Chennai – 600 040, Phone: 044 2683991, Mobile: 94449 76846
e-mail: rotaryinstitute.chennai2018@gmail.com, nazarisak@gmail.com

REGISTRATION DATA SHEET

Rotary Institute 2018
Chennai | 5-7th October
Zone 4, 5 & 6A

Name: Rtn. .... Call / Badge Name:...

Classification: ....

Address: ....

City: .... Pin .... Country ....

Mobile: .... e-Mail: ....

(Note: Include country and area code for Telephone / Fax Number)

☐ PDG ☐ IPDG ☐ DG ☐ DGE ☐ DGN ☐ DRFC ☐ DMC ☐ DRC

Home Club: .... RI District: ....

Name of Spouse: .... Call Name: ....

Food Preference			Collar size
	Rotarian	Spouse	
Veg	☐	☐	☐ 38 ☐ 40 ☐ 42 ☐ 44 ☐ 46
Non Veg	☐	☐	

REGISTRATION			Couple	Single	Amount
Institute Registration	**Couple**	**Single**			
Upto 30th June 2018	INR 25000	INR 15000			
After 30th June 2018	INR 26000	INR 17000			
GETS (Couple)	2,3,4 October 2018	INR 60000			
DGs Training Seminar	4th October 2018	INR 5000 per Person			
DGN Training Seminar	4th October 2018	INR 5000 per Person			
Dist Trainers Seminar	4th October 2018	INR 5000 per Person			
COL Seminar	4th October 2018	INR 5000 per Person			
TRF Dinner	4th October 2018	INR 5000 per Couple INR 3000 per Single			
TRF Seminar	5th October 2018	INR 5000 per Couple INR 3000 per Single			
HOTEL ACCOMODATION					
The Leela Palace	Double Executive	INR 10000 Per Nite			
	Single Executive	INR 9000 Per Nite			
Ramada Plaza	Double Deluxe	INR 8000 Per Nite			
	Single Deluxe	INR 7000 Per Nite			
The Savera Hotel	Double Deluxe	INR 7000 Per Nite			
	Single Deluxe	INR 6000 Per Nite			
			Total		

**Kindly tick whichever is applicable.*

*Please note that the Accomodation is purely on first come first serve basis.

The cheque and draft shall be in favour of **"Rotary Institute 2018"** payable at Chennai.	*Online payment details:* **Account Name:** Rotary Institute 2018 **Bank:** Karur Vysya Bank **Branch:** Saidapet, Chennai - 15 **Account No.:** 1651155000067299 **IFSC Code:** KVBL0001651

The Institute registration covers the following:

a) Inaugural plenary on Friday, Oct 5, 2018 followed by dinner.

b) Lunch and dinner on Saturday, Oct 6, 2018.

c) Lunch on Sunday, Oct 7, 2018.

The other events such as GETS (Couple), DG Seminar, Membership Seminar, DGN Seminar, COL, TRF Seminar, Foundation Dinner have additional registration as mentioned above.

Date: ....   Signature: ....

FIFA का जोश

क्या आप जानते है?

- प्रथम विश्व कप फुटबॉल मैच की शुरूआत 13 जुलाई, 1930 को उरुग्वे में हुई थी, जिसमें फ्रांस ने मेक्सिको को 4 से 1 हराया था।
- प्रथम विश्व कप में कुल 13 टीमों ने भाग लिया था - उरुग्वे, अर्जेंटीना, बेल्जियम, ब्राजील, बोलीविया, चिली, फ्रांस, मेक्सिको, पराग्वे, पेरू, रोमानिया, संयुक्त राज्य अमेरिका और युगोस्लाविया।
- केवल दो महाद्वीपों - दक्षिण अमेरिका और यूरोप - के देशों ने विश्व कप को क्रमशः 9 बार और 12 बार जीता है।
- **विश्व कप विजेता देशों में शामिल है -** ब्राजील 5, जर्मनी 4, इटली 4, उरुग्वे 2, अर्जेंटीना 2, इंग्लैंड 1, फ्रांस 2 और स्पेन 1 बार।
- द्वितीय विश्व युद्ध के कारण, वर्ष 1938 से 1950 के बीच विश्व कप आयोजित नहीं किया गया। इसलिए इटली रिकॉर्ड 16 वर्षों (1932 से 1950 तक) तक विश्व कप चैंपियंस बना रहा।
- वर्ष 1986 में, कमीज उतारने को आधिकारिक तौर पर निषिद्ध कर दिया गया था क्योंकि फीफा नहीं चाहता था कि खिलाड़ी मैदान में अपनी छाती दिखाएं!

जापान फुटबॉल का खेल हार गया, परंतु लोगों का दिल जीत लिया

शुरूआत में दो गोल से आगे बढ़ने के बाद, खेल के अंतिम निर्णायक क्षणों में बहुत कम अंतर से बेल्जियम से हारने के बाद जापानी फुटबॉल टीम और जापानी फुटबॉल प्रशंसकों दोनों ने अपने शानदार और शालीन प्रतिक्रिया से दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के दिलों को जीत लिया। ऐसा तीसरी बार हुआ है जब जापानी टीम आश्चर्यजनक ढंग से अच्छी तरह से खेलने के बावजूद विश्व कप के अंतिम आठ में पहुँचने में नाकाम रही है।

बेल्जियम ने क्वार्टर फाइनल तक पहुँचने के लिए एक आश्चर्यजनक अंतिम प्रयास करते हुए जापानी फुटबॉलरों को निस्तब्ध कर दिया, और इस सदमे के कारण अनेक खिलाडी खेल के मैदान में अपने घुटनों पर बैठ गए जबकि कई अन्य लोग रोने लगे। लेकिन घर वापस लौटने से पहले, उन्होंने चेंगिंग रूम को साफ करते हुए और अपने रूसी मेजबानों के लिए 'धन्यवाद' लिखा हुआ नोट छोड़कर दुनिया को दिखा दिया कि जापानी अपने अनुशासन और विनम्रता के लिए संसार में इतने प्रसिद्ध क्यों हैं। और हार के सदमें से सुबकते रहने के बावजूद, जापानी प्रशंसकों ने स्टेडियम की साफ-सफाई की!

क्रोएशिया की राष्ट्रपति जश्न मनाती हैं

इंग्लैंड का सामना करने के लिए क्रोएशिया के विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश करने के बाद क्रोएशियाई राष्ट्रपति कोलिंडा ग्रबर-किटारोविक ड्रेसिंग रूम में अपनी देश की टीम में शामिल हो गई। इससे पहले उन्हें स्टैंड में क्रोएशियाई प्रशंसकों के साथ बैठे देखा गया था और उन्हें वीआईपी क्षेत्र में आमंत्रित किया गया था, जहां से 50 वर्षीय अध्यक्ष ने उनकी टीम के हर लक्ष्य और रोमांचक पेनल्टी शूट-आउट को उत्साह से देखा। क्रोएशिया की जीत सुनिश्चित हुई घर टीम रूस के खिलाफ। जैसे ही मैच समाप्त हो गया, वह खिलाडिय़ों के ड्रेसिंग रूम में पहुंची और उनमें से प्रत्येक को बधाई दी।

एक रबर चिकन

क्रोएशिया के साथ अपने महत्वपूर्ण सेमीफाइनल मैच के 24 घंटों से पहले, अंग्रेजी टीम एक प्रशिक्षण सत्र में रबर चिकन के साथ फुटबॉल को प्रतिस्थापित कर रही थी! महत्वपूर्ण मैच के लिए टीम को ''मनोदशा'' में लाने का कारण था, लेकिन क्या टेस्टोस्टेरोन ढेर को क्रोएशन टीम के सूक्ष्म मांस बनाना था, केवल कप्तान हेरी केन ही समझा सकते थे!

मेसी को उनकी पत्नी ने सांत्वना दी

फ्रांस द्वारा अर्जेंटीना को खेल के अंतिम 16 गेम में से बाहर कर दिए जाने पर पूरी तरह से निराश हो चुके फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी की पत्नी एंटोनला रोक्कोजो ने बार्सिलोना हवाई अड्डे पर अपने पति से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। खेल में से बाहर होने के बाद शेष अर्जेंटीना टीम ने ब्यूनस आयर्स के लिए 18 घंटे की फ्लाइट पकड़ी, वहीं 31 वर्षीय मेस्सी, जिनके बारे में हाल के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद खेल को अलविदा कहने की अफवाह फ़ैल रही है, बार्सिलोना चले गए, जहाँ व्यथित फुटबॉल स्टार ने पत्रकारों से बात करने से साफ़ मना कर दिया। वह इस टूर्नामेंट में सिर्फ एक गोल करने में कामयाब रहे और आइसलैंड के साथ 1-1 से ड्रॉ में पेनाल्टी ने खेल के रोमांच को और ख़राब कर दिया, इसके बाद क्रोएशिया द्वारा 3-0 से हारने के बाद, कभी अजय माना जाने वाले अर्जेंटीना फ्रांस से हार कर विश्व कप से बाहर हो गया - जिसमें 19-वर्षीय सनसनीखेज कैलियन मबप्पे ने दो गोल किया।

रशीदा भगत द्वारा संकलित
एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

रोटरी क्लब ग्वालियर इंपीरियल ने दो और हैप्पी स्कूलों का निर्माण किया

वी मुत्तुकुमारण

सरकारी प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों द्वारा अनेक बार अपील करने और लिखित शिकायत करने के उपरांत भी उनकी दयनीय स्थितियों को सुधारने के लिए राज्य के शिक्षा अधिकारियों ने कुछ नहीं किया। इसके पश्चात, ग्वालियर इंपीरियल, मंडल 3053 के रोटरी क्लब ने ग्वालियर के सिरोल में एक-दूसरे के निकट स्थित-दो सरकारी स्कूलों-एक सरकारी और एक माध्यमिक स्कूल का पूर्ण रूप से कायाकल्प किया। जीर्ण-शीर्ण हो चुके स्कूल के भवन का पेंट करवाया गया और चहारदीवारी का निर्माण कर स्कूल को एक नया जीवन प्रदान किया गया।

क्लब ने पिछले वर्ष समीप के एक क्षेत्र, नाका चन्द्रवद्नी में दो स्कूलों को हैप्पी स्कूलों में बदलने के अनुभवों का लाभ उठाते हुए, इस परियोजना को सफलतापूर्वक निष्पादित किया। क्लब के अध्यक्ष अमित राठी कहते हैं, ''हमने शिक्षकों के साथ-साथ छात्रों के सभी आधारभूत आवश्यकताओं और जरूरतों को पूरा करते हुए, संपूर्ण परियोजना को छह माह की अवधि में पूरा किया। छात्र अब नए फर्नीचर, ब्लैकबोर्ड और सुंदर कक्षाओं को देख कर अत्यंत प्रसन्न हैं।''

रोटरी क्लब ग्वालियर इंपीरियल के काम शुरू करने से पहले सिरोल की एक स्कूल में फर्श पर बैठे बच्चे। (सामनेवाले पृष्ठ पर) क्लब द्वारा स्कूल को दिए गये बेंच और डेस्क।

चूँकि स्कूल मुख्य सड़क के किनारे स्थित था, इसलिए चहारदीवारी का अभाव स्कूल के अधिकारियों के समक्ष मुख्य समस्या थी। वे आगे कहते हैं, ''हमने छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दोनों स्कूलों के लिए एक साझे चहारदीवारी का निर्माण किया। आठ कक्षाओं के फर्श को टाइल लगाकर एक नया रूप प्रदान किया गया और छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए दीवार पर एक मथीम पेंटफ करवाया गया। पढ़ने के लिए उचित वातावरण बनाने के उद्देश्य से, कक्षा में पिन बोर्ड, एलईडी ट्यूब लाइट्स और डस्टबिन उपलब्ध कराया गया।''

स्वच्छता पर ध्यान दिया गया

इस परियोजना का एक मुख्य आकर्षण भूमिगत सीवर लाइनों का उपयोग और चार शौचालय ब्लॉक का जीर्णोद्धार करना था। ''हमने रिसावों को बंद करवाया हैं, जो न केवल भद्दा दिखाई देता था, बल्कि स्वच्छता के दृष्टिकोण से भी पूर्ण रूप से अस्वीकार्य था, और अब परिसर की स्वच्छता देखते ही बनती है। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाएं रखने के लिए नियमित रूप से सैनिटरी नैपकिन का वितरण किया जा रहा है।''

क्लब ने सिरोल में जुड़वां स्कूलों का पूर्ण रूप से कायाकल्प करने के लिए ₹6 लाख खर्च किया और धन की व्यवस्था सदस्यों द्वारा दिए गए दान

से की गई थी। राठी जी कहते हैं, ''हमने बेंच और डेस्क जैसे फर्नीचर बनवाने के लिए अपने DDF से 1,000 डॉलर का भी उपयोग किया।'' सिरोल के गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल के हेडमास्टर रामबाबू सिंह राणा कहते हैं, स्कूल के जीर्णोद्धार से 250 छात्रों को लाभ होगा, क्योंकि वे अब एक साफ स्कूल परिसर और जरूरी सुविधाओं से लैस कक्षाएं हैं, जो सीखने की प्रक्रिया को रोमांचक अनुभव बनाता है।

स्कूल के भवन का जीर्णोद्धार करवाने की अपने प्रयासों की विफलता से उपजी हताशा को याद करते हुए, वे कहते है कि, ''स्कूल का जीर्णोद्धार करवाने के लिए मदद की गुहार लगाने के प्रयासों से सरकार के कानों पर जूँ तक नहीं रेंगी। परंतु इस रोटरी क्लब ने हस्तक्षेप किया और छह महीने में, स्कूल के भवन का कायाकल्प कर दिया।''

क्लब अब बच्चों के खेलने के लिए एक प्ले एरिया के निर्माण करने और बगीचा लगाने में व्यस्त है।

अनुवर्ती कार्यवाही

इतना ही नहीं, क्लब ने पिछले वर्ष शुरू किए गए कार्यों को पूरा करने के लिए इस वर्ष नाका चंद्रवद्नी के स्कूलों के लिए वॉटर टैंक दान किया है और बिजली आपूर्ति की स्थायी व्यवस्था की है। राठी कहते हैं, ''प्रत्येक कक्षा में दो सीलिंग फैन लगाया गया है और पुस्तकों से लैस एक बेहतर पुस्तकालय ने स्कूल की उन सुविधाओं में वृद्धि की हैं, जिसे हमने उन्हें उपलब्ध कराया था।'' शौचालयों में पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक पाइप लाइन के साथ एक वॉटर पंप स्थापित किया गया है। क्लब ने नाका चंद्रवद्नी में लगभग 275 छात्रों के लिए इन हैप्पी स्कूलों का निर्माण करने के लिए ₹6 लाख खर्च किए हैं।

ब्लड टेस्टिंग मशीन

क्लब ने समुदाय की आवश्यकताओं को समझने के लिए एक सर्वेक्षण किया और सर्वेक्षण के परिणामों के आधार पर, क्लब ने ₹9 लाख की लागत से सरकारी अस्पतालों -सिविल अस्पताल, मोरार को दो हेमेटोलॉजी एनलाइजर दान में उपलब्ध कराया है; और जी आर मेडिकल कॉलेज और जे आर ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल-को वंचित-शोषित मरीजों की सेवा के लिए एक अटैच्ड ब्लड बैंक उपलब्ध कराया है।

''सिविल अस्पताल में 5-पार्ट वाले ब्लड सेल काउंटर से प्रति महीने लगभग 20,000 मरीज लाभान्वित होंगे; जबकि रक्त बैंक में 3-पार्ट ब्लड सेल काउंटर 20,000 दाताओं को सेवा उपलब्ध कराएगा। यहाँ ब्लड के कंपोनेंट्स को अलग करने और उनका उपयोग करने की सुविधा उपलब्ध है।''

राठी जी आगे कहते हैं कि प्रयोगशाला द्वारा जारी किए जाने वाले रिपोर्ट में क्लब का नाम शीर्ष पर रहता है, इससे समुदाय में रोटरी की सार्वजनिक छवि में वृद्धि होगी।

गत वर्ष सदस्यों की संख्या 126 थी, जिसमें 24 प्रतिशत की वृद्धि होने के साथ ''सदस्यों की संख्या बढ़कर'' 156 हो गई और इस उपलब्धि के लिए क्लब को डीजी राजकुमार भूटोरिया ने सम्मानित किया है।■

स्कूल का जीर्णोद्धार करवाने के लिए मदद की गुहार लगाने के प्रयासों से सरकार के कानों पर जूँ तक नहीं रेंगी। परंतु इस रोटरी क्लब ने हस्तक्षेप किया और छह महीने में, स्कूल के भवन का कायाकल्प कर दिया।

रंगीन लाख की कारीगरी घट सकती है या खत्म हो सकती है

अनुभा अग्रवाल



इन दिनों युवतियों के बीच लहरिया शैली और विभिन्न रंगों के जयपुर के प्रसिद्ध लाख के कंगनों का बड़ा उत्साह है। गुलाबी शहर जयपुर की लाख आभूषणों जैसी रंगीन कलाकृतियों के साथ हाल ही में शुरू हुए खूबसूरत लाख भित्ति-चित्रों की पूरे भारत में लोगों द्वारा बहुत सराहना और प्रशंसा की जा रही है। बहुरंगी नेकपीस, अंगूठियाँ, विभिन्न आकारों में कान की बालियाँ, मोतियों और आक्टेन जैसे रंगीन कांच के पत्थरों, एवं चीन या ऑस्ट्रेलिया से आयातित पत्थरों से जड़ित लाख की चूड़ियाँ, इन पारंपरिक आभूषणों की सुंदरता बढ़ाते है।

हाल ही में, अभिनव तकनीकों के माध्यम से कांस्य, स्टील और अन्य वैकल्पिक सामग्रियों के साथ ऐसे श्रेष्ठ उत्पाद इतनी कुशलता के साथ बनाए जा रहे है कि कई बार असली लाख उत्पादों को पहचानना मुश्किल हो जाता है।

पारंपरिक भारतीय परिवारों में, लाख चूड़ियों को सुहाग, गुलाली या हरा चूड़ा का प्रतीक भी माना जाता है, जिसे आमतौर पर नई दुल्हन द्वारा शादी के बाद एक निश्चित अवधि के

लिए पहना जाता है। होली के दौरान गुलाबी रंग की चूड़ियों को विशेष रूप से पहना जाता है। कुल मिलाकर, इन चूड़ियों को बहुत ही शुभ माना जाता है और तीज, गणगौर, करवा चौथ जैसे त्योहारों एवं अन्य खास समारोहों के लिए विशेषरूप से खरीदा जाता है।

लाख उत्पादों को बनाने की कला 300 वर्षों से भी अधिक पुरानी है। राजस्थान में लाख कला उद्योग स्थापित करने के लिए, जयपुर के महाराजा अरब और भारत के अन्य राज्यों से भी कलाकारों को लाए थे। जयपुर के गठन के दौरान, महाराजा जयसिंह द्वितीय ने लाख का काम करने में उस्ताद कारीगरों को आमेर से जयपुर विस्थापित किया था और आज जयपुर लाख उद्योग का केंद्र बन चुका है।

राजस्थान में, लाख का कारोबार आमतौर पर लखेरा और मनिहार जातियों द्वारा किया जाता है। लाख का काम करने वाले हिन्दू परिवारों को लखेरा कहा जाता है और लाख के कारोबार में लिप्त मुस्लिमों को मनिहार कहा जाता है।

मनिहारों का रास्ता, वह गली जहाँ इन कारीगरों को गुलाबी शहर में स्थापित किया गया था, आज लाख के काम के लिए पूरे राष्ट्र में प्रसिद्ध है। पुराने जयपुर के त्रिपोलिया बाज़ार में स्थित, मनिहारों का रास्ता भीड़ वाली एक संकीर्ण गली है जहाँ लाख का काम करने वाले सैकड़ों कारीगर ऐसी अनुपम कलात्मक रचनाओं को स्थानीय बिक्री और थोक निर्यात हेतु आकार देते है। खरीददारों से ठसाठस भरी होने के कारण यह गली बहुत ज्यादा व्यस्त है, और खरीदारों, विक्रेताओं, कारीगरों एवं यहाँ पर धीरे-धीरे चलने वाले वाहनों के हॉर्न की आवाजों का शोरगुल राहगीरों का स्वागत करता है। इसमें कारीगरों की भट्टियों या लकड़ी के चूल्हों से निकलने वाली आंच भी शामिल है

और पूरी गली में इतनी सारी लाख दुकानें होने के कारण इसे विशेष ख्याति प्राप्त है।

लाख के उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया में तपाना, जोड़ना, सानना, ठोकना और सांचे या हाथों के माध्यम से आकार देना शामिल है।

मूलतः, कच्ची सामग्री या लाख छोटे कीड़ों का उप-उत्पाद/अपशिष्ट है और पीपल, बड़, और पलाश जैसे पेड़ों से प्राप्त किया जाता है। आम तौर पर लाख को बिहार, उत्तरप्रदेश और कुछ अन्य क्षेत्रों से आयात किया जाता है। इस अपशिष्ट को साफ करने के बाद, इसे बड़े बर्तनों में तपाया जाता है और एक सख्त गोलाकार तले के रूप में निर्मित किया जाता है।

लाख को पहले भट्टी में लकड़ी के कोयले के साथ तपाया जाता है और यह गोंद या अर्ध तरल चिपचिपे पदार्थ के समान होता है। फिर इसे लाल, हरे, पीले जैसे विभिन्न प्राकृतिक रंगों, और कभी-कभी जापानी सुनहरे या चाँदी के चमकीले रंगों के साथ मिलाया जाता है। शुद्ध

पारंपरिक भारतीय परिवारों में, लाख चूड़ियों को सुहाग, गुलाली या हरा चूड़ा का प्रतीक भी माना जाता है, जिसे आमतौर पर नई दुल्हन द्वारा शादी के बाद एक निश्चित अवधि के लिए पहना जाता है।

लाख से बनाए जाने वाले उत्पादों में चूड़ियाँ, पेन, ब्रौच इत्यादि शामिल है। कभी-कभी खूबसूरत डिज़ाइन वाली कलाकृतियाँ बनाने के लिए इसे कुट्टी के साथ मिलाया जाता है।

पूरी प्रक्रिया में बहुत ज्यादा सटीकता, कौशल और समय की आवश्यकता होती है, और अंतिम उत्पाद में लाख का अनुपात भिन्न होता है।

बाद में तैयार उत्पादों को मोतियों या रंगीन कांचों से सजाया जाता है, और यह कार्य जिसे कुशलता की आवश्यकता होती है मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा किया जाता है। सजावट की प्रक्रिया को चिपाई कहते है।

यह बहुत ही आश्चर्य की बात है कि लाख की चूड़ियों के आकार को आसानी से समंजित किया जा सकता है या किसी भी उत्पाद की हल्की दरारों को हल्का सा गर्म करके, हल्की सी गढ़ाई करके और आहिस्ता से ढालकर सुधारा जा सकता है। ये कारीगर अपने कौशल में इतने प्रवीण है कि केवल एक महिला का हाथ देखकर वे चूड़ी का आकार तैयार कर सकते है। हालाँकि, लाख उत्पाद ताप प्रवण होते है और राजस्थान का भयानक गर्म मौसम इस कला के लिए एक बड़ी बाधा है।

युवा कलाकार आज के समय में बनाए जाने वाले लाख के उत्पादों में अनेक बदलाव कर रहे है। इन उत्पादों की लागत ₹10 से लेकर ₹2 लाख के बीच है, शिल्प गुरु और 2013 राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आवाज़ मोहम्मद कहते है।

शिल्पकार लाख चूड़ियाँ बनाते हुए।

आवाज़ मोहम्मद, उनकी पत्नी अनवर जहान और उनका पूरा परिवार, जिनमें उनके दो लड़के और लड़कियाँ शामिल है, लाख के कार्य में व्यस्त है।

अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किये जा चुके और दुनियाभर की यात्रा कर चुके 57 वर्षीय मोहम्मद कहते है, ''मैं आईआईजे, मुंबई, एमिटी और अन्य राज्यों के कारीगरों को भी प्रशिक्षण देता था।'' लेकिन उन्होंने दुःख प्रकट किया कि सरकार से मिलने वाले ''प्रोत्साहन की कमी और अन्य वैकल्पिक वस्तुओं के साथ प्रतिस्पर्धा के कारण, इन दिनों लाख के काम को पहले के समय जैसी प्रतिक्रिया नहीं मिलती। मुझे डर है कि आने वाले दिनों में लाख का मूल और वास्तविक काम गायब हो जाएगा।''

युवा कलाकार आज के समय में बनाए जाने वाले लाख के उत्पादों में अनेक बदलाव कर रहे है। इन उत्पादों की लागत ₹10 से लेकर ₹2 लाख के बीच है।

मोहम्मद शमशेर, एक निपुण कलाकार जिनके पूर्वजों ने यह कार्य 200 वर्षों पूर्व शुरू किया था, और जिनका पूरा परिवार अब लाख के कारोबार में व्यस्त है, कहते है यह एक मौसमी कार्य है और इन वस्तुओं की बिक्री त्योहारों या शादियों के दिनों में बढ़ती है। ''महाराजा के समय में, हम लाख की एक अनोखी कृति गुलाल गोटा बनाया करते थे, विशेषरूप से होली के त्यौहार के लिए। गुलाल गोटा हर्बल रंगों से भरी एक छोटी गेंद या पोटली होती है जो पतली लाख की परत से बनती है। होली के त्यौहार को और अधिक मज़ेदार बनाने के लिए, इन रंगों से भरी, लेकिन हानिरहित, पोटलियों को फेंका जाता था।''

लाख के शिल्प के लिए एक उजाड़ भविष्य की भविष्यवाणी करते हुए, वह कहते है यही कारण है कि ''मेरा पूरा परिवार शिक्षित है। हमने यह सुनिश्चित किया है कि हमारे बच्चों और पोते/पोतियों को उचित शिक्षा मिले। इस शिल्प कला को प्रभावित करने वाली असंतोषजनक स्थिति, और इस काम में लगने वाली कड़ी मेहनत जो कुछ खास आमदनी नहीं देती, को देखते हुए हमें लगता है कि आने वाले वर्षों में हमारी युवा पीढ़ी इस पेशे को ज़ारी नहीं रखेगी,'' वह आह भरते है।

चित्र: अनुभा अग्रवाल

एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

PRID शेखर मेहता
प्रमुख, रोटरी इंडिया
लिटरसी मिशन

Rotary
India Literacy Mission

Literacy Focus

RILM के प्रमुख शेखर मेहता, मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और RILM की उप निदेशक झिलम रॉय चौधरी के साथ।

RILM प्रमुख शेखर मेहता, RILM के COO डॉक्टर आपगा सिंह और कार्यक्रमों के उप निदेशक झिलम रॉय चौधरी ने T-E-A-C-H कार्यक्रम को आगे ले जाने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से मुलाकात की।

मंत्रीजी RILM के ई-शिक्षा कार्यक्रम से प्रभावित हुए और उन्होंने मेहता को शास्त्री भवन, कोलकाता में आयोजित की गई ऑपरेशन डिजिटल बोर्ड की बैठक में आमंत्रित किया। इसी प्रकार की चर्चा स्कूली शिक्षा की विशेष सचिव रीना राय के साथ हुई जिन्होंने, वयस्क निरक्षरों को पढ़ाने के लिए प्रारंभिक पुस्तकों के इस्तेमाल की पद्धति से आश्वस्त होकर, RILM से उनको शैक्षणिक वीडियो भेजने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने जिला कलेक्टरों को वयस्क साक्षरता कार्यक्रम हेतु पैसा आवंटित करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

पंजाब के स्कूलों में ई-शिक्षण सुविधा

राज्य के 19,272 सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में ई-शिक्षण सुविधा स्थापित करने के लिए पंजाब सरकार के साथ RILM साझेदारी कर रहा है। शुरुआत में, यह समझौता ज्ञापन 3 वर्षों की अवधि के लिए लागू किया जाएगा।

स्कूलों को श्रव्य-दृश्य हार्डवेयर और उपयुक्त सॉफ्टवेयर प्रदान किए जाएंगे। राज्य सरकार हार्डवेयर प्रदान करेगी जिसमें एक प्रोजेक्टर या एक एंड्रॉयड अनुकूलता वाला ढ्त शामिल होगा और वह स्कूलों में लैब स्थापित करेगी। RILM हार्डवेयर के अनुकूल सॉफ्टवेयर प्रदान करेगा; राज्य शिक्षा मंडल के पाठ्यक्रम की तर्ज पर ई-सामग्री विकसित करेगा; इस सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करेगा और डिजिटल शिक्षा के कार्यान्वयन एवं विद्यार्थियों के शिक्षण परिणामों का मूल्यांकन करेगा। अभी तक यह कार्यक्रम 13,322 सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों तक विस्तारित किया गया है।

एक स्कूल में पुस्तकालय बनाने के बाद रोटेरियनों और छात्रों के साथ IPDG बाग सिंह पन्नू।

SBI फाउंडेशन ई-शिक्षण का समर्थन करता है।

310 स्कूलों के लिए ड्डख फाउंडेशन द्वारा निधिबद्ध डिजिटल क्लासरूम परियोजना के अंतर्गत, RILM ने, TRIUMPH फाउंडेशन - रोटरी क्लब ठाणे हिल्स का एक न्यास - के साथ साझेदारी में महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक के 171 स्कूलों में ई-शिक्षण सुविधाएं स्थापित की है, और शेष से स्कूलों में कार्य प्रगति पर है।

कर्नाटक के 50 स्कूलों में और महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश के 118 स्कूलों में ई-शिक्षण सुविधाएं प्रदान की गई है, पहचाने गए 142 स्कूलों में से 89 स्कूलों में डिजिटल शिक्षण सुविधा प्रदान की जा चुकी है।

राज्य शिक्षा मंडल के पाठ्यक्रम के अनुसार स्थानीय भाषा में मल्टीमीडिया सामग्री प्रोजेक्टरों में संस्थापित की जा चुकी है। परियोजना के कार्यान्वयन से संबंधित सभी जानकारियों को प्राप्त करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल डिजाइन किया गया है और उसे RILM की वेबसाइट से लिंक किया गया है। पोर्टल केवल रोटरी/इनर व्हील क्लबों और संबंधित वेंडरों के लिए ही खुला है। संस्थापना के बाद की रिपोर्ट और जाँच/निरीक्षण रिपोर्ट इसी पोर्टल के माध्यम से ली जाएंगी।

रोटेरियन किशोर लूला, PDG आर एस नागार्जुना, DLCC प्रशांत रामचंद्र, PDG डी एस रवि, DLCC स्वाती गुप्ता, विजय नामदेव, आई एस तोमर, डी एन रायज़ाडे, PDG रणजीत सिंह, DLCC आनंद मुखर्जी, सुनील अग्रवाल और ललित मोहन गुप्ता मंडलों 3170, 3181, 3182, 3012, 3110, 3120 और 3100 के कुछ स्टार प्रायोजक हैं।

टोरंटो में T-E-A-C-H

आरआई कन्वेंशन हाउस ऑफ फ्रेंडशिप में T-E-A-C-H परियोजनाओं को प्रदर्शित करना इस वर्ष RILM के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था। स्टॉल वरिष्ठ रोटरी नेतृत्व और सम्मेलन में भाग लेने वालों के साथ चर्चा कर रहा था। अमेरिका, इटली, मेक्सिको, नाइजीरिया, युगांडा, घाना, नेपाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान आदि के आगंतुकों के साथ। TEACH कार्यक्रम उन लोगों तक पहुंच गया जो इसे लेना और उन क्षेत्रों में कार्यान्वित करना चाहते हैं जहां साक्षरता एक बड़ी चुनौती है। वयस्क साक्षरता और ई-लर्निंग कार्यक्रमों के साथ, हैप्पी स्कूल वर्टिकल में अधिकतम लेने वाले थे। हमें आशा है कि TEACH वैश्विक शिक्षा और साक्षरता में एक क्रांति की नींव रखेगा।

पढ़ो भारत - पुस्तकालय परियोजना

मनसा के रोटरी क्लब, मंडल 3090, ने पंजाब के सरकारी स्कूलों में 200 पुस्तकालयों का निर्माण किया।

मंडल 3120 को RILM से सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पुस्तकालयों के निर्माण के लिए 13,500 अंग्रेजी की कहानियों की किताबें और संदर्भ पुस्तकें प्राप्त हुई।

RILM ने इनर व्हील मंडल 314 को 3,000 किताबें प्रदान की; 16 क्लबों ने 1,700 पुस्तकें वितरित की और 17 स्कूलों में पुस्तकालयों का निर्माण किया।

इनर व्हील मंडल 329 को 5,000 पुस्तकें आवंटित की गई। तेरह क्लबों ने 14 स्कूलों में पुस्तकालयों के निर्माण हेतु 1,400 किताबें वितरित की। ■

बुरी आदत को कैसे तोड़े!

भरत और शालन सवुर

आदतों को छोड़ना काफी कठिन होता है, है ना? पोर्शिया नेल्सन ने अपनी किताब *एन ऑटोबायोग्राफी इन फाइव शार्ट चैप्टर्स* में इसे खूबसूरत वाकपटुता के साथ अभिव्यक्त किया है:

पहला अध्याय: मैं सड़क पर चलता हूँ। सड़क किनारे एक गड्ढा है। यह एक बहुत गहरा गड्ढा है। मैं उसमें गिर जाता हूँ। मैं बेबस हूँ। इसमें मेरी गलती नहीं है। बाहर निकलने में मुझे बहुत अधिक समय लगता है।

दूसरा अध्याय: मैं उसी सड़क पर जाता हूँ। सड़क किनारे एक गहरा गड्ढा है। मैं दिखावा करता हूँ कि मैंने उसे नहीं देखा। मैं गिर जाता हूँ फिर से। मैं विश्वास नहीं कर सकता कि मैं दोबारा उसी जगह पर, लेकिन इसमें मेरी गलती नहीं है। अभी भी बाहर निकलने में मुझे लंबा समय लगता है।

तीसरा अध्याय: मैं उसी सड़क पर जाता हूँ। सड़क किनारे एक गहरा गड्ढा है। मैं देखता हूँ कि वह वहाँ है। फिर भी मैं उसमें गिर जाता हूँ यह एक आदत है, परंतु मेरी आँखें खुली है। मैं जानता हूँ कि मैं कहाँ हूँ। इसमें मेरी गलती है। मैं तुरंत बाहर आ जाता हूँ।

चौथा अध्याय: मैं उसी सड़क पर जाता हूँ। सड़क किनारे एक गहरा गड्ढा है। मैं घूमकर आगे निकल जाता हूँ।

पांचवा अध्याय: मैं दूसरी सड़क से जाता हूँ।

''मैं समझता हूँ।'' जब आप पोर्शिया के दृष्टांत को पढ़ते है तो आप गहरी सांस लेते हैं। जब हमारी कोई ऐसी आदत होती है जो हमारी खैरियत के लिए नुकसानदायक होती है, अक्सर, हमें यह भी नहीं पता होता है कि हम एक गड्ढे में है! और, दोहराए जाने के साथ, वह गड्ढा हमारी सुविधा का क्षेत्र बन गया है। उदाहरण के लिए, मैं अपनी आत्मदया में इतना आराम से हूँ कि जब कोई शुभचिंतक उस गड्ढे से बाहर निकलने में मेरी मदद करने का प्रयास करता है, मैं चिल्लाता हूँ, ''तुम नहीं समझते मुझ पर क्या गुजर रही है! तुम कितने असंवेदनशील हो!'' वास्तव में मैं मेरी व्याकुलता के माध्यम से कह रहा होता हूँ: ''विनम्र बनो और मुझसे समानुभूति रखो। क्योंकि तुम्हारा जो फैसला है कि मुझे बाहर निकाले जाने की आवश्यकता है, मेरे दर्द को बढ़ाता है। हम सभी को दिल से कहा गया ''मैं समझता हूँ सुनने की आवश्यकता है। जब हम समर्थित और पोषित महसूस करते है, तो हम स्वयं को ठीक करते है। हमें एक ठीक करने वाले - डॉक्टर, मित्र, शिक्षक, साथी, भाई-बहन जो 'समझ' नामक इस उदार अमृत से परिपूर्ण हो - के साथ की आवश्यकता है क्योंकि इससे अकेले गुजरना मुश्किल होता है।

दृढ़ विश्वास की ताकत। समझ हमें एक ऐसे मोड़ पर ले आती है जहाँ से हम दृढ़ विश्वास की अपनी मानसिक मांसपेशी का उपयोग करके एक बेहतर, स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ा सकते है। यदि मैं मानता हूँ कि धूम्रपान मुझे तनाव मुक्त करता है इस बात को जानने के बावजूद भी कि यह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, व्यावहारिक रूप से मैं उसे छोड़ने के लिए असमर्थ हूँ। इसलिए, मुझे दृढ़ विश्वास को बदलने की आवश्यकता है। कैसे? दिमाग को दैनिक अनुस्मारकों की आवश्यकता होती है। हार्मोन्स और न्यूरोट्रांसमिटर्स के माध्यम से दिमाग पूरे शरीर के साथ संपर्क करता है। तो जब दिमाग को यूट्यूब (उदाहरण के लिए) के माध्यम से रोजाना ऐसे लोगों के दृष्टांत प्राप्त होते है जिन्होंने धूम्रपान छोड़ दिया और अब उनके फेफड़े स्वस्थ है, तो *आपके अंदर का एक हिस्सा उनके ठीक होने के अनुभवों के*

साथ जीने लगता है छोड़ने का आपका दृढ़ विश्वास सूक्ष्मता से, चुपचाप, निश्चित रूप से बढ़ता है... और एक... दिन, आप छोड़ देते है! इच्छा शिष्टतापूर्वक दृढ़ विश्वास के सामने सर झुकाती है।

इच्छा शक्ति को मजबूत करना। किसी दिन, हम कह सकते है, ''मेरी इच्छा शक्ति कमज़ोर है।'' हम मज़ाक करते है, ''मैं किसी भी समय मिठाइयाँ छोड़ सकता हूँ। मैंने ऐसा कई बार किया है!'' सच्चाई यह है: इच्छा शक्ति एक मानसिक मांसपेशी है। इसका इस्तेमाल हम जितना कम करते है, उतना ही अधिक हम इसे कमजोर करते है। और जब हम अपने जीवन के अन्य क्षेत्रों की तरफ देखते है, तो हम देखते है कि कैसे हम थकने के बावजूद भी खुद को किसी परियोजना को खत्म करने के लिए ढकेलते है, कैसे हम अपने कार्यस्थल पर पहुँचने से पहले चीज़ों को पूरा करने के लिए खुद को सुबह-सुबह बिस्तर से खींचते है। हर बार जब हमने ऐसा किया है, हमने अपनी इच्छा शक्ति को मजबूत किया है। उसी तरह, मिठाईयों को छोड़ने का फैसला भी उतनी ही गंभीरता, ईमानदारी, और उतने ही दृढ़ संकल्प के साथ करें। ''एक बगीचा लगाने का मतलब है कि आने वाले कल पर विश्वास करना,'' अभिनेत्री ऑड्रे हेपबर्न ने कहा। एक बगीचा लगाए, ''ना'' को एक तरफ लगाएं और दूसरी तरफ पूरे क्षेत्र में नियमित व्यायाम करने, स्वस्थ भोजन करने, उपचारात्मक विचारों के साथ पोषण करने, अच्छे रिश्तों को पोषित करने की हाँ को लगाए। आपका आत्मविश्वास जितना बढ़ता है, उतनी ही आपकी सेहत बढ़ेगी।

सच्चाई यह है कि: सभी व्यक्ति नई आदतों को अपनाना चाहते है। वे इस उद्देश्य को भी जानते है: मैं अपने बच्चों पर बोझ नहीं बनना चाहता। मैं वजन कम करना चाहता हूँ। मैं स्वस्थ होना चाहता हूँ। फिर भी, उद्देश्य कितना भी नेक नियत या कितना भी विवेकी क्यों ना हो, यह तब भी आदत प्रतीत नहीं होता। यह याद रखें: हर उद्देश्य को एक प्रक्रिया और एक परिणाम की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, अगर आप एक मैराथन में दौड़ रहे है और समापन रेखा को छूने के लिए अंत में आने वाले इकलौते धावक है, तब भी आप एक विजेता की तरह उत्साहित है। आप तब भी एक विजेता की भांति महसूस करते है। आपने इस प्रक्रिया में परिष्कृत ढंग से, स्वयं का एक नवीन, अधिक दृढ़ संकल्पित एवं बेहतर रूप खोजा है। तो क्या यह एक नवीन, स्वस्थ आदत को अपनाने के अनुकूल है। एक डायट प्लान में, हो सकता है आपने जितना चाहा हो उतना वजन कम ना हुआ हो लेकिन अपने प्रयासों का सम्मान करना, अपनी प्रगति की प्रशंसा करना और अन्य लोगों की वाह वाही महत्वपूर्ण है। अपने प्रयासों का कभी अपमान ना करें, बल्कि, उनकी सराहना करें। लगातार अपने प्रयासों, अपनी आतंरिक मजबूती और प्रगति का जश्न मनाएं। यदि आपके सभी प्रयत्नों के बाद भी, आप परिणाम प्राप्त करने में विफल रहते है, तो अच्छे से इस बात को जान लीजिए कि आप परिवर्तित हो चुके है, विकसित हो चुके है और आपने आतंरिक जीत हासिल कर ली है। मान लीजिए आपने अपनी स्वयं की कार्यशाला का संचालन करने का निश्चय किया है, आप अपने विषय, वित्तपोषण, विपणन आदि के बारे में हर संभव चीज़ सीखेंगे। मान लीजिए कि आपकी कार्यशाला कभी लोकप्रिय नहीं हुई, तब भी आपने नया ज्ञान और नए कौशलों को शोषित और अर्जित किया है जिसका उपयोग आप किसी भी चीज़ को करने में कर सकते है। हो सकता है कि आप वह सूर्य ना बन सकें जो प्रसिद्धि और भाग्य में चमकता है, लेकिन आप वह सितारा बन सकते है जो आपके द्वारा किये गए कार्यों में लगातार चमकता है।

हम दृढ़ विश्वास की अपनी मानसिक मांसपेशी का उपयोग करके एक बेहतर, स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ा सकते है।

तंदरुस्ती-के-साथियों को ढूंढिए। यह बहुत महत्वपूर्ण है। यदि आपके पास एक ऐसा समूह है जो एक साथ व्यायाम करता है, भोजन करता है और जो मित्र है, उसके...साथ...रहिए! वजन कम करने, कम वसा वाला भोजन करने, सकारात्मक सोचने, पुराने रास्तों को छोड़कर हाथ पकड़कर नए बेहतर रास्ते पर चलने के सामान्य साझा लक्ष्यअमूल्य है। संबद्धता में, मेलजोल में, स्वास्थ्य टिप्स, हंसी और हमदर्दी साझा करके एक दूसरे को समर्थन देने में कुछ तो बात है, इसमें शामिल होने में सौन्दर्य, ताकत और गरिमा है। जैसे एन फ्रैंक ने इसे बड़ी ही मार्मिक सरलता के साथ प्रस्तुत किया है: ''हम सभी खुश होने के उद्देश्य के साथ जीते है; हमारा जीवन बहुत अलग होते हुए भी एक सा है।''

अंततः, तंदरुस्ती और लेखन के लिए समर्पित अपने जीवन से मैंने यह सीखा है: कृतज्ञता आपको चमकदार रखती है। व्यायाम आपको मजबूत रखता है। आपकी कमियाँ आपको इन्सान बनाए रखती है। विफलताएं आपके परिणाम बोध को बनाए रखती है। सफलता आपको प्रेरित रखती है। और अच्छी आदतें? वे आपको आगे बढ़ाती है... और नहीं तो क्या!

लेखक फिटनेस फॉर लाइफ, *और* बी सिम्पली स्पिरिचुअल - यू आर नैचुरली डिवाइन *किताबों के लेखक है और फिटनेस फॉर लाइफ कार्यक्रम के शिक्षक है।*

शब्दों की दुनिया

मन का एक मिलन

संध्या राव

अच्छी किताबें हमेशा ऐसी होती है। जब आप पढ़ते है, तो आपको विचारों और परिज्ञानों की दुनिया दिखाई देती है जो आपकी दुनिया से भिन्न होती है।



यदि आप एक पाठक है, तो आप जानते है कि किताबें आपकी सबसे अच्छी दोस्त हो सकती है। यदि आप नहीं है, जान लीजिये कि किताबें आपकी सबसे अच्छी दोस्त हो सकती है। पढ़ना एक संवाद है जो ज्यादातर समय चुपचाप किया जाता है, लकिन यदि आपकी बोलकर पढ़ने की आदत है तो यह सुनाई भी दे सकता है। सबसे अच्छे दोस्त के साथ हम किसी भी बात की कहीं भी चर्चा कर सकते है। वे सुनते है जब आप कुछ बोलते है, और बदले में आप सुनते है।

हाल ही में मैंने एलिफ शफाक की *थ्री डॉटर्स ऑफ़ ईव* (2016) पढ़ी। शफाक (जिसका मतलब है 'सवेरा') एक तुर्की लेखिका है जो लन्दन में रहती है और उन्हें बहुत सी काल्पनिक एवं अकाल्पनिक किताबें लिखने का श्रेय जाता है। वह उन चंद लोगों में से एक है जिन्होंने पहले विश्व युद्ध के दौरान ओटोमन साम्राज्य के अंतर्गत तुर्की अधिकारियों द्वारा किये गए आर्मेनियाई लोगों के नरसंहार पर अपनी किताब, *द बास्टर्ड ऑफ़ इस्तांबुल,* में प्रकाश डाला। किसी किताब पर प्रतिक्रिया, जैसे किसी फिल्म या एक तस्वीर या संगीत पर होती है, व्यक्तिपरक होती है। इसलिए, यदि *थ्री डॉटर्स ऑफ़ ईव* के गुणों पर विवादित विचार है तो भी, इस तथ्य पर कोई बहस नहीं की जा सकती कि यह राजनैतिक, धार्मिक एवं दार्शनिक मामलों पर ध्यान आकर्षित करती है, और प्रत्येक पाठक को क्या आकर्षित करता है यह उनकी रूचि पर निर्भर करता है।

इस उपन्यास की केन्द्रीय किरदार नाजपेरी नामक एक महिला है जो पिता के जिद्दी और माँ के अत्यधिक रूढ़िवादी होने के बावजूद भी प्रगतिशील विचारों एवं अनुशासन-बद्ध तरीके से बड़ी हुई है। हालाँकि वे अपनी बेटी से प्यार करते है, दोनों ही अपने अंदाज में, फिर भी घर का माहौल सौहार्दपूर्ण नहीं है। ऑक्सफ़ोर्ड में पढ़ने के लिए वह घर से भाग जाती है। वहाँ वह दो महिलाओं से दोस्ती करती है जो शक्कर और गुड़ जैसी है, और वह एक आकर्षक

प्रोफ़ेसर द्वारा पढ़ाये जाने वाले कोर्स 'ईश्वर' को करती है। प्रोफेसर स्वयं उनके छात्रों को याद दिलाते है कि इसका नाम 'ईश्वर' है ना कि 'धर्म' और एलिफ लिखती है: ''जबकि पुराने जमाने में, दार्शनिक धर्म से अधिक भगवान के विचार को पकड़ कर रखते थे, अब इसका एकदम उल्टा होता है।'' इसी संदर्भ में प्रोफ़ेसर ने उन्हें 'निश्चितता के रोग' के बारे में सतर्क किया था।

''निश्चितता'', एलिफ लिखती है, ''उस उत्सुकता को लेकर है कि इकेरस के पंखों लिए सूर्य क्या था। जहाँ एक अपने पूरे तेज से चमका, तो दूसरा नहीं बच सका। निश्चितता के साथ अहंकार आया; अहंकार के साथ अंधापन; अंधेपन के साथ अंधकार; और अंधकार के साथ और अधिक निश्चितता। इसे उन्होंने, दृढ़ विश्वास का उत्क्रम कहा। इन उपदेशों के दौरान वे किसी भी चीज़ के बारे में सुनिश्चित नहीं होने वाले होते थे, यहाँ तक कि सेमीनार पाठ्यक्रम के बारे में भी नहीं, जो, बाकि सब चीज़ों की तरह, परिवर्तनशील था...''

''वे यात्री भी थे, हमराह, किसी विशिष्ट मंजिल तक पहुँचना अभी बाकि था और शायद वे वहाँ कभी नहीं पहुंचते। वे केवल प्रयास कर रहे थे, खोज कर रहे थे। मायावी जटिलता की एक दुनिया में, केवल यही स्पष्ट था: कर्मठता आलस्य से बेहतर थी, उदासीनता से जीवंतता बेहतर थी। जवाबों से अधिक सवाल महत्व रखते थे; जिज्ञासा निश्चितता से बेहतर थी।''

इन दो अनुच्छेदों को पढ़कर मुझे उस टिप्पणी की जटिलता का एहसास हुआ जिसे एक बार एक नौ-वर्षीय बच्चे ने मेरे लिए की थी। कक्षा में पढ़ाई के दौरान की गई बातचीत में उसने कहा था, हमें पता है कि जवाब कैसे देना है, लेकिन हमें प्रश्न पूछना नहीं आता। एलिफ को पढ़ते हुए इस बात का अहसास हुआ कि शायद हम जितना सोचते है कि हम जानते है वास्तव में हम उतना ही कम जानते है और इस बुनियादी सच्चाई को समझना शुरू करने के लिए भी हमें पूरा जीवन लग सकता है। आत्म-जागरूकता की यह किरण उपन्यास के एक अनुच्छेद से आई थी। दार्शनिक ज़ोर-ज़ोर से इस बात को चिल्लाकर कह रहे थे लेकिन उनके शब्दों ने मेरी मन की शक्ति पर असर नहीं डाला। इसके लिए एक किताब लगी।

मार्कस ज़ुसक की किताब *द बुक थीफ,* में मैक्स नामक एक चरित्र को नाज़ियों द्वारा खोजे जाने के डर के कारण घर की गहराईयों में छुपना पड़ा। लीसल, उस घर की बेटी, उसे बाहर से वस्तुएं लाकर देती थी ताकि वह बेहतर महसूस करे:

''आप किसी को आसमान का एक टुकड़ा कैसे देंगे?''

''फरवरी के अंत में, वह म्यूनिख स्ट्रीट पर खड़ी थी और एक विशाल बादल को पहाड़ियों के ऊपर एक सफ़ेद राक्षस की तरह आते देख रही थी। वह पहाड़ों पर चढ़ गया। सूर्य को ढक लिया गया, और उसकी जगह, धुंधले से दिल वाला एक सफ़ेद राक्षस शहर को देख रहा था।''

'क्या आप उसकी तरफ देखेंगे?' उसने पापा से कहा।

''हान्स ने अपना सर उठाया और उसने वह कहा जो उसे स्पष्ट रूप से महसूस हो रहा था। 'तुम्हें इसे मैक्स को दे देना चाहिए लीसल। देखो क्या तुम इसे दूसरी सभी चीज़ों की तरह मेज पर रख सकती हो।'

लीसल ने उन्हें ऐसे देखा जैसे वह पागल हो गए हो। 'कैसे?'

''धीरे से, उन्होंने अपनी उंगली से उसके सर पर मारा। 'इसे याद करो। फिर उसके लिए इसे लिखो।'

जब मैंने मनों के मिलन की संभावना को समझाने हेतु एक उपयुक्त उदाहरण के लिए *द बुक थीफ* उठाई, तो अपने आप किताब का वह पन्ना खुल गया जिसमें यह अनुच्छेद लिखा हुआ था। क्या यह एक इत्तिफाक था कि वह ठीक उन्हीं शब्दों की बात करता है और उनके साथ कल्पनाओं को चित्रित करता है? इस बात का स्मरण कराते हुए कि शब्दों की ताकत क्या चित्रित करती है और दुनिया के महान लेखक हमारे लिए क्या करते है?

एक अन्य किताब जो मैंने हाल ही में पढ़ी वह लेविसन वुड का एक कथेतर साहित्य था जिसका नाम था *वाकिंग द हिमालयाज* (2016)। इसमें लेखक रेशम मार्ग के साथ चलने के अपने अनुभव का वर्णन करते है, अफ़ग़ानिस्तान से शुरू होकर ऊपर भूटान तक लोगों द्वारा वास्तव में उपयोग किये गए सभी रास्तों और मार्गों से होकर, इस प्रक्रिया के तहत पांच देशों को पार करते है, अन्य तीन देशों में पाकिस्तान, भारत और नेपाल शामिल है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जो कई सालों से खबरों में बना हुआ है। हम इस भूदृश्य की कठोरता, आतंकवादी हमलों की निरंतरता, निम्न साक्षरता स्तरों, महिलाओं के दमन से अवगत है। अपने दिमाग में इन सभी ख्यालों के साथ, मैंने पढ़ा कि वुड को अफ़ग़ानिस्तान के वाखन कॉरिडोर और चीन के शिंजांग क्षेत्र की सीमा से लगे उत्तरी पाकिस्तान के गिलगिट-बाल्टिस्तान की हुन्ज़ा वैली के बारे में क्या कहना था। क्षेत्र की अपार सुंदरता के बावजूद भी यह कोई विशेष ठिकाना नहीं है।

वुड लिखते है: ''हुन्ज़ा घाटी जेम्स हिल्टन के 1933 के नावेल लॉस्ट होराइजन का आधार थी, धरती पर शांग्री-ला - स्वर्ग की प्रेरणा - थी। यहाँ पर लोग बुरुशो जनजाति से थे जो, अफ़ग़ानिस्तान की जनजातियों की तरह, सिकंदर महान के सैनिकों के वंशज होने का दावा करना पसंद करते थे। उनकी बोली दुनिया में निराली है, जो पड़ोसी पश्तून, उर्दू और फ़ारसी भाषाओँ से कोई संबंध नहीं रखती और इसने कई सदियों से मानवविज्ञानियों को चकराया हुआ है।''

शेर अली, हुन्ज़ा के एक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, वुड को कहते है: ''हम यहाँ अलग है। हम हुन्ज़ाकुट है - हुन्ज़ा के लोग। सदियों से हमने इस घाटी को आक्रमणकारियों से बचाए रखा - यहाँ तक कि सौ साल पहले तक मुसलमान भी हम तक नहीं पहुँच पाए। उनके स्थान की पृथकता और इस व्याप्त धारणा के बावजूद भी कि क्षेत्र में शिक्षा एक अभिशाप है, शेर अली इस बात को स्पष्ट करते है कि क्यों हुन्ज़ाकुट अलग है: 'ऐसा केवल इसलिए है क्योंकि हम यहाँ इतने उदार है कि हमने उन्नति करना सीख लिया है। क्या आपको पता है पाकिस्तान की साक्षरता दर कितनी है?' और फिर वुड ने उनकी बातों को प्रस्तुत करना ज़ारी रखा: ''यह राष्ट्र पर एक धब्बा है। यदि हम अपनी औरतों को पढ़ने नहीं देंगे तो हम कैसे कभी फर्स्ट वर्ल्ड बन पाएंगे? ... हमारी साक्षरता दर 95 प्रतिशत है। सभी बच्चे स्कूल जाते है और हमने सैकड़ों को विश्वविद्यालय भेजा है। सबसे अच्छे सर्जन और पायलट हुन्ज़ा से आते है।''

मुझे यह नहीं पता था और मैं लेखक को इस विशेष दशा को चित्रित करने के लिए धन्यवाद देती हूँ। यह मुझे आशा देता है क्योंकि यह एक भ्रान्ति को समाप्त करता है और संभावना के लिए एक दरवाजा खोलता है।

स्तंभकार बच्चों की लेखिका और वरिष्ठ पत्रकार हैं।

Rotary

Rotary at a glance

Rotarians : 12,00,031

Clubs : 35,678

Districts : 543

Rotaractors : 2,57,669*

Clubs : 11,203*

Interactors : 5,28,563*

Clubs : 22,981*

RCC members: 2,28,528*

RCC : 9,936*

* As on July 1, 2018

Membership Summary

As on July 2, 2018

RI Zone	RI District	Rotary Clubs	No of Rotarians	Women Rotarians	Rotaract Clubs	Interact Clubs	RCC
5	2981	113	4,553	186	63	228	170
5	2982	68	2,882	127	65	112	46
5	3000	126	4,995	416	296	670	195
4	3011	79	3,414	693	58	110	25
4	3012	85	3,389	650	41	129	56
5	3020	77	3,786	204	117	466	351
4	3030	89	4,653	534	84	304	164
4	3040	96	2,118	215	62	124	138
4	3053	71	2,784	469	19	56	95
4	3054	127	5,841	910	94	319	469
4	3060	98	4,100	482	62	123	137
4	3070	103	2,899	274	68	158	57
4	3080	77	3,241	216	73	216	108
4	3090	76	2,048	56	32	37	122
4	3100*	68	1,647	81	11	72	146
6	3110	113	3,893	316	51	49	104
6	3120	74	3,169	381	38	61	52
4	3131	129	5,121	1,054	114	284	90
4	3132	97	3,655	353	66	211	149
4	3141	90	5,152	1,102	120	254	83
4	3142	89	3,135	514	72	195	65
5	3150	98	3,485	328	93	229	109
5	3160	71	2,436	122	27	48	81
5	3170	124	5,353	387	61	310	161
5	3181	73	3,015	235	35	181	105
5	3182	83	3,150	232	36	274	94
5	3190	128	4,758	564	155	359	51
5	3201	141	5,224	327	104	132	49
5	3202	129	4,800	232	105	436	46
5	3211	139	4,420	267	14	89	124
5	3212	99	3,967	347	114	280	142
5	3231	72	2,902	156	56	203	239
5	3232	107	4,297	632	150	320	80
6	3240	87	2,910	329	65	151	154
6	3250	97	3,717	631	51	209	183
6	3261	68	2,525	321	16	102	42
6	3262	90	3,283	391	47	73	75
6	3291	145	3,665	672	82	132	594
India Total		**3,696**	**1,40,382**	**15,406**	**2,817**	**7,706**	**5,151**
5	3220	65	1,799	231	85	200	76
6	3271	77	1,351	233	54	16	13
6	3272	161	2,847	403	46	37	38
6	3281	204	5,494	797	237	92	187
6	3282	141	3,984	433	133	48	41
6	3292	117	4,369	632	123	118	108
S Asia Total		**4,461**	**1,60,226**	**18,135**	**3,495**	**8,217**	**5,614**

**Non-districted.*

Source: RI South Asia Office

गत वर्ष 11 मंडल अवार्ड जीतने के उपरांत, रोटरी क्लब तिरुवन्नामलाई पर्लस, मंडल 3231, ने 12 नए महिला सदस्यों को शामिल करते हुए नए रोटरी वर्ष का शुभारंभ किया। केवल महिला सदस्यों वाले इस क्लब ने, एक रंगारंग पार्टी का आयोजन करने के बजाए, उसी दिन चेन्नई में एपहटेम नामक एक अनाथालय में स्टेशनरी किट वितरित किया और अस्वंगासुरणई लिटिल हार्ट होम नामक दूसरे अनाथालय में बर्तन का दान किया।

चेन्नई के दो पंचायत स्कूलों के लिए क्लब के सदस्यों ने ₹50,000 दान में दिया ताकि वे पाइप लाइनों की मरम्मत करवा सके और चहारदीवारी का निर्माण करवा सके।

पीडीजी संपथ कुमार की सहायता से क्लब ने कुछ शारीरिक रूप से विकलांग लोगों को साइकिलें दान में दी और तिरुवन्नमलाई के निकट इलांथलीर में 100 पौधे लगाए। ■

महिलाओं के एक क्लब ने वर्ष की शुरुआत परियोजनाओं के साथ की

टीम रोटरी न्यूज़

एक लाभार्थी को साइकिल का दान।

रोटरी - CSR निधि स्कूल के जीर्णोद्धार के लिए

टीम रोटरी न्यूज़

PDG ब्रोजो कुडूं, पुनःनिर्मित स्कूल के उद्घाटन पर।

एक जीर्ण-शीर्ण भवन, रिसता हुआ शौचालय और अस्वच्छ माहौल, और शिक्षा प्रदान करने के लिए जरूरी उपस्करों और वस्तुओं से विहीन कक्षाएँ - यह टिप्पणी रोटरी क्लब कलकत्ता युविस, मंडल 3291, की एक सर्वेक्षण टीम द्वारा WinS कोलकाता के हुगली मंडल के सेरमपोर गाँव में स्थित गायत्री हिन्दी विद्यालय का दौरा जनवरी 2017 के बाद की गई थी।

ऐसी सूचना मिलते ही क्लब ने अपने अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में स्कूल का जीर्णोद्धार करने के लिए योजना तैयार की। ₹20 लाख का बजट तैयार किया गया और इसके बाद मदद के लिए क्लब ने आदित्य बिड़ला जन सेवा से संपर्क किया जो जयश्री टेक्सटाइल्स का CSR विंग हैं और दोनों ने एकसाथ मिलकर स्कूल के भवन का पेंट करवाया, और छात्रों तथा छात्राओं के लिए नया शौचालय, धोने की सुविधा, वॉटर प्यूरीफायर, तथा कक्षाओं में बेंच और डेस्क और ब्लैकबोर्ड लगवाया तथा अधिक शिक्षकों और कक्षाओं की व्यवस्था की। स्कूल का उद्घाटन करते हुए डीजी ब्रोजो गोपाल कुंडू खुश थे कि "रोटरी-CSR गठबंधन ने बच्चों को अनुकूल माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सहायता की है। मुझे उम्मीद है कि यहाँ कि उन्नत सुविधाएं स्कूल में जाने और बेहतर भविष्य का आनंद लेने के लिए अधिक से अधिक बच्चों को आकर्षित करेगी।" ■

मंडल गति

रोटरी क्लब नागपट्टिनम विंग्स - मंडल 2981

चिलचिलाती गर्मी से लोगों को राहत देने के लिए उन्हें छाछ और जूस प्रदान किया गया। शहर के बीच एक मार्केट क्षेत्र में, End Polio की थीम को प्रदर्शित करता हुआ एक बैनर लगाकर क्लब ने रोटरी की सार्वजनिक छवि को प्रोत्साहित भी किया।

रोटरी क्लब नमक्कल पोल्ट्री टाउन - मंडल 2982

नमक्कल के समीप अलंगनाथम गांव में सरकारी चिकित्सालय में एक विशाल पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। विभिन्न बीमारियों के लिए 70 से अधिक गाय-बैलों की जांच की गई।

रोटरी क्लब सोनीपत मिटाउन - मंडल 3012

₹5.05 लाख की लागत से रोटरी सामुदायिक केंद्र में एक 5 kWp का सौर संयंत्र स्थापित किया गया। इस सुविधा का निधीयन एलेन डीज़ल्स इंडिया द्वारा उसकी CSR पहल के अंतर्गत किया गया। इस संयंत्र का उद्घाटन डीजी सुभाष जैन द्वारा क्लब के सदस्यों की मौजूदगी में किया गया था।

रोटरी क्लब पुडुकोट्टई सिटी - मंडल 3000

क्लब ने पुडुकोट्टई के समीप एक गांव में जरूरतमंद महिलाओं को LPG स्टोव वितरित किए, और एक सरकारी स्कूल को पानी को फिल्टर करने की एक प्रणाली और सैनिटरी नैपकिन भस्मक प्रदान किये। परियोजना की कुल लागत ₹75,000 थी।

विधियाँ

रोटरी क्लब मरुधरा - मंडल 3053

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, राउंड टेबल बीकानेर और 18 अन्य सेवा संगठनों के साथ *महादान* नामक एक रक्त दान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 95 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया जिसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री अर्जुन रमा मेघवाल द्वारा किया गया था।

रोटरी क्लब बड़ौदा सयाजीनगर - मंडल 3060

क्षेत्र में निवास करने वाले बच्चों में पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करने के लिए शहर में एवं एक निकटवर्ती गांव में चार रोटरी वाचनालय स्थापित किए गए। क्लब की इस प्रकार के और वाचनालय स्थापित करने की योजना है और क्लब ने जरूरतमंद बच्चों को ट्यूशन और परामर्श सुविधा प्रदान करने के लिए कुछ अन्य गैर सरकारी संगठनों से हाथ मिलाया है।

रोटरी क्लब जम्मू मिडटाउन - मंडल 3070

क्लब की *स्कूल चले हम* परियोजना के अन्तर्गत, रोटेरियन नगर के सुविधाओं से वंचित इलाकों में जाते है और घरों में काम करने वाली लड़कियों को वापस स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित करते है और उनका दाखिला नजदीकी स्कूलों में करवाने का प्रयास भी करते है। बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जाती है और उनके इलाकों में सफाई और स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जाता है।

रोटरी क्लब चंडीगढ़ सेंट्रल - मंडल 3080

सिविल चिकित्सालय में कैंसर और नेत्र विकारों की जांच हेतु एक शिविर आयोजित किया गया। क्रिकेटर युवराज सिंह के संस्थान YouWeCan फाउंडेशन के डॉक्टरों ने कैंसर की जांच की जबकि मोहाली के जे पी आई अस्पताल से आए नेत्र विशेषज्ञों ने नेत्र शिविर संभाला।

रोटरी क्लब मुरादाबाद सेंट्रल - मंडल 3100

एक WinS शिविर में ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों को साबुन वितरित किए गए जिसमें हाथों की धुलाई और स्वच्छता आदतों को अपनाने की जरूरत पर जागरूकता फैलाई गई।

मंडल गति

रोटरी क्लब ग्रेटर फैज़ाबाद - मंडल 3120

गुरु नानक पुरा में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा को एक फ्रीजर बॉक्स दान किया गया। इसका प्रायोजन डॉक्टर इंद्रनिल बेनर्जी द्वारा उनके पिता डॉक्टर पी बेनर्जी की याद में किया गया था। मंडल का लक्ष्य क्लबों के माध्यम से शव को रखने वाले ऐसे 100 फ्रीजर दान करने का है।

रोटरी क्लब पुणे वेस्टएंड - मंडल 3131

₹18 लाख की लागत से, पुणे के हायर हाई स्कूल में एक संवादात्मक विज्ञान केंद्र का निर्माण किया गया जिसमें 80-100 बच्चे बैठ सकते है। यह सुविधा रोटेरियन आदित्य देवधर के दिमाग की उपज है और इसमें टिकाऊ सामग्रियों से बनी 60 से अधिक परियोजनाएं प्रदर्शित है।

रोटरी क्लब मुलूंद हिल्स - मंडल 3141

मानव सेवा अनाथालय के 150 बच्चों के लिए, रोटरेक्टरों के साथ फनलैंड पैराडाइज़ वाटरपार्क में एक एक-दिवसीय पिकनिक का आयोजन किया गया। उन्हें एक स्वच्छता किट प्रदान की गई और जादू के शो और खेल द्वारा उनका मनोरंजन किया गया।

रोटरी क्लब हीरानंदनी एस्टेट - मंडल 3142

JCP मधुकर पांडे और क्लब अध्यक्ष बलजिंदर सिंह कुमार की मौजूदगी में ठाणे यातायात पुलिस को 300 से अधिक बरसातियां वितरित की गई। पांडे ने बेहतर दुनिया के निर्माण हेतु रोटरी के वैश्विक प्रयासों की सराहना की।

रोटरी क्लब मैंगलोर सेंट्रल - मंडल 3181

मैंगलोर सिटी के रोटारेक्ट क्लब के सहयोग से आयोजित एक विशाल समारोह में मशहूर तुलू अभिनेता देवदास कपिकड़ और नवीन डी पदिल को वंदना पुरस्कार प्रदान किए गए। मेयर भास्कर मोली मुख्य अतिथि थे।

विधियाँ

रोटरी क्लब उदुमलपेट तेजस - मंडल 3202

सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर, पुलिस विभाग के सहयोग से क्लब ने वाहन चालकों के लिए रक्त एवं नेत्र जांच शिविर का प्रबंध किया। इस परियोजना से 200 से अधिक वाहनचालक लाभान्वित हुए।

रोई मंडल 3211

मंडल द्वारा आयोजित किए जाने वाले एक वार्षिक उत्सव, रोटरी इनिशिएटिव फॉर स्पोर्टिंग एक्सीलेंस (RISE), का केरला के सहयोग एवं पर्यटन मंत्री कदाकंपल्ली सुरेन्द्र द्वारा उद्घाटन किया गया। 134 क्लबों ने इसमें हिस्सा लिया और कुल लागत ₹10 लाख आई। क्लबों के मध्य दोस्ती और साख को प्रोत्साहित करने के लिए शतरंज, बैडमिंटन और क्रिकेट जैसे खेल आयोजित किए गए।

रोटरी क्लब मद्रास मिडटाउन - मंडल 3232

एक वैश्विक अनुदान योजना के अंतर्गत श्री रामकृष्ण मठ चेरिटेबल डिस्पेंसरी एंड डायग्नोस्टिक सेंटर को ₹33,000 की लागत से दंत एवं भौतिक चिकित्सा उपकरण दान किए गए। रोटरी क्लब मेलवती, मलेशिया, मंडल 3300, अंतरराष्ट्रीय साझेदार था। IPDG आर श्रीनिवासन, मठ के अध्यक्ष गौतमानंद और प्रधान सचिव डॉ जे राधाकृष्णन की उपस्थिति में एक नए खंड का उद्घाटन किया गया।

रोटरी क्लब गुवाहाटी सिटी - मंडल 3240

शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल के साथ साझेदारी में, एक वृक्षारोपण मुहिम का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों, शिक्षकों और रोटेरियनों द्वारा 60 पौधे रोपे गए। *'My Green World'* शीर्षक पर बच्चों के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।

रोटरी क्लब जबलपुर साउथ - मंडल 3261

पैदल यात्रियों को गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए क्लब द्वारा पानी के बुत स्थापित किये गए। बुत ने रोटरी की सार्वजनिक छवि को और अधिक बढ़ाया।

वी मुत्तुकुमारण द्वारा संकलित
एल गुनाशेकरण द्वारा रुपांकन

किताबों के बारे में... मोटी, पतली और खराब

टीसीए श्रीनिवासा राघवन

कुछ दिन पहले, एक दोस्त जो वैसे तो एक शिष्ट व्यक्ति है, ने घोषित किया कि वह उपन्यास नहीं पढ़ता। उसकी इस टिप्पणी ने मुझे 40 साल पहले हुई एक घटना की याद दिला दी। एक महिला-मित्र जो सोच रही थी कि मैं अपना जीवन बर्बाद कर रहा हूँ ने मुझ पर प्रेम चंद, टैगोर, बंकिमचंद चट्टोपाध्याय, सार्त्र, सिमोन द बोउआर, वर्जिनिया वूल्फ, आदि प्रभावी व्यक्तियों को थोपने का प्रयास किया। मैं उससे यह कहकर भागता रहा कि मुझे सभी उपन्यास नापसंद है और जब मुझे एक उपन्यास पढ़ने के लिए मजबूर किया गया, एक उकतादेने वाली रेल यात्रा पर, तो वे जेम्स हेडली चेस, सिडनी शेल्डन और गुलशन नंदा थे जिन्हें पढ़ना मुझे पसंद आया। चिढ़कर, वह किसी ओर पर ध्यान देने लगी। मैं उस वक्त मौजूद निजी मनोरंजन के एकमात्र साधन - पाठन - की ओर शांतिपूर्वक लौट पाया।

किताबें हर जगह आसानी से उपलब्ध नहीं होती थी और आपको अच्छी किताबों को उसी तरह संभालना पढ़ता था जैसे आप स्कॉच को संभालते है। परन्तु उन दिनों के अभाव ने अब भरपूर आपूर्ति का रास्ता खोल दिया है।

यह सुनने में आज सरल लग सकता है पर उन दिनों ऐसा नहीं था। किताबें हर जगह आसानी से उपलब्ध नहीं होती थी और आपको अच्छी किताबों को उसी तरह संभालना पढ़ता था जैसे आप स्कॉच को संभालते है। परन्तु उन दिनों के अभाव ने अब भरपूर आपूर्ति का रास्ता खोल दिया है। केवल इतना ही नहीं: स्कॉच की बोतल के बड़े होने के साथ ही, कहानियों की किताबें भी बड़ी हो गई है। 250 पन्नो की एक किताब जिसे आप तीन दिन में पढ़ सकते थे अब 800 पन्नों के बृहत् ग्रंथ में बदल चुकी है जिन्हें पकड़ना मुश्किल होता है। काफी चिंतन करने के बाद, मैंने निष्कर्ष निकाला कि ऐसा वर्तमान में की जा रही तरक्की के कारण ही हो रहा है। जितनी बड़ी तरक्की, उतनी मोटी किताब! यह अमेरीकी तरीका है: कीमत की गणना आकार से की जाती है।

मोटी किताबें

केवल प्रमाणों को देखिये। बच्चों की किताबें बमुश्किल कभी 200 पन्नों से ज्यादा की होती थी। ज्यादातर तो इससे भी कम की होती थी। इसके विपरीत, महान सुपर-हिट लेखिका, जे. के. रोलिंग, ने 1997 में प्रकाशित पहली हैरी पॉटर पुस्तक के लिए 350 पन्ने लिखे थे। बाद की किताबें इससे भी मोटी रही। इस बात ने मुझे चकित कर दिया: क्या ट्विटर, फेसबुक इत्यादि के युग में बच्चों की ध्यानावधि बढ़ गई है या वे पढ़ने के आनंद को छोड़कर केवल कहानी के लिए सरसरी नज़र से पन्ने पलटते है?

बड़े लोगों के उपन्यास के लिए, मिस रोलिंग ने एक उपनाम रॉबर्ट गालब्रेथ के तहत अपराध कथाएं लिखना शुरू की और उनकी पहली किताब लगभग 450 पन्नों की थी। यह बात जेफरी आर्चर के बारे में भी सही है। पहले उनकी किताबें लगभग 300 पन्नों की हुआ करती थी। लेकिन अब वह 6 भागों की श्रृंखला लिखते है, जिसमें से हर भाग 400 पन्नों से ज्यादा का है। और यदि आप अपने चारों ओर देखेंगे तो आप पाएंगे कि यही बात अन्य बहुत से अत्यधिक सफल लेखकों के साथ भी है। आप इन भारी-भरकम किताबों को यात्रा के दौरान आराम से लेकर नहीं चल सकते या उन्हें बिस्तर पर नहीं पढ़ सकते, और तो और, उन्हें सप्ताहांत में खत्म नहीं कर सकते। मनोरंजन के लिए, उन्हें शून्य अंक मिलते है।

इसके विपरीत, शायद इसी कारण से, अधिकतर भारतीय लेखक जो बहुत कम या बिना एडवांस लिए भारत में प्रकाशन करते है, काफी कम लिखते है। इससे ना केवल उन्हें पढ़ना और उन्हें लेकर चलना आसान होता है, बल्कि यदि वे ख़राब निकलती है, तो वे आसानी से उन सामान्य कूड़ेदानों में समा जाती है जिनमें उनके मोटे अंग्रेजी समकक्ष नहीं समा सकते। परन्तु भारतीय किताबों की सबसे अच्छी बात उनका अनुवाद होती है, जिनमें से सैकड़ों अब सभी भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। और उनमें ऐसी ही अद्भुत कहानियाँ भी शामिल है। भले ही उनमें से कुछ किताबें उबाऊ हो, फिर भी समग्र रूप से वे प्रदर्शित करती है कि क्यों सांस्कृतिक एकीकरण के लिए अंग्रेजी जरूरी है।

लेकिन, आह, इन किताबों को ढूँढना आसान नहीं होता। किताबों की दुकानें उन्हें प्रदर्शनी में नहीं रखती और अक्सर उनका स्टॉक भी नहीं रखा जाता क्योंकि उन पर मिलने वाला कमीशन शेल्फ में जगह देने की कीमत के लायक नहीं होता। फिर भी, अच्छी खबर यह है कि आप उन सभी को ऑनलाइन प्राप्त कर सकते है, बहुत ही कम कीमत पर। ■

बेलगावी पुलिस के लिए रोटरी द्वारा चिकित्सा शिविर

टीम रोटरी न्यूज़

एक भावपूर्ण अभिव्यक्ति के रूप में, रोटरी क्लब बेलगाम मिड्टाउन, मंडल 3170, ने शहर में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के फेफड़ों की जाँच के लिए एक चेक-अप शिविर आयोजित किया। क्लब के सचिव एस एम नाइक ने कहा कि शिविर का आयोजन ''उन्हें स्वस्थ और खुश रखने, उन्हें बेहतर सेवा करने और उनके परिवार के सदस्यों के चेहरों पर मुस्कान लाने में मदद करने के लिए किया गया था।''

इस जाँच-शिविर से 150 से अधिक ट्रैफिक पुलिसकर्मियों लाभान्वित हुए और उनमें से कुछ ने क्लब के सदस्यों से कहा कि ''ऐसा पहली बार हुआ जब किसी ने हमारे स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए कोई कार्य किया था, यहाँ तक इस संबंध में सरकार ने भी कभी कुछ भी नहीं किया है।''

डॉक्टर एक ट्रैफिक पुलिसकर्मि की जाँच करते हुए।

शहर के पुलिस आयुक्त डी सी राजप्पा और एसीपी लक्ष्मीनारायण ने कार्यक्रम के समन्वय में योगदान दिया जबकि क्लब के अध्यक्ष विलास बदामी और परियोजना के अध्यक्ष डॉ विजय पुजर ने शिविर के सफल सञ्चालन के लिए जरूरी व्यवस्थाएँ की। हालाँकि, यह प्रोफेसर उदयसिंह राजपूत थे, जिन्होंने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के लिए ऐसे चिकित्सा शिविर आयोजित करने के विचार का सूत्रपात किया, जो बेलगावी की प्रदूषित सड़कों पर ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए दिन में आठ घंटे से अधिक समय कार्य करते रहते हैं।

हेम्बर्ग में ब्रेकआउट सेशन के लिए आमंत्रण

हेम्बर्ग सम्मेलन में शामिल होने के लिए संपूर्ण विश्व से लोग आएंगे। क्या आपके पास कोई विचार या परियोजना है जिसे आप अपने रोटरी परिवार के साथ साझा करना चाहते हैं? ब्रेकआउट सेशन उपस्थित लोगों को प्रोत्साहित कर सकता हैं, उन्हें अपने नेतृत्व कौशल को चम काने में मदद कर सकता हैं और उन्हें परियोजनाओं, निधि प्राप्त करने, सदस्यता को मजबूत बनाने और अन्य कार्यों को निष्पादित करने के लिए नवीन विचारों से लैस कर सकता हैं!

रोटरी की विविधता का उत्सव मनाने वाले ब्रेकआउट प्रोग्राम का निर्माण करने में हमारी मदद करें! हम अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, इतालवी, पुर्तगाली या स्पेनिश भाषा में सेशन आयोजित करने की तैयारी कर रहे हैं। इसके बारे में अधिक जानने और अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए *https://on.rotary.org/IC19sessions* पर विजिट करें।

रविवार, 30 सितंबर 2018 तक सभी प्रस्तावों को अवश्य ही ऑनलाइन जमा किया जाना चाहिए।■

2019 HAMBURG

WHERE LUXURY MEETS NATURE

Saj By The Lake

Office : Navkar Plaza, Bajaj Road, Vile Parle (West),
Mumbai - 400056. **Tel.:(022)26203399 / 26202299**
E:enquiry@sajresort.in | www.sajresort.com

Resort : Kalyan Ahmadnagar Road, Malshej Ghat,
National Highway 222, Village - Karanjale,
Taluka - Junner, Pin Code No.412409.

Special Package available for Rotary Members

एक आनंदमय रिक्शा सवारी

रोटरी क्लब फेयरव्यू हाइट्स, इलिनोइस के अध्यक्ष रोटेरियन राल्फ जुके ने सेंट लुइस, मिसौरी से टोरंटो में रोटरी इंटरनेशनल कन्वेंशन तक, 800 मील (लगभग 1,285 किमी) रिक्शा की सवारी खुद चला कर की। 22 दिनों की इस यात्रा ने TRF के पोलियो फंड के लिए 22,000 डॉलर जुटाए। उनका स्वागत रो ई अध्यक्ष इयन राय्सली ने 22 जून को सम्मेलन स्थल के निकट सिमको पार्क में किया।

चित्र: रोटरी इंटरनेशनल

Regn. No. TN/CCN/359/2018-2020 Licensed to post without prepayment No.TN/PMG(CCR)/WPP-421/2018-2020
Registered with Registrar of News Papers for India TNHIN/2001/5271 Rotary Samachar Published on 1st of every month
Total number of pages in this monthly issue, including cover, 84. Price: ₹35

ADVT

Rotary
District 3012

Subhash Jain AKS

District Governor 2018-19

BE THE INSPIRATION

Sansthapan (Installation Ceremony)

1st July 2018, Le Meriden, New Delhi

DG HOME CLUB

AGREEMENT FOR e-LEARNING CLASSES WITH TATA TECHNOLOGY, PUNE

Rtn. Brijesh Mathur & Rtn. Pankaj Jain -AKS Declarant Honored by Gold Pin

START WITH ACTION

1ST JULY 2018, INAUGURATION OF MEDICAL VAN DONATED TO VARDAN HOSPITAL, GHAZIABAD

• RC SAHIBABAD • RC GHAZIABAD GREATER • RC GHAZIABAD INDUSTRIAL TOWN

Project Launch by DG Subhash Jain on 1st July 2018

- 7 Dialysis Machines Partnership with Sharda Hospital, Project Cost 50,000 USD Approx.
- CT Scan Machine to Vardan Hospital Project Cost 1,60,000 USD
- Mobile Mammography Bus Project Cost 90,000 USD Approx. Will Be Donated to Sharda Hospital
- WinS Programme (15 Schools) Project Cost 50,000 USD Approx.
- Eye Cataract 1000 Surgery & Eye Camps Project Cost 50,000 USD Approx.
- 4000 Injections for Cervical Cancer Project Cost 84 Lacs Approx.
- Singer Sewing Machine (10 Vocational Training Centre) 300 Machines